
# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 17 जनवरी 2026





# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 17 जनवरी 2026


**'हरिभूमि' ने कटारा हिल्स, करोंद, कोलार और अयोध्या नगर क्षेत्र से नगर निगम के नलों से लिए थे पानी के सैंपल**



ई-कोलाई मिलने के बाद करोंद के राजीव कॉलोनी में निगम ने सैंपल लिए



कोलार सर्वधर्म डी सेक्टर का सैंपल

## 'हरिभूमि' ने श्यामला हिल्स स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की राज्य प्रयोगशाला में कराई जांच

# सावधान! कटारा और करोंद में निगम के पानी में है 'जहर'

- **नर्मदा जल और बड़े तालाब के फिल्टर्ड पानी में ई-कोलाई बैक्टीरिया**
- **कटारा के पानी में 1800 और करोंद के पानी में 80 मानक का ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने की पुष्टि**
- **पानी में मिला यह वही बैक्टीरिया है जिसकी वजह से इंदौर के भागीरथपुरा में अब तक 24 जानें जा चुकी हैं**
- **मनुआभान टेकरी और बाग सेवनिया फिल्टर प्लांट से चार लाख आबादी को होती है पानी सप्लाई**

वहीद खान और टीम हरिभूमि ▶▶ भोपाल

शहर के खानूगांव, आदमपुर छावनी और वाजपेयी नगर के ग्राउंड वाटर में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने के बाद कटारा हिल्स और करोंद में भी खतरनाक बैक्टीरिया मिला है। यहां से लिए गए 2 सैंपल फेल हो गए हैं। पानी में मिला यह वही बैक्टीरिया है, जिसकी वजह से इंदौर के भागीरथपुरा में अब तक 24 जानें जा चुकी हैं।

कटारा हिल्स में बाग सेवनिया फिल्टर प्लांट से नर्मदा जल और करोंद में मनुआभान टेकरी स्थित फिल्टर प्लांट से बड़े तालाब का पानी सप्लाई किया जाता है। दोनों जगहों पर करीब चार लाख की आबादी इस दूषित पानी को पी रही है। पंद्रह दिन पहले इंदौर में दूषित पानी से मौतों के बाद नगर निगम ने शहर में पानी की सैंपलिंग का काम तेज किया है। नगर निगम अब तक अलग-अलग क्षेत्रों से करीब साढ़े 4 हजार से अधिक सैंपलिंग करा चुका है। इसी दौरान सात जनवरी को 'हरिभूमि' की टीम ने शहर के चार क्षेत्रों से नगर निगम द्वारा सप्लाई किए जाने वाले पानी की सैंपलिंग कराई थी, जिसे नगर निगम के नल कनेक्शन से डायरेक्ट लिया गया है।

सैंपल्स की श्यामला हिल्स स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की राज्य प्रयोगशाला में जांच कराई गई।

12 जनवरी को मिली रिपोर्ट के आधार पर कटारा के पानी में 1800 और करोंद के पानी में 80 मानक का ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने की पुष्टि हुई है। 'हरिभूमि' के पास इन जगहों की सैंपल ▶▶ शेष पेज 4 पर



चारों जगहों के पानी के सैंपल लैब में भेजे गए




## पीएचई के टेक्निकल मैनेजर बोले- पानी पीने लायक नहीं

*लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला में पदस्थ टेक्निकल मैनेजर प्रदीप मालवीय ने बताया कि सैंपल की जांच रिपोर्ट में कटारा हिल्स और करोंद के पते वाले टेप वाटर में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने से यहां का पानी पीने लायक नहीं है। इससे स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता है।*

### निगम कमिश्नर- संभव है कि सैंपल लेने के दौरान हाथ गंदे हों

शहर के कोलार, अयोध्या, कटारा और करोंद से पानी की सैंपलिंग कराने को लेकर जब निगम कमिश्नर संस्कृति जैन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हो सकता है नल के पानी का सैंपल लेने के दौरान हाथ गंदे हों। निगम के प्रशिक्षित अमले से सैंपलिंग करा ली जाएगी। हरिभूमि की टीम ने पहला सैंपल एमआईजी-16 गौरीशंकर परिसर बीडीए कॉलोनी कटारा हिल्स, दूसरा मकान नंबर-61 बी सेक्टर राजीव कॉलोनी करोंद, तीसरा डी-97 सर्वधर्म कॉलोनी कोलार रोड और चौथा सैंपल एमआईजी-50 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अयोध्या बाइपास से लिया गया।

## खुद निगम ने साढ़े 4 हजार जगहों से कराई सैंपलिंग

*निगम ने अब तक साढ़े चार हजार से अधिक जगहों से पानी की सैंपलिंग कराई है। जिसमें वाजपेयी नगर, खानूगांव और आदमपुर में पानी दूषित मिला है। अमले ने अब तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 1384 और शहर में चार हजार से अधिक पानी के सैंपल लेकर 8 लेबोरेटरी में जांच कराई है। शहर में रोजाना 450 मिलियन लीटर पीने का पानी सप्लाई होता है। शहर में अभी पानी सप्लाई 85 प्रतिशत इलाकों में होती है। यह सभी वैध कॉलोनियां हैं। नगर निगम अवैध कॉलोनियों में पानी की सप्लाई नहीं करता है। अभी 2.71 लाख कनेक्शन हैं।*



गौरीशंकर कटारा की रिपोर्ट



राजीव कॉलोनी की रिपोर्ट

---

## खबर संक्षेप

### चांदी 2.82 लाख किलो के ऑल टाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** चांदी के दाम में शुक्रवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड



ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार चांदी की कीमत 4,378 रुपए बढ़कर 2,81,890 रुपए प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इससे पहले 14 जनवरी को चांदी की कीमत 2,77,512 रुपए थी। 4 दिन में चांदी 40 हजारमहंगी हो चुकी है।

### जस्टिस वर्मा को शीर्ष कोर्ट से झटका, याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैश कांड में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा



है। जस्टिस दीपांकर दत्त और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने लोकसभा स्पीकर द्वारा गठित कमेटी के खिलाफ दाखिल की गई वर्मा की उस याचिका खारिज कर दी। जिसमें चुनौती दी थी। ▶▶ पढ़ें पेज 06 भी

### हर की पैड़ी पर गैर हिंदुओं की एंट्री बैन

**हरिद्वार।** हर की पैड़ी हरिद्वार में गंगा सभा की ओर से जगह-जगह बोर्ड लगाए गए हैं, जिन पर लिखा



गया है कि यहां पर गैर हिंदुओं का आना वर्जित है। गंगा सभा हर की पैड़ी हरिद्वार के अध्यक्ष पंडित नितिन गौतम ने कहा कि 1916 में अंग्रेज सरकार के समय नगर पालिका के तहत म्युनिसिपल एक्ट बनाया था, जिसमें यहां पाबंदी लगाई गई थी। ▶▶ पढ़ें पेज 06 भी

---

**महाराष्ट्र नगर पालिका निगम चुनाव के नतीजे**

*भाजपा महायुति की प्रचंड जीत, 29 नगर पालिका में से 25 पर लहराया केसरिया*

*वोटर बोला -जय जय महाराष्ट्र माझा.... महाराष्ट्र में 'मराठी मानुष' का नैरेटिव ध्वस्त...ठाकरे ब्रदर्स पस्त...चाचा-भतीजे भी पस्त*

# 'चप्पा-चप्पा' भाजपा चले



### महायुति जीती कैसे?

1. **विकास का मुद्दा:** भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार में मुख्य रूप से विकास और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया। पार्टी ने कोस्टल रोड, मेट्रो और अन्य विकास कार्यों को अपनी उपलब्धि के रूप में पेश किया। भाजपा ने मतदाताओं को यह समझाने पर जोर दिया कि उन्होंने मुंबई के लिए क्या-क्या काम किए हैं।
2. **महायुति गठबंधन:** देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे के एक साथ आने से उनकी ताकत बढ़ गई। दूसरी तरफ शिवसेना, जो अपने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ठाकरे बंधु हारे कैसे?

1. **पार्टी में विभाजन और कमजोर नींव:** शिवसेना के दो फाड़ होने के बाद उद्धव ठाकरे की पार्टी की नींव हिल गई थी। उनके कई विधायक और नगर सेवक उन्हें छोड़कर एकनाथ शिंदे के साथ चले गए, जिससे पार्टी का संगठनात्मक ढांचा कमजोर हुआ।
2. **पुराने मुद्दों पर अत्यधिक निर्भरता:** उद्धव ठाकरे ने मराठी मानुष और मुंबई को तोड़ने की साजिश जैसे पारंपरिक मुद्दों को आगे बढ़ाया। इससे मुंबई की जनता ने महसूस किया कि केवल राजनीतिक फायदे ▶▶ शेष पेज 4 पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब यह लगभग तय हो गया है कि पूरे देश में भाजपा का करंट है। हाल में केरल जैसे राज्य में तिरुवनंतपुरम में भाजपा का मेयर बना। और, अब महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट) की महायुति ने इंडी गठबंधन यानी उद्धव-राज ठाकरे व शरद पवार-अजित पवार की पार्टियों को धूल चटा दी। करीब 25 साल बाद बृहन्मुंबई महानगरपालिका, जिसे बीएमसी के तौर पर भी जाना जाता है से ठाकरे परिवार मुंबई महानगरपालिका पर शासन से ही बाहर हो जाएगा। जो नतीजे हैं, उसके मुताबिक 29 नगर पालिका में से 25 में भाजपा ने जीत हासिल की है। वहीं, पुणे में पवार परिवार को तगड़ा झटका लगा है। बीएमसी के चुनाव तय समय से करीब चार साल के अंतराल के बाद कराए गए हैं। माना जा रहा है कि चुनाव से पहले उद्धव व राज का मिलना भी बेकार गया। वजह साफ है कि दोनों ने महाराष्ट्र में मराठी मानुष का नैरेटिव गढ़ने की कोशिश की थी। पर यह वोटरों ने ध्वस्त कर दिया। दोनों ने पर प्रांत व उत्तर भारतीयों के प्रति जो घृणा की राजनीति की, जो नकारात्मक राजनीति की, उसका भाजपा ने विकास की राजनीति से अंत कर दिया। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने साफ कह ▶▶ शेष पेज 4 पर

***पहाड़ से सागर तक, भारत का कोई भी हिस्सा हो, जनता हर जगह कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन को नकार रही है***



- ***करीब 25 साल बाद बृहन्मुंबई महानगरपालिका, जिसे बीएमसी के तौर पर भी जाना जाता है से ठाकरे परिवार शासन से ही बाहर***
- ***बृहन्मुंबई नगर निगम दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे अमीर नगर निगम भी है। इसका बजट कई राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के कुल बजट से ज्यादा***

### महायुति की बढ़त पर फडणवीस ने दी बधाई

महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनावों में भाजपा–शिवसेना महायुति बढ़त बनाए हुए हैं। इस मौके पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण को फोन कर बधाई दी। इसके अलावा, मुंबई महानगरपालिका चुनावों में भी महायुति की बढ़त पर सीएम फडणवीस ने मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमीत साटम से बात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। ▶▶ पढ़ें पेज 06 भी

**भाजपा ने दी नसीहत**

### राहुल जी अपना आईना साफ मत करिए

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बीएमसी चुनाव में भाजपा की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि महाराष्ट्र की भाषा में कहते हैं जय-जय महाराष्ट्र माझा। आज महाराष्ट्र की जनता ने हमें जो समर्थन दिया है, इसके लिए विनम्रता से आभार। ये छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि है। जैसे शिवाजी की चतुरंगिणी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**राहुल गांधी बोले**

### जनता को भ्रमित कर रहा आयोग, वोट चोरी देशविरोधी

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जनता को गुमराह कर रहा है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट में कुछ अखबारों का स्क्रीनशॉट साझा किया। इसमें गुरुवार को नगर निगम चुनाव के मतदान के ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

**नई दिल्ली की जगह सफदरजंग स्टेशन पहुंचेगी**

## इंदौर-दिल्ली सुपरफास्ट का रूट बदला, अब हिसार तक जाएगी

***इंदौर के यात्रियों को करना होगा दिक्कत का सामना***



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंदौर से राजधानी दिल्ली के बीच सफर करने वाले यात्री ध्यान दें। रेल मंत्रालय ने दोनों शहरों के बीच चलने वाली इंदौर-दिल्ली (त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस 20957/58) के रूट विस्तार को मंजूरी दे दी है। अब यह ट्रेन इंदौर से रोहतक-महम के रास्ते हिसार तक चलाई जाएगी। इस विस्तार से न केवल हिसार बल्कि रोहतक और महम के आसपास के लोगों के लिए भी इंदौर आना-जाना आसान होगा। क्योंकि इन शहरों से इंदौर के लिए कोई भी सीधी ट्रेन नहीं है। इस बदलाव ▶▶ शेष पेज 4 पर

**आम बजट की हलवा सेरेमनी अगले सप्ताह**

## नॉर्थ ब्लाक स्थित प्रेस में ही छपेगा बजट कर्मचारी 15 दिन रहेंगे बिल्कुल क्वारेंटाइन

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय का पता भले ही बदल गया हो, लेकिन अत्यधिक गोपनीय बजट दस्तावेजों



- प्रिंटिंग प्रेस में एक लैंडलाइन फोन, जिसमें सिर्फ इनकमिंग की सुविधा

की छपाई पुरानी पते यानी नॉर्थ ब्लाक स्थित प्रेस में ही जारी रहेगी। वित्त मंत्री और उनकी अधिकांश टीम सितंबर 2025 में कर्तव्य भवन में स्थित आधुनिक केंद्रीय सचिवालय कार्यालय में स्थानांतरित हो गई। दरअसल, नए पते पर अभी तक कोई ऐसा प्रिंटिंग प्रेस नहीं है, जो सार्वजनिक नजरों से दूर ▶▶ शेष पेज 4 पर

***क्यों की जाती है हलवा सेरेमनी?***

*भारतीय परंपरा में किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत से पहले मुंह मीठा कराने का चलन है। बजट बनाने की शुरुआत भी हलवा सेरेमनी की जाती है। इस अवसर पर वित्त मंत्री स्वयं प्रिंटिंग प्रेस से जुड़े* ▶▶ शेष पेज 4 पर

## आईपीएस सर्विस मीट 2026 के शुभारंभ पर बोले सीएम



### नक्सलियों का सफाया करना असंभव को संभव करने जैसा

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश से नक्सलियों का पूरी तरह सफाया करना असंभव को संभव करने जैसा था। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया है। सीएम ने प्रदेश से नक्सल उन्मूलन के लिए पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि पुलिस की ड्यूटी में कई तरह की चुनौतियां होती हैं, लेकिन पुलिस बल हर समय अपने कर्तव्य पर उत्साह*

▶▶ शेष पेज 4 पर

▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

---

**ओंकारेश्वर में 25 जनवरी को नर्मदा जयंती का आयोजन**

## भीड़ नियंत्रण के लिए इंदौर हाइवे पर प्रतिबंधित रहेंगे भारी वाहन

***इंदौर- एदलाबाद मार्ग पर रहेगी रोक, वैकल्पिक मार्ग का करना होगा उपयोग***



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

ओंकारेश्वर में नर्मदा जयंती 25 जनवरी को मनेगी। इस दौरान ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग दर्शन के साथ-साथ नर्मदा नदी में स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना रहती है। जिले का खंडवा-इंदौर मार्ग अत्यन्त व्यस्ततम सड़क मार्ग है, जिस पर भारी और हल्के वाहन का आवागमन निरंतर रूप से चलता रहता है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने श्रद्धालुओं के निर्बाध परिवहन, सार्वजनिक सुरक्षा और जनसामान्य की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 19 से 25 जनवरी तक खंडवा-इंदौर ▶▶ शेष पेज 4 पर

## रतलाम में ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़...दबिश के दौरान पुलिस टीम पर हमला

**आरोपी दिलावर खान पठान सांसद चंद्रशेखर का करीबी**

# 10 किलो एमडी ड्रग्स जब्त, अंतराष्ट्रीय स्तर पर कीमत 200 करोड़, बंदूक, 2 मोर,चंदन की लकड़ियां मिलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

जिले के जावरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिकलाना में पुलिस ने एमडी ड्रग बनाने की एक अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात करीब एक बजे पुलिस ने मस्जिद के पीछे स्थित एक मकान पर दबिश देकर यह कार्रवाई की। उक्त मकान दिलावर खान पठान का बताया जा रहा है जहां बीते लगभग एक वर्ष से अवैध गतिविधियां संचालित होने की जानकारी सामने आई है। दिलावर खान विधानसभा का चुनाव लड़ चुका है और सांसद चंद्रशेखर का करीबी बताया जाता है। कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। रात में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पुलिस ने मौके से 10 से ज्यादा आरोपियों को हिरासत में लिया



दिलावर पठान



मौके पर भारी पुलिस बल

### आरोपियों से गहन पूछताछ जारी

पुलिस ने मौके से 10 से अधिक आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनसे गहन पूछताछ की जा रही है। सभी आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच आगे बढ़ने पर इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

### इंदौर में इवेंट की आड़ में ड्रग्स सप्लाई का कारोबार

*इंदौर। कनाड़िया पुलिस ने ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो हाईप्रोफाइल पार्टियों में एमडी ड्रग्स की सप्लाई कर रहा था। गिरोह का संचालक इवेंट कंपनी संचालित करता है और पब, रेस्त्रां, बार और फार्म हउस में होने वाली पार्टियों में लड़कियों के माध्यम से ड्रग्स की सप्लाई करता था। पुलिस ने कोहेफिजा कालोनी (भोपाल) निवासी आबान शकील को 5 ग्राम एमडी के साथ गिरफ्तार किया था। लग्जरी* ▶▶ शेष पेज 4 पर

भोपाल

शनिवार, 17 जनवरी 2026

माघ मास कृष्ण पक्ष-14

वर्ष : 12, अंक : 288

पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 **

मौसम

अधि. 25

न्यून. 11

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





15 निर्णायक मुकाबले में कुलदीप की फिरकी ...

विचार पेज

08 विनाशक युद्ध की आहट ...







## माखन नगर (बाबई) से सवा करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपए अंतरित

# सीएम ने कहा-सरकार बहनों को प्रशिक्षित कर रोजगार से भी जोड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को लाड़ली बहनों के खाते में 1836 करोड़ की जनवरी महीने की राशि अंतरित की। जनवरी 2026 तक में बहनों के खातों में 50 हजार करोड़ की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से प्रदेश की 29 लाख पात्र हितग्राही बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 90 करोड़ से अधिक अनुदान राशि ट्रांसफर की। उन्होंने कहा कि सवा करोड़ से अधिक बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की 32वीं किस्त का अंतरण किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव माखन नगर (बाबई) में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ▶▶ शेष पेज 4 पर

- **29 लाख बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 90 करोड़ से अधिक राशि भी अंतरित**
- **सोहागपुर विधानसभा के लिए 206 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण**



### लाड़ली बहना बोलीं

### मुख्यमंत्री का हृदय से धन्यवाद

लाड़ली बहना श्रीमती राखी दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री का हृदय से धन्यवाद करती हूं। लाड़ली बहना योजना के तहत हम महिलाओं को 1500 रुपए की सहायता राशि मिल रही है। इस राशि से हम अपनी दैनिक आवश्यकताओं की उपयोगी सामग्री खरीद पा रहे हैं, जिससे हमारा जीवन आसान हुआ है। सुमन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से लाड़ली बहनों को दी जा रही ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बाबई-मोहासा औद्योगिक क्षेत्र की 1000 एकड़ भूमि का आवंटन किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबई-मोहासा औद्योगिक क्षेत्र की 1000 एकड़ भूमि का आवंटन किया जा चुका है। उद्योगों के लिए अब 400 एकड़ भूमि आवंटन पर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदापुरम का मलबरी रेशम प्रसिद्ध है। यहां धागा निर्माण में उद्योग शुरू कर 50 दीदियां लखपति बनी हैं। राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' घोषित किया है। इस वर्ष कृषि को रोजगार और उद्योग से जोड़ा जाएगा। बहनों को प्रशिक्षण देकर स्व-सहायता समूह से जोड़ेंगे। किसानों को गेहूं, धान और दालों का उचित मूल्य दिलवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने 42 हजार हेक्टेयर की बागरा-साखा होज सिंचाई परियोजना शुरू होगी। 122 करोड़ की लागत से तवा नदी पर नया पुल बनेगा। इससे बाबई-सोहागपुर सीधे इटारसी से जुड़ेगा। नर्मदापुरम से बाबई, सोहागपुर, पिपरिया और बनखेड़ी तक सड़क को 4 लेन किया जाएगा।


MSN माता श्री नेत्रालय
1984 से निरंतर सेवा...
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 20 को मिलेगा भाजपा को नया अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** भाजपा को 20 जनवरी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। पार्टी ने इसके लिए



शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी किया। इसके मुताबिक 19 जनवरी को नामांकन भरा जाएगा। 20 जनवरी को नए पार्टी अध्यक्ष का ऐलान होगा। अभी नितिन नबीन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। पार्टी उन्हें ही निर्विरोध अध्यक्ष चुन सकती है। नितिन नबीन 19 जनवरी को नामांकन भरेंगे। नितिन को 14 दिसंबर 2025 को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया था। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था।

### राजाभोज एयरपोर्ट को धमकी का मिला ई-मेल

**भोपाल।** राजाभोज एयरपोर्ट पर अचानक कुछ समय के लिए अलर्ट घोषित कर दिया गया।




आनन-फानन में सीआईएसएफ के जवान वहां पहुंचे और लाउंज में रखे हर बैग की जांच की। उनके साथ पुलिस का डाग स्क्वाड भी पहुंच गया। सुरक्षा बल के खोजी कुत्तों ने पूरे परिसर के साथ सिक्योरटी होल्ड एरिया एवं शापिंग एरिया में जांच की। इसके चलते एयरपोर्ट पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। दरअसल, किसी अज्ञात व्यक्ति ने ई-मेल के माध्यम से नागपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। यही मेल भोपाल एयरपोर्ट को फारवर्ड कर दिया गया। इसके बाद सीआईएसएफ का अमला सतर्क हो गया।

## पंचायतों के 'हनुमान' को बड़ी सौगात : सीएम ने पंचायत सचिवों के सम्मेलन में की घोषणाएं

# मिलेगा 7वां वेतनमान, रिटायरमेंट की उम्र भी 60 से बढ़ाकर 62 की



सीएम डॉ. मोहन यादव

*सीएम ने पंचायत सचिवों की तारीफ करते हुए कहा कि यह रामराज में हनुमान की भूमिका निभाते हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंचायतों में कामों को जमीन पर पहुंचाने वाले पंचायत सचिवों को सातवां वेतनमान दिया जाएगा, उनकी रिटायरमेंट की उम्र भी 60 से बढ़ाकर 62 कर दी गई है। उनकी सेवाओं की शर्तों में बदलाव के लिए समिति का गठन भी किया जाएगा, जिससे पंचायत सचिवों को अधिक से अधिक फायदा मिल सके।

यह घोषणा शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पंचायत सचिवों के सम्मेलन में कही। उन्होंने पंचायत सचिवों की तारीफ करते हुए कहा कि यह रामराज में हनुमान की भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने पंचायत सचिवों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि नौकरी के दौरान पंचायत सचिव की मृत्यु होने पर परिवार को दी जाने वाली ▶▶ शेष पेज 4 पर

**पंचायत सचिवों की सेवा शर्तों के लिए बनेगी समिति**



सीएम को सुनते पंचायतकर्मी

- **अनुकंपा नियुक्ति मिलने पर नहीं ली जाएगी सहायता राशि वापस**
- **कागजों से जमीन पर योजनाओं को पहुंचाने वाले पंचायत सचिवों की तारीफ**

### जिला स्तर पर होगा कैडर का गठन

*मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत सचिवों के लिए जिला स्तर पर कैडर का गठन किया जा रहा है। उन्हें सभी आधुनिक तकनीकी संसाधन दिए जा रहे हैं। पंचायतों को सम्मान, संसाधन और आधुनिक सुविधाएं देने के लिए अटल भवन और सामुदायिक भवनों का निर्माण भी किया जा रहा है।*

### सचिवों की नौकरी नहीं जनसेवा का अवसर

पंचायत मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि पंचायत सचिवों का दायित्व केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा का पवित्र अवसर है। वहीं पंचायत सचिव संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजेश पटेल ने मुख्यमंत्री के निर्णयों को पंचायत सचिवों के सम्मान के लिए अहम कदम बताया।

### कृषि कल्याण वर्ष, पंचायत सचिवों की भूमिका अहम

मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इन योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने में पंचायत सचिवों की भूमिका अहम है। डिजिटल युग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भले ही दुनिया में डरावने हालात दिखते हों, लेकिन गांवों ने कोविड काल से लेकर अब तक हर चुनौती का मजबूती से सामना किया है।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी आज विदिशा में देंगे सौगात

# 4,400 करोड़ की 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

- **3 आधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर परियोजनाओं का भी शिलान्यास होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नितिन गडकरी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि 17 जनवरी का दिन मध्यप्रदेश के लिए सौगात भरा होगा। इस दिन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी विदिशा जिले में आयोजित कार्यक्रम में 4,400 करोड़ रुपए से अधिक लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियाजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 181 किलोमीटर लंबी ये परियोजनाएं मध्य भारत एवं बुंदेलखंड क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी को मजबूती प्रदान करेंगी और प्रदेश के सड़क एवं परिवहन अवसंरचना विकास की दिशा में एक ओर ऐतिहासिक अध्याय जुड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश को मिल रही ये परियोजनाएं क्षेत्रीय विकास, औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार, आवागमन की सुगमता और आर्थिक प्रगति को नई गति प्रदान करेंगी। साथ ही सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और कुशल, प्रशिक्षित चालकों की ▶▶ शेष पेज 4 पर

## जिला पंचायत अध्यक्ष के भाई के यहां छापा

# विदिशा में ठेकेदार रघुवंशी के दफ्तर में आईटी की जांच

- **अपार्टमेंट के अंदर किसी को भी जाने की अनुमति नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



पुलिस बल तैनात

आयकर विभाग ने शुक्रवार को शेरपुरा स्थित समाधान अपार्टमेंट में कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने जिला पंचायत अध्यक्ष के भाई ठेकेदार दिलीप रघुवंशी के कार्यालय पर इनकम टैक्स सर्वे किया। टीम फिलहाल ठेकेदारी से जुड़े वित्तीय दस्तावेजों, बैंक लेन-देन और अन्य रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। कार्रवाई के चलते अपार्टमेंट के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। यह कार्रवाई संपत्ति और टैक्स चोरी से जुड़े मामले में की जा रही है। आयकर विभाग के इस सर्वे को जिले की बड़ी कार्रवाइयों में से एक माना जा रहा है। अधिकारियों की गाड़ियां अपार्टमेंट के बाहर खड़ी हैं और अंदर दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। आयकर विभाग ने अभी तक इस ▶▶ शेष पेज 4 पर

## 5 घंटे की अनुमति मांगी, इजाजत 3 घंटे की

# राहुल गांधी आज आएंगे इंदौर, प्रभावितों और मृतकों के परिजनों से करेंगे मुलाकात

- **निकाय प्रतिनिधियों के साथ बैठक, सभा की नहीं मिली अनुमति**
- **तीन घंटे के प्रवास के दौरान बॉम्बे हास्पिटल भागीरथपुरा जाएंगे**



राहुल गांधी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार 17 जनवरी को इंदौर आएंगे। वे बॉम्बे हास्पिटल और भागीरथपुरा जाकर दूषित पानी से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लेंगे। वे भागीरथपुरा में दूषित पानी से मृतकों के परिजनों से मुलाकात भी करेंगे। प्रशासन की ओर से इंदौर में कांग्रेस नेताओं और नगरीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रस्तावित बैठक को अनुमति नहीं दी गई है, इसलिए बैठक और सभा को रद्द कर दिया गया है। राहुल गांधी दौरे के लिए इंदौर पुलिस से पांच घंटे की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन उन्हें केवल तीन घंटे की अनुमति दी गई है।

### यह है राहुल गांधी का कार्यक्रम

राहुल गांधी के जारी कार्यक्रम के अुनसार वे सुबह 9:30 बजे दिल्ली से विशेष विमान से आएंगे और सुबह 11 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे 11:15 बजे इंदौर एयरपोर्ट से रवाना होकर 11:45 बजे बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचेंगे। वे 12:15 बजे तक अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जानेंगे। इसके बाद दोपहर 12:45 बजे वे भागीरथपुरा पहुंचेंगे। वे करीब एक घंटे भागीरथपुरा बस्ती में रुकेंगे और दूषित पानी से मृत लोगों ▶▶ शेष पेज 4 पर

## प्रसिद्ध क्रिकेटर गौतम गंभीर पहुंचे मां बगलामुखी के दरबार



### भारतीय टीम की जीत के लिए की कामना

*आगर मालवा/नलखेड़ा। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं वर्तमान में भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर शुक्रवार को नगर में स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। न्यूजीलैंड के खिलाफ इंदौर में खेले जाने वाले तीसरे एकदिवसीय मुकाबले से पूर्व उन्होंने मां बगलामुखी के* ▶▶ शेष पेज 4 पर

## हावड़ा से गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच 958 किलोमीटर की दूरी यह ट्रेन सिर्फ 14 घंटे में तय करेगी

यह भारत की सबसे आधुनिक और तेज रफ्तार वाली ट्रेन

# आज से दौड़ेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन 180 किलोमीटर की रफ्तार से चलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मालदा से हरी झंडी दिखाकर देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को रवाना करेंगे। देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन हावड़ा से गुवाहाटी रूट पर चलेगी। यह भारत की सबसे आधुनिक और तेज रफ्तार वाली ट्रेन है। यह ट्रेन विश्वस्तरीय तकनीक से लैस है। खास बात यह है कि इस ट्रेन को स्वदेशी तकनीक की मदद से बनाया गया है। इस ट्रेन का पहले ही सफलतापूर्वक ट्रायल कर लिया गया है।



वंदे भारत स्लीपर कोच

### ट्रेन में कुल 16 कोच

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में कुल 16 कोच लगाए गए हैं। इनमें 11 थर्ड एसी कोच हैं। 4 सेकंड एसी के कोच हैं और 1 फर्स्ट एसी का कोच है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में 823 यात्री सफर कर सकते हैं। कोच के बीच आने जाने के लिए ऑटोमैटिक दरवाजे और वेस्टीब्यूल को लगाया गया है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के स्टोपेज अन्य ट्रेनों की तुलना में कम रखे गए हैं। इससे सफर को जल्दी पूरा किया जा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ट्रेन के टिकट का किराया?

3एसी कोच में 400 किलोमीटर के सफर करने पर यात्रियों को 960 रुपए का किराया देना है। सेकंड एसी कोच के लिए यह किराया 1240 रुपए है।

वहीं फर्स्ट एसी में सफर करने पर आपको इतनी दूरी के लिए 1520 रुपए देने होंगे। 1 हजार किलोमीटर की दूरी का सफर करने पर इस ट्रेन का किराया 2400 से लेकर 3800 रुपए तक हो सकता है। इन सब के अलावा वंदे भारत ट्रेन के सस्पेंशन को काफी अच्छा बनाया गया है। इसके अलावा साफ सफाई को ध्यान में रखते हुए डिसइन्फेक्टेंट तकनीक का इस्तेमाल भी ट्रेन में किया गया है।

10 देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने...



12 फंदा टोल पर ड्यूटी को लेकर विवाद, झूमाझटकी...





बेरहमी की दो खबरें...

## नाबालिग भगा ले गया लड़की तो नग्न कर बाजार में डेढ़ किमी तक घुमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन में लड़की भगाने पर 16 वर्षीय लड़के को न केवल बेरहमी से पीटा गया, बल्कि उसे नंगा कर रस्सी से बांध दिया गया। फिर बाजार में करीब डेढ़ किलोमीटर तक घुमाया गया। घटना 15 जनवरी (गुरुवार) की है। इस अमानवीय कृत्य का वीडियो सामने आने के बाद पंवासा पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

यह पूरी घटना प्रेम प्रसंग से जुड़ी बताई जा रही है। आरोपी पक्ष को शक था कि नाबालिग लड़का उनके परिवार की एक लड़की को भगा ले गया है। इसी बात का बदला लेने के लिए भीड़ ने कानून को अपने हाथ में ले लिया। नाबालिग को पकड़कर पहले एक जगह बंधक बनाया गया और फिर सरेआम उसके कपड़े उतारकर उसे अपमानित किया गया।



बाजार में किशोर को नग्न कर घुमाते युवती के परिजन।

### लोग मूकदर्शक बन मोबाइल से वीडियो बनाते रहे

*वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह नाबालिग को रस्सी से बांधकर सड़क पर घसीटा जा रहा है। इस दौरान सड़क पर सैकड़ों लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी आगे बढ़कर उसे बचाने की कोशिश नहीं की। लोग मूकदर्शक बनकर तमाशा देखते रहे और मोबाइल से वीडियो बनाते रहे।*

अस्पताल लेकर पहुंची नानी, सूचना के बाद दर्ज हुई एफआईआर

## प्रेमी के साथ रहने की जिद में दो बच्चियों की मां ने तीन साल की मासूम बेटी को गर्म प्रेस से जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र में दो बच्ची की मां ने प्रेमी के साथ रहने की जिद में 3 साल की बेटी को गर्म प्रेस से जला दिया। गर्म प्रेस से बच्ची का दाहिने पैर, गर्दन और आंख के पास जलने की चोट है। गर्म प्रेस से जलने के बाद बच्ची दर्द से तड़पती रही, लेकिन मां का दिल नहीं पसीजा। किसी तरह नानी ने दरवाजा खोलकर बच्ची को बाहर निकाला। इसके बाद बच्ची को हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची की मां और प्रेमी पर प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार शाहजहांनाबाद निवासी किरन पासवान (43) वाजपेयी नगर, ईदगाह हिल्स में रहती हैं। किरन ने बताया कि उनकी बेटी काजल पासवान की शादी हिंदू रीति-रिवाज से वर्ष 2019 में कोटा निवासी तेजस पोरवाल से हुई थी। दंपती की दो बेटियां अवि और प्रिया (3 वर्ष) हैं। शादी के बाद दंपती का वैवाहिक जीवन सामान्य चल रहा था। गत वर्ष मई 2025 में काजल गर्मियों की छुट्टियों में दोनों बेटियों को लेकर वाजपेयी नगर आई थी। इस दौरान उसकी पड़ोस में रहने वाले युवक विजय भालसे से बात होने लगी। लंबे समय तक मोबाइल पर बातचीत करने से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। किरन पासवान को यह बात पता चली तो बेटी काजल को समझाया, लेकिन वह मानने के लिए तैयार नहीं थी। स्थिति को देखते हुए किरन ने दामाद को बुलाया और उसके साथ बेटी और बच्चियों को कोटा भेज दिया।



शाहजहांनाबाद थाने का फाइल फोटो।

### लौटकर आ गई मायके

21 सितंबर 2025 को काजल एक बार फिर मायके लौट आई। किरन ने उससे आने का कारण पूछा तो कहने लगी कि पति से विवाद हो गया है कुछ दिन रुककर कोटा चली जाउंगी। कुछ दिन बाद ही काजल पड़ोसी युवक विजय भालसे के साथ तीन साल की बेटी को लेकर चली गई। किरन ने उसकी काजल और बच्ची की गुमशुदगी दर्ज कराई। कुछ समय बाद काजल ने कॉल कर बताया कि विजय उसके साथ मारपीट करता है और कमरे में बंद करके रखता है। इस पर परिजन और उसका पति मौके पर पहुंचे और उसे वहां से लेकर आए। इसके बावजूद काजल दूसरी बार फिर अपनी मर्जी से विजय भालसे के साथ चली गई। इस बार भी अपनी छोटी बेटी प्रिया को साथ ले गई।

### मासूम पर टूटा अत्याचारों का पहाड़

शिकायत में आरोप है कि काजल अपनी बेटी प्रिया को बोझ मानने लगी थी। वह कहती थी कि इस बच्ची की वजह से मेरी जिंदगी बर्बाद हो गई। वह बच्ची को थप्पड़ों से मारती, ठंड के मौसम में बिना कपड़ों के छत पर छोड़ देती और कई बार गला दबाने की कोशिश करती थी। परिजनों के अनुसार काजल फोन पर धमकी देती थी कि यदि बच्ची को नहीं ले जाया गया तो वह उसे मार डालेगी। इसी दौरान उसने बच्ची को गर्म प्रेस से जलाया, जिससे उसके शरीर पर गंभीर जख्म हो गए।

दुकानदारों के अतिक्रमण और बाजार में पार्किंग नहीं होने से कारोबार हो रहा मंद

## चौक बाजार में नाली और फुटपाथ का किराया वसूल रहे दुकानदार, अनाउंसमेंट के बाद होगी सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*पुराने शहर में खरीदारी, सोचते ही मन कांप उठता है। इससे तो नए शहर में सामान कुछ महंगा लेना ही ठीक मालूम पड़ता है। दरअसल, वहां पसरे अतिक्रमण और दुकानदारों द्वारा फुटपाथ और नाली भी छोटे दुकानदारों को किराये से दे दिए हैं, जिससे लोगों के निकलने की जगह भी नहीं बचती। वहीं ठेले और खोमचे वाले भी लोगों से टकराकर निकलते हैं।*

### *अतिक्रमण सख्ती से हटाने की जरूरत, कमिश्नर जैन ने गठित की डेडिकेटेड कमेटी*

पुराने शहर का चौक बाजार और आसपास की मुख्य सड़कों पर दुकानदारों ने नगर निगम की नाली और फुटपाथ को किराये पर दे दिया है। जिसकी वजह से बाजार की सड़कें संकरी हो गई हैं। ऐसे में ग्राहक यहां आने से कतराने लगे हैं।

इधर, चौक बाजार के आसपास पार्किंग की समस्या को भी दूर नहीं किया जा रहा है, जिसकी वजह से चौक सहित आसपास के बाजारों में धंधा मंदा होता जा रहा है। यह बात शुक्रवार को सांसद आलोक शर्मा ने कलेक्टोरेट में रखी गई बैठक में कही। जिस पर नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने कहा कि सोमवार से दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को लेकर अनाउंसमेंट कराया जाएगा, जिसके बाद अतिक्रमण को हटाने में सख्ती बरती जाएगी।

1. सांसद शर्मा ने व्यापारियों, निगम अधिकारियों के साथ कलेक्टोरेट में की बैठक
2. बैठक में निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने भी अपनाया कड़ा रुख
3. सोमवार से तीन दिन होगा अनाउंसमेंट, फिर होगी सख्ती
4. सांसद बोले-अतिक्रमण हटाने के साथ मोबाइल कोर्ट भी साथ चले



बैठक में मौजूद निगम अफसरों और व्यापारियों के साथ सांसद आलोक शर्मा।

*किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुनील पंजाबी ने कहा कि चौक बाजार, सराफा बाजार, लखेरापुरा, इब्राहिमपुरा, आजाद मार्केट, लोहा बाजार, हनुमानगंज सहित पूरे क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए। जिस पर निगम कमिश्नर ने मौके पर ही एक डेडिकेटेड कमेटी गठित कर अतिक्रमण के खिलाफ रेगूलर मुहिम चलाने की बात कही। सांसद ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की मुहिम के दौरान मोबाइल कोर्ट भी साथ चले।*

### शीशमहल को तोड़कर बनाई जाए पार्किंग

*बैठक में सुझाव दिया कि शीशमहल की जगह पर पार्किंग बनाई जाना चाहिए। इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सहमति भी दे दी थी, लेकिन अब ये मामला ठंडे बस्ते में है। इस पर अगली बैठक क्लेक्टर के साथ करने पर सहमति बनी।*

प्लांट तैयार, आज से ट्रायल रन

## सूखे कचरे से बनेगा चारकोल बिजली घरों को मिलेगा ईंधन



चारकोल प्लांट में मशीन का परीक्षण करते निगम अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने के बाद उसे आदमपुर छावनी स्थित लैंडफिल साइट पर लाया जाएगा। जहां तैयार किए गए चारकोल प्लांट में चारकोल बनाकर बिजली घरों को ईंधन मुहैया कराया जाएगा। आदमपुर में 400 टन क्षमता वाले टोरिफाइड चारकोल प्लांट का काम पूरा कर लिया गया है।

शनिवार से इसका ट्रॉयल रन शुरु किया जाएगा। शुक्रवार को नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) के अफसरों के दल ने प्लांट का निरीक्षण किया। इस प्लांट के शुरू होने से शहर में रोजाना निकलने वाले सूखे कचरे का निपटान होगा। एनटीपीसी के अधिकारियों ने इस दौरान दानापानी स्थित कोकोनट प्लांट और अन्ना नगर के टेक्सटाइल रिकवरी प्लांट का भी अवलोकन किया। वहां नारियल के अपशिष्ट और पुराने कपड़ों से बनाए जा रहे उत्पादों को देखा। अफसरों ने बताया कि शहर से निकलने वाले 400 टन सूखे कचरे से टोरिफाईड चारकोल बनाया जाएगा। इस प्लांट के ट्रायल रन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को एनटीपीसी के वरिष्ठ प्रबंधक दोमेन्द्र सिंह, परियोजना प्रभारी सआद अली, सहायक महाप्रबंधक राघवेन्द्र सिंह सहित अन्य सदस्यों ने चारकोल प्लांट का निरीक्षण कर ट्रायल रन की तैयारियों का जायजा लिया।

लिमिट तय होने से भोपाल में बढ़ रही पेंडेंसी

## जन्म-मृत्यु पोर्टल पर लिमिट की तय एक महीने में सौ प्रमाण पत्र डिजिटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार के सीआरएस (सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम) पोर्टल पर पुराने प्रमाण पत्रों को डिजिटल करने की लिमिट परेशानी का सबब बन गई है। पोर्टल पर एक महीने में एक सौ प्रमाण पत्रों को डिजिटल करने की लिमिट तय करने से यहां पेंडेंसी का आंकड़ा बढता जा रहा है।

निगम ने जिला रजिस्ट्रार को पत्र लिखकर बताया है कि सीआरएस पोर्टल पर प्रति माह केवल 100 जन्म प्रमाण पत्रों को ही डिजिटल करने की अनुमति मिल रही है। जिसकी वजह से बड़ी संख्या में आवेदकों के जन्म प्रमाण पत्र डिजिटल नहीं हो रहे हैं। इधर वर्ष 2014 से 2019 के बीच जारी मैनुअल जन्म प्रमाण पत्रों को लेकर समस्या ज्यादा गंभीर है । उस अवधि में पोर्टल पर डिजिटाइजेशन का विकल्प उपलब्ध नहीं था, इसलिए उन वर्षों के प्रमाण पत्र अब तक डिजिटल रिकार्ड में शामिल नहीं हो सके।

### रोजाना आ रहे 30 से 40 आवेदन

वर्तमान में रोजाना 30 से 40 जन्म प्रमाण पत्र डिजिटल करने के लिए आ रहे हैं। ऐसे में आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डिजिटल प्रमाण पत्र के बिना लोगों को शिक्षा, पासपोर्ट, सरकारी योजनाओं और अन्य जरूरी सेवाओं में दिक्कतें आ रही है।

148 स्थानों पर सीवेज चेंबर किए साफ

## *निगम ने 245 सैंपल लिए, 45 लीकेज सुधारे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम अमले ने शुक्रवार को विभिन्न झुग्गी बस्तियों सहित शहर से पानी के 245 स्थानों से सैंपल लिए। निगम द्वारा आठ लेबोरेटरी में पानी की जांच कराई जा रही है। निगम अमले ने 45 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज सुधारे और 148 स्थानों पर सीवेज चेम्बरों की सफाई कराई।

न्यू सेमरा स्थित उच्च स्तरीय पानी की टंकी की सफाई भी कराई। इसके साथ ही निगम अमले ने अब तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 1680 स्थानों सहित शहर में 4445 पानी के सैंपल लेकर जांच कराई है। इस महीने में 612 लीकेज सुधारे व 1704 स्थानों पर सीवेज चेंबरों की सफाई भी कराई।

जिला उपभोक्ता आयोग का फैसला

## बीडीए कब्जा देकर चार माह में कराए रजिस्ट्री वर्ना ब्याज सहित लौटाए जमा की गई राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ आयोग ने माना सेवा में कमी

एयरो सिटी आवासीय योजना से जुड़े एक मामले में राजधानी स्थित जिला उपभोक्ता आयोग ने उपभोक्ता के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। आयोग ने बीडीए को चार माह के भीतर भूखंड का कब्जा देकर रजिस्ट्री कराने के आदेश दिए हैं। साथ ही सेवा में कमी और मानसिक पीड़ा के लिए 30 हजार रुपए मुआवजा और 5 हजार रुपए वाद व्यय देने का निर्देश दिया गया है। यदि बीडीए तय अवधि में कब्जा देने में असफल रहता है, तो उसे 9.07 लाख रुपए की जमा राशि 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटानी होगी।





आयोग का फाइल फोटो

दरअसल, एयरो सिटी आवासीय योजना से जुड़ा यह मामला वर्ष 2013 से चला आ रहा है। योजना के विज्ञापन देखकर एक दिव्यांग युवती के परिजन ने उसके नाम पर आवासीय भूखंड बुक कराया था। 29 जनवरी 2013 को भूखंड का पंजीयन कराया गया और इसके बाद किस्तों में कुल करीब 9.07 लाख रुपए की राशि भोपाल विकास प्राधिकरण को जमा कर दी गई। बीडीए द्वारा भूखंड का आवंटन भी कर दिया गया, लेकिन तय समय-सीमा बीतने के बाद भी न तो योजना का विकास पूरा किया गया और न ही भूखंड का कब्जा या रजिस्ट्री कराई गई। वर्षों तक इंतजार और बार-बार संपर्क के बावजूद स्थिति साफ न होने पर आखिरकार परिजन ने 16 फरवरी 2018 को जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई।

2019 में नगर निगम ने किया था डेंजर घोषित, अब तक मेंटेनेंस न होने से हुए हाल खराब

## नेहरू नगर हाउसिंग के 200 से अधिक आवास जर्जर




हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का जर्जर भवन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेहरू नगर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के 200 से अधिक आवासों को जर्जर और खतरनाक घोषित किए जाने के बावजूद अब तक उनका समुचित रखरखाव या पुनर्निर्माण नहीं किया गया है। वर्ष 2019 में नगर निगम द्वारा इन भवनों को डेंजर घोषित किया गया था, लेकिन बीते छह वर्षों में हाउसिंग बोर्ड की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नतीजतन, यहां रहने वाले सैकड़ों लोग हर दिन जान जोखिम में डालकर रहने को मजबूर हैं।

### *कई जगहों से झड़ा प्लास्टर, कभी भी गिर सकते हैं छज्जे*





*अधिकांश आवासों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। कई जगहों पर प्लास्टर पूरी तरह झड़ चुका है, छज्जे कभी भी गिर सकते हैं और दीवारों में गहरी दरारें आ चुकी हैं। आए दिन छोटे-बड़े हादसे होने का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद हाउसिंग बोर्ड प्रशासन की उदासीनता लोगों की चिंता बढ़ा रही है। रहवासी सुनील वर्मा ने बताया कि वर्ष 2019 से ईडब्लूएस के लगभग सभी आवास जर्जर स्थिति में हैं। हमने कई बार हाउसिंग बोर्ड और संबंधित अधिकारियों को लिखित और मौखिक शिकायतें दीं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।*



भवन की ऊपरी बालकनी से लिया गया चित्र।

### बारिश के मौसम में तो और भी भयावह हाल

*स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं किया गया, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। हाउसिंग बोर्ड के पीआरओ प्रशांत मिश्रा ने बताया कि जर्जर आवासों को चिन्हित कर लिया गया है। ऐसे सभी को भवनों को तोड़कर दोबारा निर्माण किया जाएगा, नए निर्माण में पहले की तुलना में 20%अतिरिक्त जगह लेकर मनाया जाएगा। हालांकि, निर्माण कब शुरू होगा, इस पर कोई स्पष्ट समयसीमा नहीं बताई गई।*



ऐसी जर्जर हो चुकी कॉलोनी में लोग अब भी रह रहे हैं।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार | भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण | लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन




# ₹4,400 करोड़ से अधिक की लागत से कुल 181 किमी लंबी 8 सड़क परियोजनाओं एवं 3 ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर का लोकार्पण एवं शिलान्यास

## लोकार्पण

**रातापानी वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र में अब्दुल्लागंज से इटारसी खंड का 4-लेन चौड़ीकरण**
NH-46, लंबाई -12 किमी. लागत - ₹ 418 करोड़

**CRIF के अंतर्गत देहगांव से बम्होरी मार्ग निर्माण**
लंबाई -27 किमी. लागत - ₹ 60 करोड़

## शिलान्यास

**भोपाल से विदिशा खंड का 4-लेन चौड़ीकरण**
NH-146, लंबाई -42 किमी. लागत - ₹ 1041 करोड़

**विदिशा से ग्यारसपुर खंड का 4-लेन चौड़ीकरण**
NH-146, लंबाई -29 किमी. लागत - ₹ 543 करोड़

**ग्यारसपुर से राहतगढ़ खंड का 4-लेन चौड़ीकरण**
NH-146, लंबाई -36 किमी. लागत - ₹ 903 करोड़

**राहतगढ़ से बेरखेड़ी खंड का 4-लेन चौड़ीकरण**
NH-146, लंबाई -10 किमी. लागत - ₹ 731 करोड़

**विदिशा जिले में 01 (ग्राम बगरोद) तथा सागर जिले में 02 (ग्राम भापेल एवं छापरी) ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर (DTC)**
लागत - ₹ 7.5 करोड़

**सागर वेस्टर्न बाईपास (ग्रीनफील्ड) का 4-लेन सड़क निर्माण**
लंबाई -20 किमी. लागत - ₹ 688 करोड़

**NH-46 के भोपाल-ब्यावरा खंड पर नरसिंहगढ़ जंक्शन, झिरनिया, हिंगोनी एवं बड़ोदिया तालाब जोड़ पर 05 अंडरपास का निर्माण कार्य**
लंबाई -5 किमी. लागत - ₹ 122 करोड़

### परियोजनाओं से होने वाले लाभ

- सुदृढ़ सड़क संपर्क से निवेश, आर्थिक विकास और रोजगार को बढ़ावा
- भोपाल-होशंगाबाद-बैतूल-नागपुर के बीच सुगम, तेज़ और समय-बचत वाला आवागमन
- रातापानी वन क्षेत्र में न्यूनतम व्यवधान के साथ 4-लेन चौड़ीकरण, संरक्षण को मजबूती
- रातापानी अभ्यारण्य एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व तक बेहतर पहुंच से पर्यटन, रोजगार और सड़क सुरक्षा में सुधार
- बेहतर सड़क संपर्क से विदिशा के गेहूं एवं कृषि उत्पादों के व्यापार व निर्यात को प्रोत्साहन
- भोपाल-विदिशा-ग्यारसपुर-बेरखेड़ी के 4-लेन चौड़ीकरण से विदिशा से सागर तथा कानपुर की ओर बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी
- सांची व उदयगिरि तक बेहतर आवागमन से पर्यटन और स्थानीय रोजगार में वृद्धि
- सड़क ज्यामिति सुधार से सुरक्षा सुदृढ़, दुर्घटनाओं में कमी
- सागर वेस्टर्न बाईपास से शहर का ट्रैफिक डायवर्जन, समय-दूरी की बचत और लॉजिस्टिक दक्षता
- 4-लेन चौड़ीकरण से यात्रा समय व दूरी में उल्लेखनीय कमी
- भोपाल-ब्यावरा खंड पर अंडरपास से ब्लैकस्पॉट सुधार और सुरक्षित यात्रा
- बेहतर कनेक्टिविटी से आवश्यक सेवाओं तक तेज़ और सुगम पहुंच सुनिश्चित होगी

**नितिन गडकरी**
केन्द्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग
के द्वारा

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश
की अध्यक्षता में

**शिवराज सिंह चौहान**
कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार
की गरिमामयी उपस्थिति में

### गरिमामयी उपस्थिति

**जगदीश देवड़ा** उप मुख्यमंत्री, म.प्र. शासन | **राजेन्द्र शुक्ल** उप मुख्यमंत्री, म.प्र. शासन | **अजय टम्टा** राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय | **हर्ष मल्होत्रा** राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय | **राकेश सिंह** मंत्री, लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन | **उदय प्रताप सिंह** मंत्री, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा म.प्र शासन | **गोविंद सिंह राजपूत** मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, म.प्र. शासन | **कृष्णा गौर** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमंतु एवं अर्ध-घुमंतु कल्याण, म.प्र. शासन

**रोडमल नागर** सांसद, राजगढ़ | **आलोक शर्मा** सांसद, भोपाल | **डॉ. लता वानखेड़े** सांसद, सागर

### परियोजना क्षेत्र से जुड़े विधायक गण

डॉ. प्रभुराम चौधरी | सुरेंद्र पटवा | प्रदीप लारिया | शैलेन्द्र कुमार जैन | रामेश्वर शर्मा | हरि सिंह रघुवंशी | सुदेश राय | मोहन शर्मा | मुकेश टंडन | देवेंद्र पटेल | वीरेन्द्र सिंह लोधी | उमाकांत शर्मा

**शनिवार, 17 जनवरी 2026 | दोपहर 1:00 बजे | ओल्ड मंडी ग्राउंड, विदिशा (म.प्र.)**

CBC 37107/15/0017/2526

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

FOR LIVE STREAMING : www.facebook.com/nitingadkary | https://twitter.com/nitin_gadkari | www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

सत्यमेव जयते

## ₹3250 करोड़ से अधिक की रेल और सड़क परियोजनाओं से

# पश्चिम बंगाल और असम में एक नए युग का शुभारम्भ













### वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

मालदा टाउन रेलवे स्टेशन से
हावड़ा – गुवाहाटी (कामाख्या)
कामाख्या रेलवे स्टेशन से
गुवाहाटी (कामाख्या) – हावड़ा

### अमृत भारत एक्सप्रेस

न्यू जलपाईगुड़ी – नागरकोविल
न्यू जलपाईगुड़ी – तिरुच्चिराप्पल्लि
अलीपुरद्वार – एसएमवीटी बेंगलुरु
अलीपुरद्वार – मुंबई (पनवेल)

### मेल एक्सप्रेस

बालुरघाट – एसएमवीटी बेंगलुरु
राधिकापुर – एसएमवीटी बेंगलुरु

**का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ**

### 4 लेनिंग

एनएच-27 के धुपगुड़ी – फालाकाटा खण्ड

### नई रेल लाइन

बालुरघाट – हिली के बीच

### लोको शेड का उन्नयन

सिलीगुड़ी में

### मालगाड़ियों की अत्याधुनिक रख-रखाव सुविधा

न्यू जलपाईगुड़ी में

### वंदे भारत ट्रेनों के लिए

जलपाईगुड़ी में रखरखाव सुविधाओं का उन्नयन

**का शिलान्यास**

### रेल लाइन का विद्युतीकरण

न्यू कोचबिहार – बामनहाट
न्यू कोचबिहार – बक्सिरहाट

**का राष्ट्र को समर्पण**

### परियोजनाओं के प्रमुख लाभ

**वंदे भारत स्लीपर ट्रेन:**
- सस्ती और आरामदायक यात्रा
- यात्रा समय में लगभग 2.5 से 3 घंटे की कमी
- 180 किमी/घंटा तक की गति
- डिसइंफेक्टेंट तकनीक से युक्त शौचालय

**अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें:**
- यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी
- सुरक्षित, आरामदायक और भरोसेमंद यात्रा

**मेल एक्सप्रेस ट्रेनें:**
- आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित
- पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा

**रेल लाइनों का विद्युतीकरण:**
- तेज़ और अधिक भरोसेमंद रेल सेवाएं
- बेहतर समयपालन और कम यात्रा समय
- स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल रेल यात्रा

**एनएच-27 सड़क परियोजना:**
- महत्वपूर्ण चिकन नेक कॉरिडोर सहित पूर्वोत्तर राज्यों से कनेक्टिविटी बेहतर होगी
- सिलीगुड़ी और गुवाहाटी के बीच यात्रा में लगभग 1 घंटे की बचत होगी

द्वारा

# नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

शनिवार, 17 जनवरी 2026 | मालदा टाउन स्टेशन | 11:00 बजे

**गरिमामयी उपस्थिति**

**डॉ. सी. वी. आनंद बोस** – राज्यपाल, पश्चिम बंगाल
**लक्ष्मण प्रसाद आचार्य** – राज्यपाल, असम
**ममता बनर्जी** – मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल
**डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा** – मुख्यमंत्री, असम
**नितिन जयराम गडकरी** – केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री
**अश्विनी वैष्णव** – केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
**शान्तनु ठाकुर** – केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री
**डॉ. सुकांत मजूमदार** – केन्द्रीय शिक्षा और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

## भारतीय रेल

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें | www.indianrailways.gov.in | हमें फॉलो करें /RailMinIndia

भाजपा महासचिव चुघ ने विपक्ष को घेरा

# हार का ठीकरा दूसरों के सिर पर फोड़ना बंद करे इंडी गठबंधन

महाराष्ट्र निकाय चुनाव परिणाम पर बोले नेतागण

## महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन के शानदार प्रदर्शन पर यह बात कही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/मुंबई

भाजपा महासचिव तरुण चुघ ने महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन के शानदार प्रदर्शन पर कहा कि भारत की जनता बहुत समझदार है। देश का कोई भी हिस्सा हो, जनता हर जगह कांग्रेस और इंडी गठबंधन को सजा दे रही है। राहुल जी, आईना साफ मत करिए। आईना साफ करने से मुंह पर लगे कालिख के निशान मिट नहीं सकते। आप हार का ठीकरा दूसरों पर फोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि आपके काले कारनामों पर देश और महाराष्ट्र की जनता वोट की चोट से सजा दे रही है।ये विजय यात्रा 26 मई, 2014 से चल रही है। चुघ ने कहा कि आने वाले बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम और पांडिचेरी चुनाव में हर जगह जनता का आशीर्वाद भाजपा को ही मिलेगा।

### पाकिस्तान की धुन पर नाचने वाली पार्टी हारी



तरुण चुघ

चुघ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस देश में विदेशी टूलकिट की तरह काम करती है। पाकिस्तान की धुन पर नाचने वाली पार्टी की हार हुई है। हार का ठीकरा फोड़ने की कांग्रेस की आदत है। मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए नई ऊंचाई को छू रहा है। आज महाराष्ट्र की जनता ने विकसित भारत के संकल्प को आशीर्वाद दिया है। कांग्रेस पर चुघ ने कहा कि पाक सेना की ट्यून पर नागिन डांस करने वाली पार्टियों को जनता जवाब दे रही है।

### लोग काम देखकर दे रहे वोट: पाटिल

महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल ने



कहा कि लोग देख रहे हैं कि हमने क्या किया है? हम सिर्फ चुनावी भाषण पर निर्भर नहीं करते। लोग हमारे पुराने काम देखकर ही हम पर विश्वास कर रहे हैं। हमने कोरोना महामारी के दौरान भी काफी काम किया था।अगर ठाकरे भाई भी साथ आए हैं या कांग्रेस और एनसीपी हाथ मिला लें, ये लोगों के हित में नहीं है। लोग समझते हैं कि ये लोग सिर्फ अपने फायदे के लिए साथ आ रहे हैं।

शिवसेना नेता शाइना का तंज

### ठाकरे भाई अब वर्क फ्रॉम होम करें

शिवसेना नेता शाइना एनसी ने महायुति की महाराष्ट्र नगर निकाय चुनावों में बड़ी जीत का भरोसा जताया है। शाइना ने उद्धव ठाकरे को अपना स्क्रिप्ट राइटर बदलना चाहिए और कोई नया बहाना ढूंढना चाहिए। हार-जीत का फैसला जनता करती है। संदेश यह है कि जो लोग जमीन पर काम करते हैं, उन्हें मौका मिलता है। जो घर से काम करते हैं, उन्हें घर पर ही रहना पड़ता है। ठाकरे भाइयों को वर्क फ्रॉम होम करना चाहिए और घर पर रहना चाहिए।

#### 25 साल से कुछ नहीं किया

महायुति के प्रदर्शन पर शाइना ने कहा कि 25 सालों में उन्होंने कुछ नहीं किया। लेकिन हमारे उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दो चरणों में गड्ढों की समस्या हल की। उन्होंने 26 भ्रष्ट ठेकेदारों को जेल भेजा। पिछली सरकार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी नहीं दे पाई। हमने समय पर 7 प्रदान किए। विकास के मामले में हमने 5000 इलेक्ट्रिक बसें, 435 किमी मेट्रो कनेक्टिविटी और पर्यावरण-अनुकूल पहल की हैं। उन्होंने कहा कि बीएमसी चुनावों के लिए गठबंधन बनाने वाले अवसरवादी हैं।

सांसद मोहन ने राज ठाकरे को घेरा

### चुनाव में छाई 'रसमलाई', राज ठाकरे ने अन्नामलाई को कही थी यह बात

बेंगलुरु सेंट्रल से लोकसभा सांसद पीसी मोहन ने एक्स पर 'रसमलाई' की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, कुछ रसमलाई



मंगवाई। यह ट्वीट राज ठाकरे पर सीधा कटाक्ष था, जिन्होंने पिछले सप्ताह की शुरुआत में भाजपा सांसद के अन्नामलाई के साथ जुबानी जंग शुरू की थी।राज ने अन्नामलाई पर निशाना साधते हुए उन्हें 'रसमलाई' कहकर उनका मजाक उड़ाया। उनके अधिकार पर सवाल उठाए।

राउत ने गड़बड़ी का लगाया आरोप

### हजारों वोटरों के नाम गायब

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने बीएमसी चुनावों को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने



पर गड़बड़ी, ईवीएम में खराबी और आचार संहिता के उल्लंघन का दावा किया। राउत ने कहा कि मुंबई में दिख रहा वोटिंग पैटर्न एक गंभीर मामला है। उन इलाकों में वोटर लिस्ट से हजारों मतदाताओं के नाम गायब थे, जहां शिवसेना (यूबीटी), मनसे और कांग्रेस को मजबूत समर्थन मिलता है।

## खबर संक्षेप

### आग से शायर मंसूर की बेटी की जान गई

**मुरादाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के बारादरी मोहल्ले में बुधवार की देर रात नगर निगम से सेवानिवृत्त



कर्मचारी एवं शायर मंसूर उस्मानी के मकान की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में ब्लोअर हीटर से आग लग गई। कमरे में सो रही उनकी बेटी हुमा उस्मानी की जलकर मौत हो गई। हादसे के समय हुमा कमरे में अकेली थीं। लपटें व धुआं देखकर लोगों ने शोर मचाया तो परिजन जागे।

### मवेशी को बचाने में पति पत्नी समेत 4 की मौत

**चित्तौड़गढ़।** जिले में उदयपुर-चित्तौड़गढ़ सिक्सलेन पर भादसोड़ा थाना क्षेत्र के नरधारी गांव के पास



गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में पति-पत्नी सहित 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। 8 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उदयपुर से चित्तौड़गढ़ जा रही कार नरधारी गांव के पास मवेशी को बचाने में असंतुलित हो गई।

### जुए के खिलाफ कार्रवाई 242 साइट्स ब्लॉक

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए



आज 242 गैर कानूनी वेबसाइट लिंक ब्लॉक कर दिए हैं। यह कदम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए फैल रहे जुए पर लगाम लगाने उठाया गया है। अब तक 7,800 अवैध सट्टेबाजी, जुए से जुड़ी वेबसाइट्स को बंद किया है।

### प्रख्यात समालोचक वीरेंद्र यादव का निधन

**नई दिल्ली।** हिंदी के प्रख्यात समालोचक, लेखक वीरेंद्र यादव का शुक्रवार को हृदय गति रुकने से



निधन हो गया। उनका स्वास्थ्य खराब था। उन्होंने इंदिरा नगर में अपने घर पर अंतिम सांस ली। उनका जन्म 1950 में जौनपुर में हुआ था। वे कथा आलोचना में सक्रिय रहे। वामपंथी बौद्धिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में जुड़े थे।

### खराब मौसम के चलते राष्ट्रपति का दौरा रद्द

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जालंधर दौरा रद्द हो गया है। उनकी फ्लाइट अमृतसर से टेकऑफ नहीं



कर सकी। खराब मौसम के चलते दौरा रद्द करना पड़ा है। उन्हें डॉ. बीआर आंबेडकर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के 21वें कन्वोकेशन में शामिल होना था। इसके पहले जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया था।

## प्रधानमंत्री मोदी ने नेशनल स्टार्टअप-डे पर किया संबोधित

# भारत की स्टार्टअप क्रांति भविष्य का आधार 10 साल में यह एक बड़े स्तंभ के रूप में उभरा

## प्रधानमंत्री ने कहा- इसकी नींव विज्ञान भवन में रखी थी



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत का स्टार्टअप ईकोसिस्टम पिछले एक दशक में एक सीमित विचार से निकलकर राष्ट्र निर्माण के सबसे बड़े स्तंभ के रूप में उभरा है। 'नेशनल स्टार्टअप डे' के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विकास यात्रा को नए और विकसित होते भारत के भविष्य का आधार बताया है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आज के स्टार्टअप फाउंडर्स और इनोवेटर्स का समूह वास्तव में भारत के उज्ज्वल भविष्य की तस्वीर पेश कर रहा है। प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप आंदोलन की विनम्र शुरुआत को याद करते हुए बताया कि लगभग 10 साल पहले, इस कार्यक्रम की नींव विज्ञान भवन में रखी गई थी। उस समय यह पहल बहुत छोटी थी और इसमें भाग लेने वाले नौजवानों की संख्या महज 500 से 700 के बीच थी। पीएम मोदी ने कहा कि आज इस परिदृश्य में आया बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या और उनके विस्तार ने आयोजन स्थल को विज्ञान भवन से भारत मंडपम तक पहुंचा दिया है।

*इनका समूह देश के उज्ज्वल भविष्य को बता रहा*

*शुरुआत में युवाओं की संख्या 500 के करीब थी*



'नेशनल स्टार्टअप डे' के अवसर पर उद्यमियों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी

**स्टार्टअप उत्साहियों के लिए जगह कम पड़ने लगी**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज स्थिति यह है कि भारत मंडपम जैसे विशाल आधुनिक केंद्र में भी स्टार्टअप उत्साहियों के लिए जगह कम पड़ने लगी है। यह बदलाव केवल स्थान का नहीं, बल्कि भारत की नवाचार क्षमता और वैश्विक स्तर पर स्टार्टअप्स की स्वीकार्यता का प्रतीक है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे यंग इनोवेटर्स, जिन्होंने नए सपने देखने का साहस दिखाया, मैं उन सभी की बहुत-बहुत सराहना करता हूं।

### 10 साल पूरे होने का मनाया गया जश्न

आज हम स्टार्टअप इंडिया के 10 साल पूरे होने का माइलस्टोन सेलिब्रेट कर रहे हैं। 10 साल की ये जर्नी सिर्फ एक सरकारी योजना के सफल होने की कहानी नहीं है, ये आप जैसे हजारों-लाखों सपनों की यात्रा है। ये कितने ही सपनों के साकार होने की यात्रा है। आप याद कीजिए, 10 साल पहले हालत क्या थे? इंडिविजुअल एफर्ट और इनोवेशन के लिए गुंजाइश ही नहीं थी। हमने उन परिस्थितियों को चैलेंज किया, हमने स्टार्टअप इंडिया लॉन्च किया और हमने युवाओं को खुला आसमान दिया और आज नतीजा हमारे सामने है।

### ... तब इसे आर्थिक 'विनाश' के रूप में देखा जाता था

प्रधानमंत्री ने 10 साल पहले की एक घटना का उदाहरण साझा किया, जिसमें एक युवती ने कॉरपोरेट जगत की सुरक्षित नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू करने का फैसला लिया था। जब वह अपनी मां को यह जानकारी देने कोलकाता गई, तो उसकी मां की प्रतिक्रिया थी, सर्वनाश... तुम बर्बादी की राह पर क्यों जा रही हो!

### आज देश की मुख्य धारा बन गया

आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। पीएम ने बताया जिस स्टार्टअप को कभी 'बर्बादी की राह' माना जाता था, आज वही देश के विकास की मुख्यधारा है। इसकी सफलता ने कई अवसर पैदा किए। 'नौकरी चाहने वाले' से 'नौकरी देने वाले' की संस्कृति विकसित की है।

### सरकार नए भारत का भविष्य देख रही

प्रधानमंत्री मोदी ने वर्तमान स्टार्टअप इकोसिस्टम को 'विकसित भारत' के लक्ष्य से जोड़ते हुए कहा कि वह स्टार्टअप फाउंडर्स और इनोवेटर्स के इस समूह में नए भारत का उदय देख रहे हैं। उनका मानना है कि नेशनल स्टार्टअप डे केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि यह उन लोगों का उत्सव है जो अपनी नई सोच से भारत की तस्वीर बदल रहे हैं। भारत की स्टार्टअप यात्रा विज्ञान भवन के सीमित दायरे से शुरू होकर भारत मंडपम की वैश्विक भव्यता तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री के संबोधन साफ है कि सरकार इस क्षेत्र को नए भारत के भविष्य के रूप में देख रही है।

## मंत्री गोयल ने उद्यमियों को बताया

# देश में 2 लाख स्टार्टअप रजिस्टर्ड 21 लाख से ज्यादा रोजगार दिए



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में शुक्रवार को 'स्टार्टअप इंडिया' पहल को 10 साल पूरे हो चुके हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देश के प्रमुख स्टार्टअप उद्यमियों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आज भारत में करीब 2 लाख स्टार्टअप रजिस्टर्ड हैं। इन स्टार्टअप्स के जरिए अब तक 21 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है। स्टार्टअप इकोसिस्टम लगातार मजबूत हो रहा है और देश की आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा है। भारतीय स्टार्टअप 50 से ज्यादा काम कर रहे हैं। इनमें टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर, एग्रीटेक, ड्रोन टेक्नोलॉजी और डीप टेक जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

**स्टार्टअप इकोसिस्टम मजबूत बना**

### कर्नाटक-तमिलनाडु ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग केंद्र बन रहे

गोयल ने बताया कि देश के कुल स्टार्टअप्स में से करीब 50 प्रतिशत स्टार्टअप टियर-2 और टियर-3 शहरों से आ रहे हैं, जो इस बात का सबूत है कि उद्यमिता अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रही। उन्होंने कहा कि कर्नाटक और तमिलनाडु अब ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग के बड़े केंद्र बनकर उभर रहे हैं। गोयल ने कहा कि दुनिया के 100 से ज्यादा देश भारत के साथ स्टार्टअप सेक्टर में साझेदारी करना चाहते हैं। सरकार इस दिशा में योजना बना रही है कि इन देशों के साथ सहयोग को कैसे आगे बढ़ाया जाए, ताकि भारतीय स्टार्टअप्स को वैश्विक स्तर पर और ज्यादा अवसर मिल सकें।

### उद्यमिता और आर्थिक प्रगति को मजबूती मिली

मंत्री गोयल ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि 'स्टार्टअप इंडिया' क्रांति को एक दशक पूरा हो गया है। यह एक साहसिक कदम था, जिसने भारत को बड़ा सोचने और उससे भी बड़ा करने की ताकत दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की इस दूरदर्शी पहल की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण देश में डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त 2 लाख से अधिक स्टार्टअप्स और उनके द्वारा पैदा किए गए 21 लाख से ज्यादा रोजगार हैं। गोयल ने कहा कि इस सफलता को यह तथ्य और खास बनाता है कि इससे टियर-2 और टियर-3 शहरों में उद्यमिता की भावना को नई ऊर्जा मिली है और युवाओं व महिलाओं को सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों की यह यात्रा निरंतरता, समावेशिता और विकास को दर्शाती है, साथ ही भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के उज्ज्वल भविष्य का भरोसा भी देती है।

राहुल और विजय के बीच आज बैठक

## एक्टर विजय के साथ कांग्रेस के गठबंधन पर आज होगा फैसला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अप्रैल–मई में होने वाले 5 विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस आलाकमान ने बैठकों का सिलसिला शुरू कर दिया है। शनिवार शाम राहुल गांधी और खरगे तमिलनाडु कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ अहम बैठक करेंगे। उम्मीद है कि तमिलनाडु को लेकर कांग्रेस की भावी रणनीति को लेकर जारी सस्पेंस खत्म हो सकता है।



तमिलनाडु में करीब दो दशक से कांग्रेस का डीएमके के साथ गठबंधन है, लेकिन अब प्रदेश कांग्रेस में कुछ नेता अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके के साथ गठबंधन करने की पैरवी कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के बदायूं में बवाल

## लोगों की अर्जी पर रोकी प्रभात फेरी, लाठीचार्ज में कई घायल

एजेंसी ⏭ बदायूं

उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्योर कासिमाबाद में शुक्रवार की भोर माघ माह में निकाली जा रही प्रभात फेरी को पुलिस ने विवादित रास्ता बताते हुए रोक दिया। जबकि यह प्रभात फेरी पिछले 50 वर्षों से इसी रास्ते से निकलते आ रही है। बात इतनी बढ़ गई कि हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।



आरोप है कि लाठीचार्ज में कई ग्रामीण घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। कल दूसरे समुदाय के लोगों ने प्रभात फेरी को रोकने का प्रयास किया था।


जस्टिस यशवंत वर्मा को बड़ा झटका

*समिति की वैधता को लेकर दी थी चुनौती*

## महाभियोग मामले में संसदीय कमेटी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 'अर्जी' खारिज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा को बड़ा झटका दिया है। शीर्ष अदालत ने अधजली नकदी मामले में महाभियोग प्रस्ताव पर उनके खिलाफ आरोपों की जांच कर रहे संसदीय पैनल के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी है। उन्होंने लोकसभा स्पीकर द्वारा समिति की वैधता को चुनौती दी थी।



### रखा था फैसला सुरक्षित

जस्टिस वर्मा ने समिति के गठन पर यह कहते हुए सवाल उठाया था कि उन्हें हटाने का प्रस्ताव राज्यसभा के उपसभापति ने खारिज कर दिया था। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एससी शर्मा की बेंच ने 8 जनवरी को फैसला सुरक्षित रखा था।

**जजेज इन्क्वायरी एक्ट के तहत जांच समिति**

16 दिसंबर को स्पीकर के उस कदम को चुनौती दी गई थी जिसमें उन्होंने जांच के लिए एक कमेटी बनाई थी। सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने जस्टिस वर्मा का प्रतिनिधित्व करते हुए कहा था कि यह गलत है।

श्रीगंगा सभा ने रील्स बनाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी

## हर की पैड़ी पर गैर हिंदुओं का प्रवेश निषेध, रील्स भी नहीं बना सकेंगे लोग

एजेंसी ⏭ हरिद्वार

हर की पैड़ी पर जगह-जगह बोर्ड लगा दिए गए हैं, जिसमें स्पष्ट लिख दिया गया कि अहिंदू का प्रवेश पूरी तरह निषेध है। इसके अलावा तीर्थस्थल की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए हरकी पैड़ी और मालवीय द्वीप क्षेत्र में ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है। किसी भी प्रकार के फिल्मी गानों पर फिल्म और रील बनाना भी पूर्णतः वर्जित है। श्रीगंगा सभा ने इस प्रकार से रील्स आदि सोशल मीडिया पर वायरल करने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी है। कुछ दिन पहले हरकी पैड़ी क्षेत्र में बनाया गया एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हंगामा हो गया था। वीडियो में दो युवक अरबी वेशभूषा में घाटों पर घूमते नजर आ रहे थे। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों ने नाराजगी जताई है। मामले का पुलिस ने संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की।

**जगह जगह लगा दिए गए बोर्ड**

*पुलिस ने संज्ञान लेकर जांच शुरू की*



तीर्थ पुरोहितों ने जताई थी नाराजगी

**वीडियो पर उठे थे सवाल**

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दो युवक स्वयं को दुबई का निवासी बताते हुए हरकी पैड़ी क्षेत्र में घूमते दिखाई दे रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद तीर्थ पुरोहितों ने इसे हरिद्वार की धार्मिक मर्यादा से जुड़ा बताते हुए आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि इस तरह के वीडियो से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं और इससे माहौल खराब हो सकता है।

### व्यवस्था और मर्यादा को लेकर मंथन चल रहा

उल्लेखनीय है कि इन दिनों श्रीगंगा सभा की ओर से हरिद्वार के घाटों और प्रमुख धार्मिक स्थलों की व्यवस्था और मर्यादा को लेकर मंथन चल रहा है। श्रीगंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने बताया कि वीडियो की जानकारी पुलिस प्रशासन को दे दी गई है। माहौल बिगाड़ने के लिए इस तरह का काम किया जा रहा है। वहीं, सचिव उज्ज्वल पंडित ने कहा कि पूरे प्रकरण की सूचना चौकी पुलिस को दे दी गई है। शहर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। युवकों की पहचान की जा रही है।

किसान नेता टिकैट का आरोप

## किसानों को बांटने में लगी सरकार, ईडी बन गई दारोगा

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

माघ मेला में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के चल रहे राष्ट्रीय चिंतन शिविर में शुक्रवार को



तमाम मुद्दे उठाए । संगठन राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैट समेत अन्य पदाधिकारियों ने मंथन किया। टिकैत ने केंद्र को घेरते हुए कहा कि किसानों के खेत में नुकसान नहीं है, बल्कि दिल्ली की कलम बेईमान है। जमीन महंगी है और फसल सस्ती। फसल का सही दाम नहीं मिलने से किसान जमीन बेचकर गुजारा करने को मजबूर हैं। एमएसपी के नाम पर सरकार सिर्फ सपोर्ट प्राइस दे रही है, बेनिफिट प्राइस नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को भी तोड़कर अलग-अलग बांट रही है। यही वजह है कि देश में पांच हजार से अधिक किसान संगठन खड़े हो गए हैं। यह भी एक साजिश है। यहां तो सिर्फ व्यापारियों की सरकार है, जिसे किसी का लिहाज नहीं है। किसान देश की राजधानी में धरना देते रहे, लेकिन सरकार ने उनकी एक नहीं सुनी। टिकैत ने यह भी आरोप लगाया कि ईडी तो सरकार के लिए दारोगा बन गई है।

## खबर संक्षेप

### सिग्मा सॉल्व की एबिटडा बढ़कर 26 करोड़ हुआ

**मुंबई।** सिग्मा सॉल्व लिमिटेड एक अग्रणी एआई और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन कंपनी है, जो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और भारत में अपनी सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी ने वित्तीय 2025 तीमाही के लिए अपने अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्तीय वर्ष 2026 के तीमाही में कुल आय 2,639.43 लाख रुपए, एबिटडा 951 लाख, शुद्ध लाभ 670.05 लाख रुपए का हुआ।

### अमेजन सेल शुरू, दे रहा है 50 फीसदी तक की छूट

**नई दिल्ली।** सेंहाइजर, ऑडियो टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर, गणतंत्र दिवस सेल 2026 के दौरान अपने प्रीमियम प्रोडक्ट रेंज पर ग्राहकों के लिए शानदार ऑफर्स की घोषणा कर रहा है, जो 16 जनवरी से सभी ग्राहकों के लिए शुरू हो रही है, जिसमें प्राइम और नॉन-प्राइम सदस्य शामिल हैं। ग्राहक सेंजाइजर के टॉप प्रोडक्ट्स पर 24 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई पर अतिरिक्त छूट का भी फायदा उठा सकते हैं।

### सरल आदतों को अपनाने पर अनन्या ने दिया जोर

**मुंबई।** अनन्या पांडे 2026 में कदम रखते हुए खुद को रियल बनाए रख रही हैं। एक नए इंस्टाग्राम रील में अभिनेत्री आईने के सामने खड़े होकर नए साल के संकल्पों से जुड़ी परिचित दबाव पर खुद से बात करती नज़र आती हैं। वह अपनी सुबह की दिनचर्या का एक आसान लेकिन अहम हिस्सा भी साझा करती हैं। दिन की शुरुआत मुट्ठी भर कैलिफोर्निया बादाम से करना। प्राकृतिक ऊर्जा का स्रोत होने के कारण बादाम उन्हें पूरे दिन सक्रिय रखते हैं।



---

एलन इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर ने की प्रेमानंद महाराज से चर्चा

# आने वाली नई पीढ़ी है भारत का भविष्य: प्रेमानंद महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वृंदावन के प्रसिद्ध संत गुरु प्रेमानंद महाराज अपने अनमोल विचारों और सरल प्रवचनों से अनगिनत लोगों के जीवन को नई दिशा दे चुके हैं। हाल ही में एलन इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने पहुंचे। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर ने प्रेमानंद महाराज से खुलकर बातचीत की और बताया कि कैसे महाराज उनके जीवन का मार्गदर्शक बनें।

एलन इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर ने महाराज को बताया कि हमारे यहां 4 लाख बच्चे पढ़ते हैं, जो आपसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ते जा रहे हैं। हमारे यहां रोजाना की शुरुआत भी प्रार्थना से होती है। बच्चों में बहुत ही ज्यादा परिवर्तन आ रहा है, जो आप संदेश दे रहे हैं, हमारे यहां सब बच्चे उसको फॉलो करते हैं। इस पर प्रेमानंद महाराज ने कहा कि बच्चे हमारे भारत का भविष्य है, उनमें कौन क्या बनेगा छिपा हुआ है। हमारी बस यही इच्छा है कि आज की नई पीढ़ी व्यसन और गलत विचारों से दूर रहे, जो युवा नशे और बुरी आदतों की ओर बढ़ रहे हैं, वे उनसे बचें, ताकि उनके भीतर देश और समाज की सेवा करने का उत्साह जागे। यदि कोई अच्छा डॉक्टर बनेगा तो वह कई लोगों को राहत देगा, कोई अच्छा विधायक या एमएलए बनेगा तो समाज के लिए काम करेगा, कोई अच्छा शिक्षक बनेगा तो आने वाली पीढ़ियों को दिशा देगा. अलग-अलग रूपों में यही बच्चे आगे चलकर समाज का निर्माण करेंगे।



प्रणाम करते हुए एलन के डायरेक्टर

### सही लक्ष्य ही है जीवन का सही मार्ग

यदि ये सभी बच्चे स्वार्थ और परमार्थ के संतुलन के साथ, अध्यात्म से जुड़ जाएं, तो यही लोग समाज को सुख देने वाले बन जाएंगे. इसलिए गुरुजनों, शिक्षकों और मार्गदर्शकों का कर्तव्य है कि वे बच्चों को ऐसी प्रेरणा दें, जिससे उनकी बुद्धि सुरक्षित रहे और वे व्यसन व गलत विचारों में न फंसें. जब तक उनका लक्ष्य प्राप्त न हो जाए, तब तक उनका मन और स्मृति इधर-उधर भटकने न पाए।

### *एलन इंस्टीट्यूट है भारत में प्रसिद्ध*

*एलन इंस्टीट्यूट मुख्य रूप से एक प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान है जो भारत में जेईई (इंजीनियरिंग) और नीट (मेडिकल) जैसी एग्जाम्स की तैयारी करवाता है, खासकर कोटा से शुरू होकर पूरे देश में मशहूर हुआ है।*

---

कार्यक्रम आईसीएआई शाखा अध्यक्ष सीए अर्पित राय के नेतृत्व में आयोजित हुआ

# शेयर बाजार धन जुटाने का सशक्त माध्यम, सट्टा नहीं : चेयरमैन सीए राठी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

शेयर बाजार, निवेश रणनीतियों और वित्तीय साक्षरता पर आधारित एक भव्य एवं अत्यंत सफल कार्यक्रम का आयोजन भोपाल में किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय परिषद सदस्य सीए दुर्गेश काबरा एवं सीए अभय छाजेड़ के मार्गदर्शन तथा आईसीएआई शाखा भोपाल अध्यक्ष सीए अर्पित राय के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निवेशकों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए आनंद राठी, चेयरमैन, आनंद राठी ग्रुप ने कहा कि शेयर बाजार धन सृजन का जरिया है, सट्टा नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निवेश तीन से पांच वर्ष या उससे अधिक की लंबी अवधि के लिए अनुशासन और सही समझ के साथ किया जाए, तो इक्विटी बाजार फिक्स्ड डिपॉजिट या सोने जैसे पारंपरिक निवेश विकल्पों की तुलना में बेहतर रिटर्न देता है।



कार्यक्रम का शुभारंभ और संबोधित करते हुए

### निवेश बनाम सट्टा, भ्रांतियों का खंडन

उन्होंने कहा कि शेयर बाजार को सट्टा कहना गलत है। जोखिम तब बढ़ता है जब बिना पर्याप्त ज्ञान के अल्पकालिक ट्रेडिंग या एफएंडओ में प्रवेश किया जाता है। आम निवेशकों के लिए म्यूचुअल फंड के माध्यम से एसआईपी को उन्होंने सबसे सुरक्षित और प्रभावी माध्यम बताया। बचत- आय का 30 से 35 फीसदी नियमित रूप से बचाएँ। बाजार आवंटन-बचत का कम से कम 25फीसदी शेयर बाजार में निवेश करें। लचीलापन-आवश्यकता व जोखिम क्षमता अनुसार यह 50–80 फीसदी तक बढ़ाया जा सकता है।

### भारतीय अर्थव्यवस्था और बाजार का भविष्य

सीए आनंद राठी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। आगामी 5 से 10 वर्षों में भारत की विकास दर मजबूत रहने की संभावना है, जिसका सकारात्मक प्रभाव शेयर बाजार पर पड़ेगा।

---

सीसीआई और सीआईआई का संयुक्त वार्षिक सम्मेलन

# अध्यक्ष कौर ने भारत की गतिशील अर्थव्यवस्था में कानून की विकसित होती भूमिका पर प्रकाश डाला

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित प्रतिस्पर्धा कानून और व्यवहार पर वार्षिक सम्मेलन में सीसीआई की अध्यक्ष रवनीत कौर ने भारत की गतिशील अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा कानून की विकसित होती भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने अनुकूल प्रवर्तन, डिजिटल बाजारों और नवाचार-अनुकूल ढांचे के लिए नियामक की परिवर्तनकारी भूमिका और डिजिटलीकरण, प्रौद्योगिकी और डेटा के बीच प्रभाव-आधारित प्रवर्तन के लिए नियामक की भूमिका पर बल दिया। अध्यक्ष रवनीत कौर ने बाजार की वास्तविकताओं को समझने, नियामक स्पष्टता सुनिश्चित करने और अनुपालन को बढ़ावा देने में संवाद के महत्व पर जोर दिया। बताया कि नियामक एक एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र में अपने विश्लेषणात्मक उपकरणों और प्रवर्तन दृष्टिकोणों को लगातार परिष्कृत कर रहा है, जो एक निष्पक्ष, पूर्वानुमानित, पारदर्शी और नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था को आकार देने और बढ़ावा देने में सहायक है।




वार्षिक सम्मेलन

### *भौतिक प्रभाव की निचली सीमा को अपनाया गया*

*उन्होंने उल्लेख किया कि प्रतिस्पर्धा (संशोधन) अधिनियम 2023 विशेष महत्व रखता है क्योंकि ये संशोधन समकालीन बाजार वास्तविकताओं के अनुरूप भारत के प्रतिस्पर्धा कानून ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीसीआई की अध्यक्ष ने नियामक के विलय संबंधी उपायों को स्वीकार करने की दिशा में किए गए प्रमुख बदलाव पर प्रकाश डाला, जिसमें पारंपरिक 'निर्णायक प्रभाव' से हटकर 'भौतिक प्रभाव' की निचली सीमा को अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक रूप से संवेदनशील सूचनाओं (सीएसआई) का आदान-प्रदान अब विलय नियंत्रण का एक नया स्तंभ माना जाता है। सीसीआई की अध्यक्ष ने अनुपालन और बाजार सुधार को बढ़ावा देने वाले प्रगतिशील प्रवर्तन उपकरणों के रूप में लेनियंसी प्रोग्राम 2.0, प्रतिबद्धताओं और समझौतों के महत्व पर बल दिया।*

---

## बिजनेस न्यूज

### कॅरियर कॉलेज ऑटोनॉमस के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

**भोपाल।** कॅरियर कॉलेज ऑटोनॉमस भोपाल के रसायन विभाग द्वारा आरकेडीएफ विश्वविद्यालय भोपाल के एनर्जी पार्क में विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया इस भ्रमण में 35 छात्रों के एक समूह ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और सतत ऊर्जा प्रणालियों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना थाइस भ्रमण ने छात्रों को ऊर्जा संरक्षण और प्रबंधन में वैज्ञानिक सिद्धांतों के व्यावहारिक अनुप्रयोगों की बहुमूल्य जानकारी प्रदान की, जिससे उनके शैक्षणिक पाठ्यक्रम को व्यावहारिक शिक्षण अनुभव से पूरक बनाया गया। छात्रों ने कार्बन कैप्चर सिस्टम, बायोडीजल संयंत्र और स्टार्टअप इनक्यूबेटर सहित प्रमुख सुविधाओं का अवलोकन किया।इस भ्रमण ने छात्रों को अत्याधुनिक नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और सतत प्रथाओं का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। छात्रों ने कार्बन पृथक्करण तकनीकों, बायोडीजल उत्पादन प्रक्रियाओं और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।



### कलचुरी एलएनसीटी ग्रुप इनक्यूबेशन सेंटर को राज्यस्तरीय सम्मान

**भोपाल।** कलचुरी एलएनसीटी ग्रुप इनक्यूबेशन सेंटर (केएलआईसी-एलएनसीटी) को एमपी स्टार्टअप समिट 2026 में प्रथम उपविजेता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह आयोजन एमपी स्टार्टअप सेंटर, भोपाल द्वारा किया गया। यह सम्मान कलचुरी एवं अनुपम इनक्यूबेशन सेंटर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आकाश एसडी राय ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश डॉ. मोहन यादव के करकमलों से प्राप्त किया। इस अवसर पर माननीय एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप, मुख्य सचिव अनुराग जैन एवं एमपी स्टार्टअप सेंटर की कार्यकारी प्रमुख डॉ. आभा ऋषि उपस्थित रहीं। एलएनसीटी ग्रुप के डॉ. अनुपम चौकसे, संस्थापक जय नारायण चौकसे, पूनम चौकसे, डॉ. श्वेता चौकसे, डॉ. पूजा चौकसे एवं डॉ. अशोक राय ने इस उपलब्धि पर इनक्यूबेशन सेंटर को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। यह उपलब्धि एलएनसीटी ग्रुप के स्व-वित्तपोषित इनक्यूबेशन मॉडल और सेंट्रल इंडिया के स्टार्टअप ईकोसिस्टम में उसके प्रभावशाली योगदान को दर्शाती है। यह सम्मान छात्रों, स्टार्टअप और नवोन्मेषकों को रोजगार सृजक बनाने की दिशा में एलएनसीटी ग्रुप की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।



### 'सांची परिवार' ने दुग्ध समिति सदस्यों के बीच मनाया 'मकर संक्रांति पर्व'

**भोपाल।** एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) भोपाल से संबद्ध भोपाल सहकारी दुग्ध संघ क्षेत्रांर्गत दुग्ध समिति सदस्यों के बीच सांची परिवार ने मकर संक्रांति पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया है। दुग्ध समिति सदस्यों के बच्चों की पतंग प्रतियोगिताएं, महिलाओं की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएं, रस्सा-कस्सी प्रतियोगिताएं सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर विभिन्न



प्रतियोगिताओ में विजेताओं को उपहार स्वरूप पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। क्षेत्रांर्गत आयोजित प्रतियोगिताएं भोपाल, सीहोर, रायसेन, राजगढ़, विदिशा, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, शाजापुर, गुना, अशोकनगर के जिला नोडल अधिकारियों के दल ने मकर संक्रांति पर्व पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई।

### पीएनबी में पुरस्कार वितरण समारोह और कवि सम्मेलन आयोजित

**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने प्रधान कार्यालय में विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह तथा कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अशोक चंद्र की अध्यक्षता में किया। कार्यक्रम में बैंक के कार्यपालक निदेशक बीपी महापात्र, अमित कुमार श्रीवास्तव और मुख्य सतर्कता अधिकारी, राघवेंद्र कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक, सुमेश कुमार द्वारा बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन और प्रख्यात कवियों चिराग जैन और अरूण जैमिनी तथा धर्मवीर, उपनिदेशक, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के स्वागत के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अशोक चंद्र और बैंक के शीर्ष कार्यपालकों ने राजभाषा कार्यान्वयन से संबन्धित वार्षिक कैलेंडर, बैंक की तिमाही पत्रिका पीएनबी प्रतिभा-कॉर्पोरेट गवर्नेंस तथा सुरक्षा विशेषांक और मनोज कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक द्वारा लिखी गई पुस्तक केंचुली का विमोचन भी किया गया।



### एथर में राइडिंग के व्यवहार में परिवर्तन आ रहा है : रिपोर्ट

**भोपाल।** एथर एनर्जी की 2025 ईयर-एंड राईडिंग इनसाईट के मुताबिक भारत में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर के राईडर्स के बीच दैनिक आवागमन के लिए कनेक्टेड टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ता जा रहा है। इस रिपोर्ट में शहरवार राईडिंग व्यवहार प्रदर्शित कर रहा है कि सॉफ्टवेयर मोबिलिटी में क्या परिवर्तन लेकर आ रहा है। भारत में पांच लाख से अधिक कनेक्टेड एथर स्कूटर से एकत्रित किए गए डेटा में राईडिंग के व्यवहार, सुरक्षा उपायों और आवागमन की आदतों का खुलासा हुआ है। डेटा में सामने आया कि मुंबई के मुकाबले बेंगलुरू के राईडर अचानक ब्रेक चार गुना अधिक लगाते हैं। इससे शहर में ज्यादा अप्रत्याशित ट्रैफिक और बार-बार रुकने और चलने की परिस्थिति प्रदर्शित होती है। एथर एनर्जी के चीफ बिज़नेस ऑफिसर, रवनीत फोकेला ने कहाकि टू-व्हीलर भारत में सबसे अधिक व्यापक स्तर पर इस्तेमाल किए जाने वाले व्यक्तिगत मोबिलिटी समाधान हैं। लेकिन लोग दैनिक राईड किस प्रकार करते हैं, इसकी रियल-टाईम विजिबिलिटी बहुत कम है।



---

गेहूं की बिक्री का ऑफर 2 लाख टन से घटाकर एक लाख टन तय किया

# एफसीआई ने फिर शुरू की ई-नीलामी की प्रक्रिया से गेहूं की बिक्री

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) खुले बाजार में ओएमएसएस के तहत गेहूं की बिक्री के लिए ई-नीलामी की प्रक्रिया पुनः आरंभ की। जिसे दिसंबर 2025 में स्थगित कर दी गई थी। इस नई नीलामी में मिलर्स-प्रोसेसर्स ने सरकारी गेहूं की खरीद में अच्छी दिलचस्पी दिखाई। गौरतलब है कि नवंबर-दिसंबर 2025 में आयोजित नीलामी के दौरान खाद्य निगम को कुल ऑफर के सापेक्ष केवल 36.40 प्रतिशत गेहूं बेचने में सफलता मिली थी, लेकिन बुधवार को 14 जनवरी 2026 को आयोजित नीलामी में 92 प्रतिशत गेहूं की बिक्री करने में कामयाबी हासिल हो गई। इस बार गेहूं की बिक्री का ऑफर 2 लाख टन से घटाकर एक लाख टन नियत किया गया था, जिसमें से लगभग 92 प्रतिशत यानी 92 हजार टन की बिक्री की गई। पंजाब, हरियाणा एवं आसाम सहित कुछ अन्य राज्यों में ऑफर के सापेक्ष गेहूं की संपूर्ण मात्रा की बिक्री हो गई। इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि इन प्रांतों के फ्लोर मिलर्स-प्रोसेसर्स के पास गेहूं का सीमित स्टॉक मौजूद था।



### *कीमतों में देखी जा रही तेजी मजबूती की सुगबुगाहट*

नवम्बर-दिसम्बर 2025 की प्रत्येक नीलामी में 2-2 लाख टन गेहूं की बिक्री का ऑफर दिया गया था जबकि जनवरी 2026 की पहली नीलामी में ऑफर की मात्रा 50 प्रतिशत घटा दी गई। समझा जाता है कि भारतीय खाद्य निगम इस नीलामी के जरिए मार्केट की स्थिति को जांचना-परखना चाहता था और इसके रिस्पांस के आधार पर आगे की रणनीति बनाने का प्लान बना सकता है। देश के अधिकांश मार्केट में गेहूं की सीमित आयात हो रही है और कीमतों में भी तेजी मजबूती की सुग-बुगाहट देखी जा रही है। पंजाब-हरियाणा के मिलर्स / प्रोसेसर्स को परिवहन खर्च के अतिरिक्त भार से राहत मिल जाती है इसलिए वहां सरकारी गेहूं की अधिक खरीद होती है।

---

# अमेजन-फ्लिपकार्ट समेत 8 ई-कॉमर्स कंपनियों पर 44 लाख रुपए का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर गैरकानूनी वॉकी-टॉकी बेचने के लिए एक्शन लिया है। सीसीपीए ने अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो और मेटा समेत आठ कंपनियों पर कुल 44 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई है। इन प्लेटफॉर्म्स पर ऐसे वॉकी-टॉकी बेचे जा रहे थे जिनके पास जरूरी लाइसेंस या तकनीकी मंजूरी नहीं थी।

कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 और टेलीकॉम कानूनों के उल्लंघन के लिए की गई है। अथॉरिटी ने जांच में पाया कि इन वेबसाइट्स पर 16,970 से ज्यादा ऐसे प्रोडक्ट लिस्टेड थे, जो सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बताया कि मीशो, मेटा (फेसबुक मार्केटप्लेस), फ्लिपकार्ट और अमेजन पर 10-10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा चिमिया , जियोमार्ट, टॉक प्रो और मास्कमैन टॉयज पर 1-1 लाख रुपए का जुर्माना लगा है। अधिकारी के मुताबिक, मीशो, मेटा, चिमिया, जियोमार्ट और टॉक प्रो ने जुर्माने की राशि जमा कर दी है, जबकि बाकी कंपनियों के भुगतान का इंतजार है। यह मामला तब सामने आया जब जांच में पता चला कि ये प्लेटफॉर्म पर्सनल मोबाइल रेडियो को बिना किसी लाइसेंस जानकारी के बेच रहे थे।

### बिना मंजूरी और गलत फ्रीक्वेंसी पर चल रहे थे डिवाइस

भारत में वॉकी-टॉकी इस्तेमाल करने के कड़े नियम हैं। मौजूदा नियमों के अनुसार, बिना लाइसेंस के केवल वही वॉकी-टॉकी इस्तेमाल किए जा सकते हैं जो 446.0 से 446.2 मेगाहट्र्ज की फ्रीक्वेंसी पर काम करते हैं। सीसीपीए की जांच में सामने आया कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बिकने वाले कई डिवाइस इस तय सीमा से बाहर की फ्रीक्वेंसी पर काम कर रहे थे।

---

# नैफेड 19 जनवरी को कृषि उत्पादों के लिए ई-नीलामी साइट खोलेगा

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्रालय की अधीनस्थ एजेंसी भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नैफेड) को मुख्यतः किसानों से दलहन, तिलहन एवं कोपरा की खरीद का दायित्व सौंपा जाता है।

अब इन उत्पादों की खरीद बिक्री के लिए महासंघ ने 19 जनवरी 2026 को अपना ई-नीलामी पोर्टल आरंभ करने का निर्णय लिया है। इस एजेंसी द्वारा मूल्य समर्थन योजना तथा मूल्य स्थिरीकरण कोष स्कीम के अंतर्गत किसानों से करीब 53 लाख दलहन-तिलहन की वार्षिक खरीद की गई थ।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**सं०– एस०जी०/डी०एस०ई०/ओ०टी०/01–26**

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यो के लिए आमन्त्रित करती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान:** प्रोविजन ऑफ वार्निंग अलार्म ऑफ फेल्योर ऑफ ट्रैक फीड चार्जर एट बैलेंस स्टेशन ईन डीडीयू डीविजन प्रोविजन ऑफ 9 न्यू आईपीएस ऑफ आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन 2012 ईन प्लेस ऑफ ओल्ड वन्स वीथ आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन 2004, एंड एडिशनल एसपीडीस फॉर सम एक्सट्रा सर्किट एट डिफरेन्ट स्टेशन्स ऑफ डीडीयू डीविजन।, **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** रू० 1,10,21,436.42/– (एक करोड़ दस लाख इक्कीस हजार चार सौ छत्तीस रूपये एवं बयालीस पैसे मात्र)।, **3. धरोहर राशि :** रू० 2,05,100.00/– (दो लाख पॉच हजार एक सौ रूपये मात्र)।, **4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 06.02.2026 को 12:30 तक।, **5. बेवसाईट का पता जहॉ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।: www.ireps.gov.in** मं०सं० एवं दू०सं०अभि० पूर्व मध्य रेल, पं० दी० द० उपा०

पीआर/1636/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/25-26/32

---

**पश्चिम मध्य रेल**

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्य शाखा, भोपाल.

No.: C/BPL/NFR/E-Auction/2026/02, Date: 15.01.2026

**वाणिज्यिक प्रचार के ठेके स्थापित करने हेतु जगह के आवंटन हेतु ई-ऑक्शन**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भोपाल द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के ठेके स्थापित करने हेतु जगह के आवंटन हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित की जाती है। ई–ऑक्शन के केट्लोग्स आईआरईपीएस पोर्टल (**www.ireps.gov.in**) पर उपलब्ध हैं। केट्लोग्स की जानकारी इस प्रकार हैं–

| Catalogue Number | Type of Contract | Lot No./Bid No. | Contract Period | Date and Time of close of e-auction |
|---|---|---|---|---|
| C-BPL-NFR-OOH | Publicity | ADVT-BPL-BPL-OH-201-26-1 | 5 years | 02.02.2026 at13:30 hrs. |
| | | ADVT-BPL-GUNA-OH-203-26-1 | 5 years | 02.02.2026 at13:40 hrs. |
| | | ADVT-BPL-BINA-OH-202-26-1 | 5 years | 02.02.2026 at13:50 hrs. |
| | | ADVT-BPL-ET-OH-204-26-1 | 5 years | 02.02.2026 at14:00 hrs. |

सम्पूर्ण जानकारी, अनुबंध की सामान्य शर्तें एवं अनुबंध की विशेष शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। प्रतिभागी पोर्टल पर जाकर विवरण प्राप्त कर सकते है।

*कृते मंडल रेल प्रबंधक (वा), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

---

# एनबीएफसी सहित ऋणदाता कर रहे पोर्टफोलियो को संतुलित करने की ओर अपना रूख : नीरज जैन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घर खरीदने का सपना हमेशा से हर भारतीय के लिए एक अंतिम लक्ष्य रहा है, जो हमारी सांस्कृतिक आकांक्षा रोटी-कपड़ा-मकान में गहराई से बसा है। घर को भावनात्मक और वित्तीय सुरक्षा के एक सुरक्षित ठिकाने के रूप में देखा जाता था एक ऐसी संपत्ति जिसे बचाकर रखा जाता था और अंततः अगली पीढ़ी को सौंप दिया जाता था। हालांकि अब हम इस मानसिकता में एक गहरा बदलाव देख रहे हैं।



नीरज जैन

यह बात होम क्रेडिट इंडिया के लोन अगेंस्ट प्रापर्टी हेड, नीरज जैन ने कही। उन्होंने कहाकि इसी बदलाव ने लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी (एलएपी) को भारत के आधुनिक ऋण ईकोसिस्टम के केंद्र में ला खड़ा किया है। एनबीएफसी सहित सभी ऋणदाता अपने पोर्टफोलियो को संतुलित करने के लिए रणनीतिक रूप से गैर-आवासीय सिक्योर्ड प्रॉडक्ट्स की ओर रुख कर रहे हैं, जिसने ऋण बाजार में एलएपी की स्थिति को और मजबूत किया है। वित्त वर्ष 2024-25 में, होम लोन और एलएपी सहित संपत्ति से जुड़े ऋणों की हिस्सेदारी वितरण में सबसे अधिक रही। इस क्षेत्र में, एक करोड़ रुपए से अधिक के बड़े लोन कुल वॉल्यूम का 21 फीसदी रहे, जो सुरक्षित ऋण लेने के प्रति स्पष्ट झुकाव को दर्शाता है। होम लोन की संख्या और मूल्य में क्रमशः 10 फीसदी और 15 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि ने संपत्ति-आधारित ऋण के विस्तार को और पुख्ता किया है।

## चिंतन

# लोक कल्याण की राजनीति और कुशल प्रबंधन की जीत

महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों के नतीजे केवल स्थानीय सत्ता संतुलन का संकेत नहीं हैं, बल्कि वे राज्य और राष्ट्रीय राजनीति की दिशा को भी स्पष्ट करते हैं। खासतौर पर मुंबई में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत ने यह संदेश दिया है कि लोक कल्याणकारी नीतियों के साथ-साथ सशक्त आंतरिक प्रबंधन और संगठनात्मक अनुशासन आज की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। यह जीत भाजपा के लिए केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि उसकी रणनीति, नेतृत्व और जनविश्वास की पुष्टि है। लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर मुहर लगा दी है। महाराष्ट्र में कुल 29 नगर निगमों के चुनावों में से 23 कॉरपोरेशनों में भाजपा-महायुति को स्पष्ट बहुमत मिला है। वहीं, मुंबई के बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में भाजपा+शिवसेना (शिंदे) अलायंस कुल 227 सीटों में से 118 सीटें मिलती दिख रही हैं। बिहार के बाद महाराष्ट्र की जनता ने भी स्पष्ट संदेश दिया है कि एनडीए और भाजपा का नेतृत्व ही देश को सही दिशा दे रहा है। इस जीत ने दिखा दिया कि भाजपा की नीतियों, कार्यशैली और निर्णायक नेतृत्व पर देश की जनता का अटूट विश्वास है। लोगों को जनकल्याण और विकास ही चाहिए। अब वे परिवारवाद और खाली बयानबाजी करने वालों के झांसे में नहीं आने वाले। इस जीत ने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस के कद को भी बढ़ा दिया है। यह परिणाम कांग्रेस, उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे और शरद पवार के लिए एक ओर खतरे की घंटी है, वहीं पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम चुनाव के नतीजों ने पवार पावर को लेकर स्पष्ट राजनीतिक संदेश दिया है। जिस पवार ब्रांड को कभी सत्ता के इन शहरी केंद्रों में अजेय माना जाता था, वह अब अकेले जीत की गारंटी नहीं रह गया है। इस बार यहां शरद पवार और अजीत पवार की अगुआई वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के रणनीतिक तालमेल के बावजूद वोटरों ने तगड़ा झटका दे दिया है। दूसरी तरफ, करीब 20 साल बाद करीब आए राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे की जोड़ी भी कुछ खास दम नहीं दिखा पाई। चुनाव नतीजों ने साफ कर दिया कि ठाकरे बंधुओं की जोड़ी जनता को भरोसे में नहीं ले सकी, यानी यह प्रयोग राजनीतिक तौर पर असफल रहा। भाजपा और उसके सहयोगियों का आगे रहना इस बात का प्रमाण है कि पार्टी ने शहरी मतदाताओं की नब्ज को अच्छी तरह समझा। मुंबई, नागपुर और पुणे जैसे बड़े महानगरों में भारी बढ़त ने यह दिखा दिया कि भाजपा की पकड़ केवल ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि महानगरीय मतदाता भी उसकी नीतियों से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। इन शहरों में बुनियादी सुविधाओं, बुनियादी ढांचे, डिजिटल सेवाओं और प्रशासनिक सुधारों ने मतदाताओं पर सकारात्मक प्रभाव डाला। बता दें कि महाराष्ट्र नगर निगम में 1997 से 2022 तक शिवसेना का वर्चस्व रहा और उसके 12 मेयर रहे। अब चार साल बाद चुनाव हो रहे हैं और भाजपा पहली बार मुंबई में अपना मेयर बनाने जा रही है। एशिया की सबसे बड़ी मुंबई नगरपालिका का 74000 करोड़ का बजट देश के कई राज्यों के बजट से भी ज्यादा है। कुल मिलाकर, महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आज की राजनीति में लोक कल्याण, सुशासन और कुशल संगठनात्मक प्रबंधन सबसे बड़े हथियार हैं। भाजपा की जीत केवल विरोधियों की कमजोरी का परिणाम नहीं, बल्कि अपनी रणनीतिक मजबूती और जनविश्वास की देन है।



ईरान बनाम अमेरिका

डॉ. घनश्याम बादल

ईरान आज जिस दौर से गुजर रहा है, वह केवल एक देश की आंतरिक अशांति नहीं है, बल्कि वैश्विक राजनीति का वह विस्फोटक मोड़ है, जहां से छद्म लोकतंत्र और मजहबी कट्टरता के टकराव से उठी एक चिंगारी पूरी दुनिया को झुलसा सकती है। आज उनके अयातुल्लाह काम नहीं, शासन के ख़िलाफ़ तेहरान समेत ईरान के कई शहरों और कस्बों की सड़कों पर उमड़ता विद्रोही जन सैलाब, उबलता जनाक्रोश, सरकार की दमनकारी नीतियां और इसके समानांतर हर हाल में दुनिया का दरोगा बनने की हठधर्मी पर अड़े अमेरिका की सैन्य चेतावनियां, उस त्रिकोण का निर्माण कर रहे हैं, जिसके केंद्र में विनाशकारी युद्ध की आशंका लगातार गहराती जा रही है।

# विनाशक युद्ध की आहट और दुनिया

ईरान आज जिस दौर से गुजर रहा है, वह केवल एक देश की आंतरिक अशांति नहीं है, बल्कि वैश्विक राजनीति का वह विस्फोटक मोड़ है, जहां से छद्म लोकतंत्र और मजहबी कट्टरता के टकराव से उठी एक चिंगारी पूरी दुनिया को झुलसा सकती है। आज उनके अयातुल्लाह काम नहीं, शासन के ख़िलाफ़ तेहरान समेत ईरान के कई शहरों और कस्बों की सड़कों पर उमड़ता विद्रोही जन सैलाब, उबलता जनाक्रोश, सरकार की दमनकारी नीतियां और इसके समानांतर हर हाल में दुनिया का दरोगा बनने की हठधर्मी पर अड़े अमेरिका की सैन्य चेतावनियां, उस त्रिकोण का निर्माण कर रहे हैं, जिसके केंद्र में विनाशकारी युद्ध की आशंका लगातार गहराती जा रही है।

ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शन अब केवल आर्थिक शिकायतों तक सीमित नहीं हैं। महंगाई, बेरोज़गारी और गिरती जीवन-स्तर की पीड़ा ने जिस असंतोष को जन्म दिया है, ईरान में जिस गति से महंगाई बढ़ी है, उससे वहां के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ईरानी मुद्रा रियाल डॉलर के मुकाबले रसातल में जा चुकी है। अब तो विद्रोहियों के समर्थन में उमड़ता हुआ जन सैलाब सीधे-सीधे शासन व्यवस्था की वैधता पर सवाल बन चुका है। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद यह पहली बार है, जब ईरान का धर्मतंत्र जनता के इतने बड़े हिस्से से वैचारिक रूप से कटता हुआ दिखाई देता है। महिलाओं, युवाओं, छात्रों और शहरी मध्यम वर्ग की भागीदारी ने इन प्रदर्शनों को साधारण विरोध से कहीं आगे पहुंचा दिया है और एक तरह से सीरिया जैसे हालातों की तरफ बढ़ता दिखाई दे रहा है। जहां सरकार विरोधी विद्रोही हिंसा एवं आगजनी पर उतरे हुए हैं तथा सरकार के तख्त पलट के पक्ष में खड़े दिखाई देते हैं। वहीं सरकार की प्रतिक्रिया भी उतनी ही कठोर से कठोरता होती जा रही है। इंटरनेट ब्लैकआउट, सामूहिक गिरफ्तारियां, सुरक्षा बलों की गोलीबारी और मृत्युदंड ये सब संकेत देते हैं कि ईरान में खामनेई सत्ता पर किसी भी कीमत पर नियंत्रण छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

हालांकि ईरानी नेतृत्व इसे विदेशी साजिश करार देता है, लेकिन यह तर्क अब घरेलू स्तर पर भी असर खोता जा रहा है। सवाल यह नहीं कि विरोध क्यों हो रहे हैं, सवाल यह है कि क्या मौजूदा व्यवस्था उन्हें लंबे समय तक दबा पाएगी? आंतरिक उथल-पुथल के बीच अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर ख़तरनाक ऊंचाई पर पहुंच गया है। अमेरिका मानवाधिकार उल्लंघनों और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को आधार बनाकर लगातार दबाव बना रहा है। प्रतिबंधों का नया दौर, सैन्य चेतावनियां और मध्य-पूर्व में अमेरिकी नौसैनिक तैनाती इस बात का संकेत हैं कि वाशिंगटन 'देखो और इंतजार करो' की नीति से आगे बढ़ने का विकल्प खुला रखे हुए है। हालांकि, यह समझना ज़रूरी है कि अमेरिका भी पूर्ण युद्ध नहीं चाहता। इसकी वज़ह वाशिंगटन की उदारता या शांतिप्रियता नहीं, अपितु यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-गाज़ा संघर्ष और घरेलू राजनीतिक दबावों के बीच एक और



बड़े युद्ध का बोझ उठाना वाशिंगटन के लिए आसान नहीं होगा। यही कारण है कि अमेरिका की रणनीति फिलहाल सीमित सैन्य कार्रवाई, आर्थिक दबाव और कूटनीतिक धमकियों तक सिमटी दिखती है।

इतिहास गवाह है कि युद्ध अक्सर योजनाओं से नहीं, दुर्घटनाओं से शुरू होते हैं। यह तो तय है कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच सीधा युद्ध होता है, तो उसके प्रभाव केवल इन दो देशों तक सीमित नहीं रहेंगे। ईरान के लिए इसका अर्थ होगा-तेल रिफाइनरियों, सैन्य ठिकानों और परमाणु संयंत्रों पर हमले, अर्थव्यवस्था का लगभग ठप हो जाना और संभवतः गृहयुद्ध जैसी स्थिति। बेशक सबसे भारी कीमत आम नागरिकों को चुकानी पड़ेगी, जिनके लिए शांति पहले ही दुर्लभ हो चुकी है। अमेरिका के लिए यह युद्ध सैन्य रूप से भले ही नियंत्रित रहे, लेकिन राजनीतिक और रणनीतिक रूप से महंगा साबित होगा।

मध्य-पूर्व में फैले अमेरिकी सैन्य अड्डे प्रतिशोध के निशाने पर होंगे। घरेलू स्तर पर युद्ध-विरोधी माहौल और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की 'नैतिक नेतृत्व' वाली छवि को और भी ज़्यादा झटका लगेगा। इससे भी अहम बात यह है कि अमेरिका का ध्यान एशिया-प्रशांत क्षेत्र से हटेगा, जो उसके दीर्घकालिक रणनीतिक हितों के विपरीत है। वैश्विक स्तर पर इसका सबसे तात्कालिक असर ऊर्जा बाजारों पर पड़ेगा।

होर्मुज जलडमरूमध्य में जरा-सी अस्थिरता भी तेल की कीमतों को 120–150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचा सकती है। इसका सीधा अर्थ है -वैश्विक महंगाई, आर्थिक मंदी और विकासशील देशों पर असहनीय दबाव। यूरोप, जो पहले ही ऊर्जा संकट से जूझ रहा है, सबसे अधिक प्रभावित होगा। इस परिदृश्य में चीन और रूस की भूमिका भी समझना ज़रूरी है। दोनों ही देश ईरान के संकट को अपने-अपने रणनीतिक लाभ के रूप में देख रहे हैं। चीन अमेरिका को मध्य-पूर्व में उलझा देखना चाहता है ताकि एशिया में उसकी पकड़ ढीली पड़े। रूस के लिए यह पश्चिमी एकता को कमजोर करने और ऊर्जा कीमतों से लाभ उठाने का अवसर है, लेकिन चीन या रूस कोई भी ईरान के लिए अमेरिका से सीधा युद्ध लड़ने को तैयार नहीं है।

ईरान उनके लिए साझेदार कम, रणनीतिक साधन अधिक है। भारत के लिए यह स्थिति विशेष चिंता का सबब है। तेल आयात पर निर्भर भारतीय अर्थव्यवस्था पर महंगाई का सीधा असर पड़ेगा। रुपये पर दबाव बढ़ेगा, शेयर बाजारों में अस्थिरता आएगी और खाड़ी देशों में काम कर रहे लाखों भारतीयों की सुरक्षा एक गंभीर प्रश्न बन जाएगी। साथ ही, ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह और अफगानिस्तान संपर्क जैसी रणनीतिक परियोजनाएं भी प्रभावित होंगी। हालांकि, संकट के बीच अवसर भी छिपे होते हैं। भारत की संतुलित और स्वायत्त विदेश नीति उसे एक संभावित मध्यस्थ की भूमिका में ला सकती है, लेकिन इसके लिए शर्त यह है कि भारत किसी भी खेमे में खड़ा होने की जल्दबाज़ी न करे।

अस्तु,, ईरान का संकट केवल एक देश की संप्रभुता एवं संकट की कहानी नहीं, उस वैश्विक व्यवस्था का आईना है, जहां दमन, असमानता और शक्ति-राजनीति मिलकर अस्थिरता को जन्म देती हैं। युद्ध शायद अभी टल सकता है, लेकिन उसके बीज बोए जा चुके हैं। सवाल यह नहीं कि दुनिया इस आग को देख रही है या नहीं, सवाल यह है कि क्या वह इसे फैलने से रोकने के लिए समय रहते कुछ करेगी।

( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व पुस्तक मेला

श्वेता गोयल



# रील्स के दौर में रीयल किताबें ही हैं शब्दों का सच्चा संसार

नई दिल्ली के हृदय स्थल भारत मंडपम में इन दिनों हवाओं में एक अलग ही सुंगध घुली हुई है। यह सुगंध किसी इत्र की नहीं, बल्कि पुरानी और नई किताबों के पन्नों, स्याही के अक्षरों और मानवीय मेधा के असीमित विस्तार की है। 10 से 18 जनवरी तक चलने वाला 53वां नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला केवल एक व्यावसायिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारतीय मेधा और वैश्विक संस्कृति के मिलन का एक विराट अनुष्ठान है। पुस्तकें वह सेतु हैं, जो पीढ़ियों को जोड़ती हैं और सभ्यताओं की स्मृतियों को जीवंत रखती हैं। डिजिटल क्रांति के इस प्रचंड वेग के बीच, जहां स्क्रीन की कृत्रिम रोशनी हमारी आंखों को थकान दे रही है, वहां कागज के पन्नों पर अंकित शब्द एक शीतल छांव की तरह प्रतीत होते हैं। इस वर्ष के मेले की आत्मा 'भारतीय सैन्य इतिहासः शौर्य और ज्ञान @75' की थीम में रची-बसी है। यह विषय केवल युद्धों का लेखा-जोखा नहीं है बल्कि उस साहस और बुद्धिमत्ता का वंदन है, जिसने स्वतंत्र भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखा है। हॉल नंबर 5 में निर्मित थीम पवेलियन एक ऐसा गलियारा है, जो आगंतुकों को काल-यात्रा पर ले जाता है। यहां अर्जुन टैंक, आईएनएस विक्रांत और एलसीए तेजस की प्रतिकृतियों के बीच जब पाठक 21 परमवीर चक्र विजेताओं की गाथाओं से रूबरू होते हैं तो साहित्य और राष्ट्रभक्ति का एक अनूठा संगम निर्मित होता है। सैन्य इतिहास पर प्रदर्शित पांच सौ से अधिक पुस्तकें यह सिद्ध करती हैं कि तलवार की धार और कलम की शक्ति एक-दूसरे की पूरक हैं। शौर्य जब शब्दों में ढलता है तो वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत बन जाता है। मेले का यह संस्करण कई मायनों में ऐतिहासिक है। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) और आईटीपीओ के सहयोग से आयोजित इस मेले में पहली बार प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। यह निर्णय इस बात का परिचायक है कि ज्ञान पर किसी का एकाधिकार नहीं होना चाहिए और जिज्ञासा की राह में अर्थ की बाधा नहीं आनी चाहिए। 'किताबों की दुनिया में कदम रखने के लिए अब जेब नहीं, बस जिज्ञासा चाहिए' का यह मंत्र भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 35 से अधिक देशों के एक हजार से अधिक प्रकाशकों की उपस्थिति इस मेले को एक वैश्विक मंच प्रदान करती है, जहां कतर 'गेस्ट ऑफ ऑनर' और स्पेन 'फोकस कंट्री' के रूप में अपनी सांस्कृतिक विरासत साझा कर रहे हैं। आज के दौर में एक विमर्श अक्सर सुनाई देता है कि 'जेन-जी' यानी नई पीढ़ी किताबों से दूर होकर स्मार्टफोन्स की दुनिया में खो गई है, किंतु भारत मंडपम के गलियारों में उमड़ती युवाओं की भीड़ इस धारणा को सिरे से खारिज करती है।

तकनीक के शोर में पले-बढ़े ये युवा पिक्सल्स के बजाय पन्नों में अपना भविष्य तलाशते दिख रहे हैं। कतर पवेलियन में हवा में तैरते अक्षरों की जादुई दुनिया को निहारते हुए या रस्साकसी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों की पुस्तकों में अपनी जड़ों को खोजते हुए ये युवा यह प्रमाणित कर रहे हैं कि डिजिटल चमक क्षणिक हो सकती है लेकिन शब्दों की गहराई शाश्वत है। युवाओं का यात्रा वृत्तांतों, क्लासिक साहित्य और अपराध गाथाओं के प्रति यह आकर्षण दर्शाता है कि मानवीय संवेदनाएं आज भी एक अच्छी कहानी की तलाश में रहती हैं। शिक्षा मंत्री ने डिजिटल समय में ज्ञान को सुलभ और समावेशी बनाने की जिस प्राथमिकता का उल्लेख किया, वह 'राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय' के रूप में साकार होती दिख रही है। 23 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध छह हजार से अधिक मुफ्त ई-पुस्तकें यह सुनिश्चित करती हैं कि भाषा अब ज्ञान के मार्ग में अवरोध नहीं बल्कि एक सेतु बने। टेक्स्ट-टू-स्पीच जैसी सुविधाओं के साथ यह समावेशी प्रयास उन लोगों तक भी साहित्य पहुंचा रहा है, जो शारीरिक सीमाओं के कारण अब तक इससे वंचित थे। यह तकनीकी प्रगति और पठन संस्कृति का वह संतुलन है, जिसकी आज के युग को सर्वाधिक आवश्यकता है। मेले का एक और भावुक पक्ष 'अनसुने नायकों' को दी गई श्रद्धांजलि है। 'द सागा ऑफ कुडोपलीः द अनसंग स्टोरी ऑफ 1857' जैसी पुस्तकों का विमोचन यह संदेश देता है कि इतिहास केवल राजाओं और महलों का नहीं होता बल्कि उन साधारण लोगों का भी होता है, जिन्होंने असाधारण बलिदान दिए। किताबों के पन्ने पलटते बुजुर्गों की मुस्कुराहट और युवाओं की आंखों में उमड़ती जिज्ञासा यह साफ कर देती है कि पठन संस्कृति का यह महाकुंभ आने वाले समय में एक शिक्षित और जागरूक समाज की आधारशिला बनेगा। यह मेला एक आह्वान है पुस्तकों की ओर लौटने का, विचारों को विस्तार देने का और शब्दों की इस अनंत यात्रा का हिस्सा बनने का।

( लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## 'धर्म और अध्यात्म' के अर्थ बदल रहे



संकलित

दर्शन

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है-फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यंत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

## भरे गिलास से मंदिर की परिक्रमा



संकलित

प्रेरणा

एक महिला रोज मंदिर जाती थी, एक दिन उस महिला ने पुजारी से कहा, अब मैं मंदिर नही आया करूँगी। इस पर पुजारी ने पूछा क्यो? तब महिला बोलीः मैं देखती हूं लोग मंदिर परिसर में अपने फोन से अपने व्यापार की बात करते हैं कुछ ने तो मंदिर को ही गपसप करने का स्थान चुन रखा है, कुछ पूजा कम पाखंड ज्यादा करते हैं। इस पर पुजारी कुछ देर तक चुप रहे फिर कहाः सही है! परंतु अपना अंतिम निर्णय लेने से पहले आप मेरे कहने से कुछ कर सकती है। महिला बोलीः आप बताइए क्या करना है। पुजारी ने कहाः एक गिलास पानी से भरकर लीजिए और 2 बार मंदिर परिसर के अंदर परिक्रमा लगाइए शर्त ये है कि गिलास का पानी गिरना नही चाहिए। महिला बोलीः में ऐसा कर सकती हूँ फिर थोड़ी ही देर में उस महिला ने ऐसा कर दिखाया। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने महिला से 3 सवाल पूछेः

1) क्या आपने किसी को फोन पर बात करते देखा? 2) क्या आपने किसी को मंदिर मे गपसप करते देखा? 3) क्या किसी को पाखंड करते देखा?

महिला बोलीः नही मैंने कुछ भी नही देखा। फिर पुजारी बोलेः जब आप परिक्रमा लगा रही थी तो आपका पूरा ध्यान गिलास पर था कि इस में से पानी न गिर जाए इसलिए आपको कुछ दिखाई नही दिया। अब जब भी आप मंदिर आए तो सिर्फ अपना ध्यान परम पिता परमात्मा में ही लगाना फिर आपको कुछ दिखाई ही नही देगा। सिर्फ भगवान ही सर्ववृत दिखाई देगा, जब ऐसा होगा तो स्वयं ही कल्पना कर लीजिएगा।

## सटाका




## आज की पाती

### स्वतंत्रता का अनुचित प्रयोग

कुछ कथित उच्च शिक्षित, जाहिल, गंवार लोग जब सार्वजनिक रूप से (विशेषकर सोशल मीडिया पर) सड़कछाप व्यवहार करने लगते हैं तो ऐसे मूर्ख लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उसी क्षण खत्म हो जाती है। कला और विचार प्रकट करने की आजादी के नाम पर किसी को भी देश, समाज में अश्लीलता फैलाने के उपद्रव को दुनिया का कोई भी सभ्य-सुसंस्कृत संविधान कभी कोई स्वतन्त्रता प्रदान नहीं करता। ऐसे सर्वथा अवांछित, अप्रिय, समाज विरोधी कार्य करने वालों का प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन करने वाले सभी आधुनिक मनोरोगी भी उतने ही बड़े अपराधी माने जाने चाहिए। सिर्फ मजाक के नाम पर ही नहीं, कई बार गंभीर मुद्रा में प्रदर्शन करते हुए भी कुछ पॉडकास्ट पर दुर्जन लोग गंदी, अश्लील, अभद्र, अशोभनीय बातें करते हैं। आजादी का अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहिए। - **रमेश यदु**, रायगढ़

## ट्रेंड

### गठबंधन की प्रचंड जीत



महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में भाजपा-शिवसेना गठबंधन की प्रचंड जीत यह बताती है कि जनता का विश्वास सिर्फ एनडीए की विकास नीति पर है। यह ऐतिहासिक सफलता, महायुति सरकार द्वारा प्रदेश में किए गए विकास और जनकल्याण के कार्यों पर जनता की मुहर है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### स्टार्टअप इंडिया का दशक



स्टार्टअप इंडिया ने एक दशक पूरा कर लिया है और यह भारत के विकास गाथा में एक महत्वपूर्ण अध्याय का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित इस पहल ने डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त 2 लाख से अधिक स्टार्टअप्स को सशक्त बनाया है, 21 लाख रोजगार सृजित किए हैं।

- नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### विकास की राजनीति



महाराष्ट्र की सभी 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि राज्य की जनता ने स्थिर नेतृत्व, सुशासन और विकास की राजनीति पर अपना भरोसा जताया है।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### ज़ुल्म और अत्याचार



भाजपा अपने संगी-साथियों को फायदा पहुंचाने के चक्कर में काशी की दाल मंडी में हर घर-दुकानदार को दल रही है। ये ज़ुल्म और अत्याचार जनता अब और नहीं सहेगी। सत्ता भी भाजपाइयों को सिर्फ़पैसे कमाने के लिए ही चाहिए।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

### ताकतवर देशों को सुधार के लिए आगे रहना चाहिए : संरा



संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि दुनिया के सबसे ताकतवर देशों को सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए सबसे आगे रहना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग आज विशेषाधिकारों से चिपके रहने की कोशिश करेंगे, उन्हें कल इसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है। संरा महासचिव गुतारेस ने बृहस्पतिवार को 193 सदस्यीय महासभा में 2026 के लिए अपनी प्राथमिकताओं पर अपने भाषण में कहा, ''ऐसी संस्थाओं में सुधार होना चाहिए जो आज की दुनिया को दर्शाती हों। 1945 के समस्या समाधान के तरीकों से 2026 की समस्याओं का हल नहीं निकलेगा। अगर ढांचे हमारे समय, हमारी दुनिया, हमारी वास्तविकताओं को नहीं दिखाते हैं तो वे अपनी पहचान खो देंगे।'' उन्होंने समकालिक वास्तविकताओं को दिखाने के लिए वैश्विक संस्था में सुधार का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं का वैश्विक जीडीपी में हिस्सा हर दिन थोड़ा-थोड़ा कम हो रहा है, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थाओं का आकार, ताकत और असर बढ़ रहा है। गुतारेस ने कहा, जो लोग आज विशेषाधिकारों से चिपके रहने की कोशिश करते हैं, उन्हें कल इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## ऑफ बीट

### आसमानी बिजली के अलग-अलग रूप



सदियों से आसमानी बिजली लोगों का ध्यान खींचती रही है। यह (आसमानी बिजली) मिथक, धर्म और लोकप्रिय संस्कृति में बसी हुई है। बिजली तब उत्पन्न होती है जब बादलों में विद्युत आवेश का निर्माण होता है। यह कुछ हद तक वैसा ही है जैसे जब आप अपने बालों को कंघी करते हैं या ट्रैम्पोलिन पर कूदते हैं तो बाल खड़े हो जाते हैं, लेकिन बादलों में विद्युत आवेश के निर्माण की प्रक्रिया बहुत अधिक तीव्र होती है। बादलों में यह आवेश तब बनता है जब ठोस और तरल जलकण आपस में टकराते हैं, जो गर्म हवा ऊपर उठने और ठंडी हवा नीचे गिरने (संवहन) के कारण होता है। जब आवेश अत्यधिक बढ़ जाता है, तो बिजली हवा के माध्यम से प्रवाहित होती है, जिसे हम चमक के रूप में देखते हैं। हम बिजली की चमक तुरंत देख लेते हैं, लेकिन गरज की आवाज बाद में आती है। आवाज़ को एक किलोमीटर की दूरी तय करने में लगभग तीन सेकंड लगते हैं। चमक और गरज के बीच का समय देखकर बिजली की दूरी का अनुमान लगाया जा सकता है। वैसे, बिजली सिर्फ पृथ्वी पर ही नहीं पाई जाती; वैज्ञानिकों ने हाल ही में मंगल ग्रह पर भी इसे देखा है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# अमेरिकी आक्रामकता के बावजूद चाबहार बंदरगाह में जारी भारत का निर्माण कार्य: जायसवाल

## अमेरिका ने मामले पर पिछले साल 28 अक्टूबर को भारत को भेजा था बिना शर्त छूट देने वाला एक पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते कुछ वक्त से ईरान में बढ़ती जा रही अमेरिका की आक्रामकता के बीच भारत द्वारा चाबहार परियोजना से अपने हाथ पीछे खींचने को लेकर सामने आ रही सूचना को शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पुरजोर अंदाज में खारिज कर दिया है।

उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम के बीच अमेरिका के वित्त (ट्रेजरी) विभाग ने पिछले साल 28 अक्टूबर 2025 को भारत को एक पत्र भेजा था। जिसमें उन्होंने हमें 'बिना किसी शर्त के साथ छूट' (अनकंडीशनल वेवर) प्रदान की है। पत्र की वैधता 26 अप्रैल 2026 तक की है। भारत इस व्यवस्था को लेकर अमेरिकी पक्ष के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है। रणधीर जायसवाल ने राजधानी में आयोजित की गई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी दी है।

अमेरिकी पक्ष के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है भारत

ईरान में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी सरकार

### चाबहार बंदरगाह का रणनीतिक महत्व


विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

*गौरतलब है कि चाबहार बंदरगाह ओमान की खाड़ी के तट पर दक्षिण-पूर्वी ईरान में स्थित चाबहार शहर में स्थित एक बंदरगाह है। जिसे ईरान के एकमात्र समुद्री बंदरगाह के रूप में भी जाना जाता है। यह भारत के लिए रणनीतिक और आर्थिक रूप से काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसकी मदद से भारत, पाकिस्तान को दरकिनार कर अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंचने का एक सीधा समुद्री मार्ग मिलता है। जिससे व्यापार के मामले में न केवल समय और लागत घटती है। बल्कि पाकिस्तान द्वारा अवैध ढंग से कब्जा किए हुए कश्मीर (पीओके) में बनाए जा रहे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपेक) की परियोजना के बीच संतुलन स्थापित करने में मदद मिलती है। साथ ही यह पश्चिमी कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय प्रभाव के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भारत चाबहार बंदरगाह में जारी निर्माण कार्य से वर्ष 2004 से जुड़ा हुआ है।*

### भारतीयों के कल्याण के लिए उठाएंगे कदम

उन्होंने मौजूदा चिंताजनक हालातों में ईरान में रह रहे भारतीयों की सुरक्षित स्वदेश वापसी को लेकर कोई सरकारी अभियान चलाने से जुड़े प्रश्न पर कहा कि ईरान में अभी हमारे लगभग 9 हजार नागरिक रहते हैं। जिसमें ज्यादातर छात्र, तीर्थयात्री, व्यापारी और नाविक हैं। लेकिन तेहरान सहित अन्य जगहों पर जारी हर छोटी-बड़ी गतिविधि या घटनाक्रम पर हमारी बारीक नजर बनी हुई है। भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए सभी जरूरी उठाएगा। पिछले दिनों हमने इस संबंध में 2 से 3 एडवाइजरी भी जारी की हैं, जिनमें कुछ में हमने अपने लोगों को फिलहाल ईरान की यात्रा करने से बचने की सख्त सलाह दी है। जबकि कुछ में उनसे कहा गया है कि अगर वो ईरान छोड़कर भारत वापस आना चाहते हैं। तो वहां पर मौजूद यातायात के किसी भी साधन का इस्तेमाल कर वो ऐसा कर सकते हैं। ईरान ने वाणिज्यिक उड़ानों पर रोक नहीं लगाई है। ऐसे में भारतीय इनका इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके अलावा तेहरान में भारत के दूतावास के अलावा अन्य जगहों पर जो हमारी राजनयिक सुविधाएं हैं। वह देश के 9 हजार नागरिकों से अलग-अलग तरह से संपर्क कर रहे हैं।

### भारत-ईरान के बीच दीर्घकालिक भागीदारी

रणधीर ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत और ईरान के बीच दीर्घकालिक भागीदारी है। वर्तमान में भी हम इस भागीदारी को ऐसे ही आगे बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि ईरान से व्यापार करने वाले देशों पर अमेरिका द्वारा 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा को लेकर बने हुए घटनाक्रम पर भारत की पैनी नजर बनी हुई है। बीते वित्त वर्ष में भारत का ईरान के साथ द्विपक्षीय व्यापार 1.6 बिलियन डॉलर था। जिसमें हमारे द्वारा ईरान को किया गया निर्यात 1.2 बिलियन डॉलर था।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका के ओरेगॉन में 6.2 तीव्रता का भूकंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के ओरेगॉन इलाके के तटीय क्षेत्र में गुरुवार को भूकंप के झटके लगे। रिक्टर स्केल पर भूकंप के इन झटकों की तीव्रता 6.2 रही। हालांकि इसमें अभी किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं हैं।



जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंस ने बताया कि भूकंप का केंद्र जमीन के 10 किलोमीटर अंदर था। नेशनल सुनामी वार्निंग सेंटर द्वारा अभी तक सुनामी को लेकर कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। ओरेगॉन के जिस इलाके में भूकंप के झटके महसूस किए गए, वह ओरेगॉन और कैलिफोर्निया की सीमा पर स्थित है।

### पूर्व राष्ट्रपति यून को पांच साल कैद की सजा

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पांच साल कैद की सजा सुनाई। यह फैसला उनके द्वारा मार्शल लॉ लगाए जाने और अन्य आरोपों को लेकर उनके खिलाफ आठ आपराधिक मुकदमों में पहला निर्णय है। इन आरोपों के कारण उन्हें पद से हटना पड़ा था। दिसंबर 2024 में थोड़े समय के लिए मार्शल लॉ लागू किए जाने के बाद व्यापक विरोध भड़क उठा, जिसमें लोगों ने उनके इस्तीफे की मांग की। इसके बाद यून सुक योल पर महाभियोग लगाया गया, उन्हें गिरफ्तार किया गया था।



## 18वां इंडिया-जापान रणनीतिक डायलॉग

# दोनों देशों का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर साथ में काम करना जरूरी


18वें इंडिया-जापान रणनीतिक डायलॉग में भारत-जापान प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत और जापान के बीच बढ़ते संबंधों की सराहना करते हुए कहा कि भारत क्वाड, संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जापान के साथ मिलकर काम करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते अब केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं रहे, बल्कि व्यापक और रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। नई दिल्ली में आयोजित 18वें इंडिया-जापान रणनीतिक डायलॉग के दौरान जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी के साथ एस. जयशंकर ने कहा कि पिछले दो दशकों में भारत-जापान संबंधों ने नया आयाम हासिल किया है। भारत जापान के साथ अपनी दोस्ती को बहुत अधिक प्राथमिकता देता है। आज हम अंतरराष्ट्रीय फोरम पर जापान के साथ काम करने को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं, जिनमें क्वाड, संयुक्त राष्ट्र, जी4 सदस्यता और जी-20 प्रमुख हैं।

### साझा रणनीतिक लक्ष्यों पर करें काम

जयशंकर ने कहा कि इंडो-पैसिफिक को राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक ढांचे के रूप में उभारने की नींव जापान के एक पीएम ने भारतीय संसद में अपने भाषण के जरिए रखी थी। जयशंकर ने कहा कि भारत का इंडो-पैसिफिक विजन, जापान के 'फ्री और ओपन इंडो-पैसिफिक' दृष्टिकोण से काफी मेल खाता है। विदेश मंत्री ने मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत और जापान के साझा रणनीतिक लक्ष्यों पर मिलकर काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम अग्रणी लोकतंत्र हैं और बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। आज हमारे पास सिर्फ अवसर नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था को आकार देने की जिम्मेदारी भी है।

### 2027 में 75 साल पूरे होंगे राजनयिक संबंध

जयशंकर ने कहा कि भारत और जापान वर्ष 2027 में अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की 'खास, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' लगातार मजबूत होती जा रही है। विदेश मंत्री ने कहा कि जापानी विदेश मंत्री की हालिया फिलीपींस, कतर, इजराइल और फिलिस्तीन यात्रा भारत और जापान के इंडो-पैसिफिक तथा वेस्ट एशिया में साझा हितों को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह ऊर्जा संचार और क्षेत्रीय स्थिरता में दोनों देशों की समान सोच को भी रेखांकित करता है।

## ईरान संकट खत्म करने के लिए अब रूस ने की मध्यस्थता की पेशकश

# नेतन्याहू से चर्चा कर पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान को मिलाया फोन

एजेंसी ▶▶ मॉस्को/ वॉशिंगटन

मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच रूस ने कूटनीतिक पहल तेज कर दी है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पहले इजराइल के पीएम नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की और इसके तुरंत बाद ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से संपर्क साधा। क्रेमलिन के मुताबिक, पुतिन क्षेत्र में तनाव घटाने और स्थिरता बहाल करने के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक प्रयासों के पक्ष में हैं।

रूस का कहना है कि पुतिन मध्य पूर्व और ईरान से जुड़े हालात में तनाव कम करने के लिए सक्रिय रहेंगे।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि पुतिन क्षेत्रीय हालात को शांत करने की दिशा में प्रयास जारी रखेंगे। इससे पहले पुतिन ने नेतन्याहू से बातचीत में रूस की मध्यस्थता की पेशकश भी रखी और कहा कि सुरक्षा व स्थिरता के लिए राजनीतिक रास्ता ही बेहतर विकल्प है। नेतन्याहू से फोन पर बातचीत में पुतिन ने मध्य पूर्व और ईरान की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की।

क्रेमलिन के अनुसार, पुतिन ने स्पष्ट किया कि रूस क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों को तेज करने के पक्ष में है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी तरह के सैन्य टकराव से बचना सभी पक्षों के हित में होगा। रूस दोनों पक्षों ईरान और इजराइल से सीधे बात कर रहा है। इसका उद्देश्य संवाद के जरिए गलतफहमियां कम करना और टकराव की आशंका को घटाना है। रूस का मानना है कि क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सभी पक्षों को बातचीत की मेज पर लाना जरूरी है।

4 खाड़ी देशों ने भी अमेरिका को दो दिन में दी समझाईश

ट्रंप ईरान में जमीनी स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए

### ईरान पर अमेरिका हमला न करे: अरब देश


इजराइल पीएम नेतन्याहू, रूसी राष्ट्रपति पुतिन, ईरानी राष्ट्रपति मसूद

खाड़ी देशों सऊदी अरब, कतर, ओमान और मिस्र ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का रास्ता खोला है। करीब 48 घंटे की कोशिश के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान पर संभावित हमले को टाल दिया है। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा था कि फिलहाल ईरान पर हमला नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईरान में हिंसा की घटनाएं कुछ कम हुई हैं। ये चारों देश पश्चिम एशिया में अमेरिका के सहयोगी हैं और इन देशों ने अमेरिका से अपील की है कि वे ईरान पर हमला न करें। इन देशों को आशंका है कि अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है, जिससे पूरे क्षेत्र असर पड़ सकता था। इन चारों देशों ने अमेरिका को बताया कि अगर ईरान पर हमला हुआ तो इसके गंभीर सुरक्षा और आर्थिक परिणाम होंगे। इसका असर पूरे क्षेत्र पर पड़ेगा और अंत में अमेरिका भी इससे प्रभावित होगा।

### न्यूजीलैंड ने बंद किया दूतावास

न्यूजीलैंड ने ईरान में जारी विरोध प्रदर्शन, हिंसा और अमेरिका के साथ जारी तनाव के बीच अस्थायी तौर पर तेहरान में स्थित अपने दूतावास को बंद करने का फैसला किया है। साथ ही अपने वाणिज्य दूतावास को तुर्किए के अंकारा में स्थानांतरित कर दिया है। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि उसके सभी राजनयिक स्टाफ ने तेहरान छोड़ दिया है।


### ईरान के एयरस्पेस से बच रहीं एयरलाइंस



ईरान ने बुधवार को कुछ घंटों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था। हालांकि बाद में एयरस्पेस को फिर से खोल दिया गया। हालांकि इसके बावजूद यूरोपीय एयरलाइंस ईरान के एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं कर रही हैं और अफगानिस्तान और मध्य एशिया के ऊपर वाले रूट से उड़ान भर रही हैं। एयरलाइंस का मानना है कि किसी भी तरह के संभावित खतरे के लिए ऐसा करना जरूरी है।

ट्रंप प्रशासन का दावा

### अमेरिकी दबाव में ईरान ने रोकी फांसी


कैरोलिन लेविट

*ट्रंप प्रशासन ने दावा किया है कि ईरान में कल होने वाली 800 फांसी की सजाओं के अमल पर रोक लग गई है। व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का अधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम ने ईरानी शासन को यह संदेश दिया है कि अगर हत्याएं जारी रहीं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि पता चला है कि शुक्रवार को होने वाली 800 फांसी की सजाएं रोक दी गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के मामले में ट्रंप के लिए 'सभी विकल्प खुले हैं।' लेविट ने कहा कि सच्चाई यह है कि केवल राष्ट्रपति ट्रंप जानते हैं कि वह क्या करने जा रहे हैं और सलाहकारों की एक बहुत, बहुत छोटी टीम को ही उनकी सोच की जानकारी है। वह ईरान में जमीनी स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं।*

सीसीएस में लगेगी अंतिम मोहर

# केंद्र से 114 अतिरिक्त राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद को मिली अनुमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की वायु रक्षा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने 114 अतिरिक्त राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रक्षा खरीद बोर्ड द्वारा इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिलना इस बहुप्रतीक्षित सौदे की पहली बड़ी औपचारिक सफलता मानी जा रही है।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाले रक्षा खरीद बोर्ड ने शुक्रवार को हुई बैठक में इस आशय का प्रस्ताव मंजूर कर लिया। यह प्रस्ताव अब रक्षा अधिग्रहण परिषद के पास जाएगा।



### 3.25 लाख करोड़ का रक्षा सौदा

भारत सरकार जिस राफेल लड़ाकू विमान डील पर काम कर रही है, उसकी कुल लागत करीब 3.25 लाख करोड़ रुपए (लगभग 36 अरब डॉलर) बताई जा रही है। यह सौदा अब तक का भारत का सबसे बड़ा रक्षा सौदा माना जा रहा है। इसके तहत कुल 114 राफेल विमान खरीदे जाएंगे।

### मेक इन इंडिया' को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

इस डील में 'मेक इन इंडिया' पर भी खास जोर दिया गया है। शुरुआती दौर में विमानों में करीब 30 प्रतिशत स्वदेशी उपकरण और सामग्री इस्तेमाल होगी, जिसे आगे बढ़ाकर 60 प्रतिशत तक करने की योजना है। आमतौर पर ऐसे सौदों में 50–60 प्रतिशत स्वदेशी हिस्सेदारी की शर्त होती है, जिसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। भारत चाहता है कि इन राफेल विमानों में भारतीय हथियार और सिस्टम लगाए जाएं, हालांकि विमानों के सॉफ्टवेयर के सोर्स कोड फ्रांस के पास ही रहेंगे। अगर यह सौदा अंतिम रूप लेता है।

भारत-अमेरिका के विदेश मंत्रियों की बातचीत में शामिल रहा व्यापार का मुद्दा

# संबंधों में तनातनी के दौर में डॉ. जयशंकर और मार्को रुबियो के बीच 13 जनवरी को हुई पहली बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों डॉ. एस. जयशंकर और मार्को रुबियो के बीच बातचीत हुई है। जिसमें दोनों के द्विपक्षीय मुद्दों जैसे व्यापार, रक्षा, जटिल खनिज, ऊर्जा और नागरिक परमाणु सहयोग पर चर्चा की गई है। साथ ही क्षेत्रीय घटनाक्रम पर भी दोनों शीर्ष नेताओं ने विचारों का आदान-प्रदान किया है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि डॉ. जयशंकर और मार्को रुबियो की यह वार्ता बीते 13 जनवरी को हुई थी। दोनों देशों के बीच लगातार उच्च-स्तरीय संवाद प्रक्रिया चल रही है। इसी के तहत वाशिंगटन डीसी में हमारे दूतावास के प्रतिनिधि भी अमेरिकी पक्ष से मुलाकात के साथ चर्चा करते रहते हैं। यह प्रयास आगे भी जारी रहेगी।

### काबुल में दूतावास में हुई सीडीए की नियुक्ति

जायसवाल ने बताया कि भारत और अफगानिस्तान के राजनयिक परिसरों (दूतावास) में चार्ज डी अफेयर्स (सीडीए) ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। अफगानिस्तान के नई दिल्ली स्थित दूतावास में बीते 9 जनवरी को अफगानी चार्ज डी अफेयर ने अपनी जिम्मेदारी संभाली है। जबकि भारत द्वारा काबुल में जिस तकनीकी मिशन को दूतावास के स्तर पर उन्नत किया गया है। उसी मिशन के प्रभारी ने दूतावास में चार्ज डी अफेयर्स का पदभार ग्रहण किया है।


जयशंकर और मार्को रुबियो फाइल फोटो

### फिल्म निर्माण में दखल नहीं

गलवान घाटी इलाके में हुई सैन्य झड़प पर बनी सलमान खान स्टारर फिल्म को लेकर चीन की आपत्ति के जवाब में प्रवक्ता ने कहा कि भारत में फिल्म निर्माण संबंधी प्रक्रिया की निगरानी संबंधित प्राधिकरण करते हैं। जिनमें सरकार का कोई दखल नहीं रहता है।

### म्यांमार में पारदर्शी-समावेशी चुनाव के पक्ष में भारत

रणधीर ने ब्रीफिंग में कई अन्य प्रश्नों के भी जवाब दिए। जिसमें उन्होंने कहा कि भारत म्यांमार में समावेशी और पारदर्शी चुनावों के पक्ष में है। अभी फिलहाल चुनाव के दो चरण पूरे हो चुके हैं। भारत के पास पड़ोसी देश में चुनाव के दौर में वहां जाने के लिए (पर्यवेक्षक) लोग हैं। लेकिन जो अभी वहां गए हैं। वो लोग अपनी निजी क्षमता में वहां गए हैं। उनका मंत्रालय से कोई संबंध नहीं है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बनाए जा रही सीपैक परियोजना पर किए गए चीन के दावे को लेकर शक्सगाम घाटी को लेकर भारत ने पहले ही अपना रुख मंत्रालय की पिछली ब्रीफिंग में दो टूक अंदाज में साफ कर दिया है।

## रक्षा सचिव सिंह ने 77वें गणतंत्र दिवस समारोह से जुड़ी अहम जानकारी साझा की

# ईयू का नौसैन्य दस्ता भारत की सेनाओं के साथ कर्तव्य पथ पर करेगा मार्च

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को साउथ ब्लॉक में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर आयोजित किए जाने वाले 77वें गणतंत्र दिवस समारोह से जुड़ी हुई जानकारी दी। जिसमें उन्होंने कहा कि इस वर्ष परेड समारोह की मुख्य थीम वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर केंद्रित रहेगी। जिसकी खास बात यह होगी कि इसकी प्रस्तुति न केवल देश के इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन के लिए तैयार किए गए निमंत्रण पत्रों पर लोगो के रूप में देखने को मिलेगी। बल्कि आयोजन दिवस पर कर्तव्य पथ पर मुख्य मंच पर फूलों की सजावट के साथ भी इसे बेहद खूबसूरती के साथ दर्शाया जाएगा।

*मुख्य थीम वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर केंद्रित रहेगी*

*मुख्य मंच फूलों की सजावट से आकर्षक दिखेगा*


राजेश कुमार सिंह

### यूरोपीय परिषद और आयोग के अध्यक्ष मुख्य अतिथि होंगे

उन्होंने बताया कि इस वर्ष समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जहां यूरोपीय परिषद और आयोग के अध्यक्ष शिरकत करेंगे। वहीं, यूरोपीय संघ (ईयू) की नौसेना का एक दस्ता भी कर्तव्य पथ पर भारतीय सशस्त्र सेनाओं के साथ कदमताल करता हुआ नजर आएगा। हालांकि आकार में यह बहुत अधिक बड़ा नहीं होगा।

### ऑपरेशन सिंदूर में प्रयोग किए गए हथियार परेड का हिस्सा होंगे

ऑपरेशन सिंदूर में प्रयोग किए गए हथियारों को परेड समारोह का हिस्सा बनाया जाएगा। ब्रह्मोस, नाग मिसाइल से लेकर आकाश एयर डिफेंस सिस्टम और सेना की नवगठित भैरो बटालियन, लद्दाख स्काउट्स (बैटल ऐरे फॉर्मेट में होगा सेना का दस्ता) भी आयोजन का हिस्सा बनेंगे।

### नदियों के नाम पर होंगी दीर्घाएं

रक्षा सचिव ने कहा कि परेड समारोह देखने के लिए आने वाले दर्शकों के बैठने के लिए बनाई गई दीर्घाओं के नाम इस बार भारत की प्रमुख नदियों के नाम पर रखे गए हैं। जिनमें कुछ पुराने चित्र लगाए जाएंगे। जिन पर राष्ट्रगीत की कुछ पंक्तियां अंकित रहेंगी। वहीं, मुख्य मंच पर फूलों की आकृति के साथ वंदे मातरम के रचयिता को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। समारोह के समापन पर यानी परेड के अंत में वंदे मातरम की थीम वाले बैनर के साथ गुब्बारे हवा में छोड़े जाएंगे।

### 90 मिनट की होगी परेड

राजेश कुमार सिंह ने कहा कि परेड की कुल समय अवधि में कोई खास बदलाव नहीं किया गया है। बल्कि ये पहले की तरह 90 मिनट की ही होगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का खुले तौर पर इस आयोजन में जिक्र नहीं किया गया है। क्योंकि हम देश के रणनीतिक या अभियान संबंधी तत्व को परेड से पीछे रखना चाहते थे। हां, समारोह में भारत की रणनीतिक ताकत के प्रतीक यानी हमारे मुख्य हथियारों, सैन्य सामग्री और अन्य युद्धक प्लेटफार्म का देश-दुनिया के लोगों को साक्षात नजारा जरूर देखने को मिलेगा। आयोजन स्थल पर कुल करीब 77 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है। जबकि अभी तक इसे लेकर 32 हजार टिकटों की बिक्री हो चुकी है।

## यूएन महासचिव गुटेरेस बोले

# 1945 की वैश्विक संस्थाएं 2026 की बदलती दुनिया के अनुरूप नहीं रहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि विकसित देशों की तुलना में विकासशील देशों की तेज आर्थिक वृद्धि की प्रवृत्ति संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में सुधार की मांग करती है। गुटेरेस ने कहा कि हर दिन वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में विकसित अर्थव्यवस्थाओं की हिस्सेदारी धीरे-धीरे घट रही है। हर दिन उभरती अर्थव्यवस्थाएं आकार, ताकत और प्रभाव में बढ़ रही हैं। हर दिन दक्षिण-दक्षिण व्यापार, उत्तर-उत्तर व्यापार से आगे निकलता जा रहा है। 1945 की वैश्विक संस्थाएं 2026 की बदलती दुनिया की चुनौतियों के अनुरूप नहीं हैं। हमारी संरचनाओं को इस बदलती दुनिया को प्रतिबिंबित करना होगा क्योंकि 1945 में जब संयुक्त राष्ट्र और प्रमुख वैश्विक वित्तीय संस्थानों की स्थापना हुई थी, तब जो व्यवस्थाएं कारगर थीं, वे 2026 की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकतीं। सुरक्षा परिषद और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की शक्ति को अपडेट करना जरूरी है।


एंटोनियो गुटेरेस

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन के नेतृत्व में दावोस में निवेश अभियान

# मध्य प्रदेश एक बार फिर वैश्विक निवेश केंद्र वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में दर्ज कराएगा सशक्त मौजूदगी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मप्र एक बार फिर वैश्विक निवेश केंद्र वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) 2026 के मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन को राज्य की विकास नीति का केंद्र बनाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीते एक वर्ष में देश-विदेश में निरंतर निवेश संवाद किया है। अब जनवरी में दावोस दौरे के जरिए मप्र मैन्युफैक्चरिंग, रिन्यूएबल एनर्जी, लॉजिस्टिक्स, टैक्सटाइल, रसायन उद्योग और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में वैश्विक उद्योग जगत से संवाद कर मप्र आमंत्रित किया जाएगा। इस वर्ष वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की थीम द स्प्रिट ऑफ डायलॉग रखी गई है, जो सहयोग और साझेदारी पर आधारित विकास मॉडल को रेखांकित करती है।

इसी भावना के अनुरूप मप्र अपनी सहभागिता के साथ दावोस में निवेश-केंद्रित संवाद, नीति प्रस्तुतिकरण और रणनीतिक साझेदारियों पर फोकस करेगा। लगभग पांच वर्षों बाद राज्य सरकार की औपचारिक भागीदारी को वैश्विक मंच पर मप्र की नई आर्थिक ऊर्जा और प्रशासनिक तत्परता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।


फाइल फोटो

### निवेश नीतियों को सरल, पारदर्शी और उद्योग अनुकूल बनाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने निवेश नीतियों को सरल, पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल बनाया है। ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस, त्वरित निर्णय प्रणाली और भूमि-आवंटन की सरल प्रक्रिया को दावोस में वैश्विक निवेशकों के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा। राज्य का उद्देश्य केवल निवेश प्रस्ताव प्राप्त करना नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और भरोसेमंद साझेदारी विकसित करना है। दावोस में मप्र की सहभागिता के दौरान वैश्विक सीईओ और अध्यक्षों के साथ बैठकों में औद्योगिक विस्तार, निर्यात क्षमता और रोजगार सृजन पर चर्चा होगी। मप्र की औद्योगिक प्राथमिकताओं और निवेश-अनुकूल वातावरण को प्रस्तुत किया जाएगा।

**वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ेगा मप्र**

मप्र विशेष रूप से कृषि एवं फूड प्रोसेसिंग, बायोटेक-फार्मा-हेल्थकेयर, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, टैक्सटाइल एवं गारमेंट, रियल एस्टेट, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स, शिक्षा और खेल अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में निवेश संवाद करेगा। लोकल टू ग्लोबल रणनीति के तहत मप्र अपने संसाधनों और कुशल मानव-शक्ति को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ेगा। दावोस एजेंडे में ऊर्जा और रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में अडानी समूह के साथ मुरैना विद्युत वितरण से जुड़े एमओयू, अडानी डिफेंस के साथ रक्षा उत्पादन में सहयोग, स्विट्ज़रलैंड की शिवाग एजी को औद्योगिक भूमि आवंटन, डीपी वर्ल्ड (यूएई) के साथ स्ट्रेटेजिक लॉजिस्टिक्स हब और फ्रांस की सानोफी द्वारा भोपाल में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसे प्रस्ताव शामिल हैं।

### मप्र में सेंटर फॉर फोर्थ इंडस्ट्रियल रिवोल्यूशन की स्थापना का प्रस्ताव भी शामिल

*वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सहयोग से मप्र में सेंटर फॉर फोर्थ इंडस्ट्रियल रिवोल्यूशन (सी4आईआर) की स्थापना का प्रस्ताव भी इस दौरे का प्रमुख आकर्षण है। कृषि-प्रौद्योगिकी, फूड प्रोसेसिंग, जलवायु अनुकूलन और सतत विकास पर केंद्रित इस केंद्र को लेकर 19 जनवरी को एमपीआईडीसी और वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम के बीच एमओयू हस्ताक्षर प्रस्तावित है। मप्र की दावोस सहभागिता का केंद्र बिंदु राज्य के प्राथमिक फोकस सेक्टर्स को वैश्विक निवेश मानचित्र से जोड़ना है। कृषि एवं फूड प्रोसेसिंग, मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, टेक्सटाइल, रसायन उद्योग, रियल एस्टेट और निर्यात उन्मुख उद्योगों में निवेश के अवसरों को रणनीतिक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। राज्य सरकार का उद्देश्य ऐसे निवेश को आकर्षित करना है जो तकनीक, कौशल विकास और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा दे।*

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस 21 को

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में आगामी 21 जनवरी बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में होगी। कांफ्रेंस में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कांफ्रेंस के बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा होगी। मंत्रालय में होने वाली इस कांफ्रेंस में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित होंगे जबकि कलेक्टर, कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता करेंगे।

### शर्मा के बयान की निंदा की वकील शबनम ने

**भोपाल।** वीएचपी नेता संतोष शर्मा द्वारा विगत दिनों दिए एक वाहन को लेकर राजधानी की मुस्लिम समाज की महिलाओं में रोष देखने को मिल रहा है। इसी के तहत अधिवक्ता शबनम खान ने उस बयान को अत्यंत आपत्तिजनक, संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध, आपराधिक प्रकृति का और सामाजिक सौहार्द को बिगड़ने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे बयान दोहराए जाते हैं, तो वे जिला एवं राज्य प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगी। संविधान के दायरे शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से शर्मा के निवास के सामने धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगी।

### संस्थान कर सकते हैं उच्च योग्यता निर्धारित

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मेडिकल शिक्षक भर्ती से जुड़े एक मामले में स्पष्ट किया कि मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की गाइडलाइन के तहत संबंधित संस्थान चयन के लिए उच्च योग्यता निर्धारित कर सकते हैं। इस मत के साथ कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने कहा कि अंतरिम राहत देने से उनके साथ अन्याय होगा, जिनके पास समान योग्यता है, लेकिन जिन्होंने संबंधित विज्ञापन में भाग नहीं लेने का विकल्प चुना है। कोर्ट ने स्वास्थ्य एवं मेडिकल एजुकेशन विभाग के संचालक, नेशनल मेडिकल कमीशन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। भोपाल की डॉ. सविता राठौर सहित 12 अन्य सहायक प्राध्यापकों द्वारा याचिका दायर कर उन्हें चयन प्रक्रिया में शामिल करने की राहत चाही थी।

### आईपीएस मीट के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में पुलिस का सबसे महत्वपूर्ण योगदानः सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

आईपीएस मीट के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस विभाग के कामकाज को लेकर पुलिस कार्य में चुनौतियां का जिक्र किया। साथ ही नक्सलवाद की समस्या का पूर्ण उन्मूलन की पुलिस को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नई ऊर्जा का संचालन करने के लिए श्रीकृष्ण भगवान की सेना के अनुशासन का हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। हमारे देश की आंतरिक सुरक्षा और प्रशासनिक तंत्र को मजबूत करने में पुलिस का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। साथ ही कहा कि पुलिस अधिकारी समागम के दो दिनों में अपने अनुभव साझा कर उत्साह के साथ समागम का आनंद लें।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने वर्ष 2025 में मध्य प्रदेश पुलिस की उपलब्धियों और चुनौतियों के विषय में संबोधन दिया तथा नक्सल समस्या का उन्मूलन, डायल 112 का संचालन, ई-जीरो एफआईआर, पुलिस के उत्कृष्ट कार्य, गुम बालक बालिकाओं की दस्तयाबी, सेफ क्लिक अभियान, तनाव मुक्ति का प्रयास, नशा मुक्ति अभियान, पुलिस भर्ती बोर्ड, इन्वेस्टीगेशन अलाउंस आदि विषयों पर संबोधन दिया तथा उज्जैन महाकुंभ की तैयारियों की जानकारी दी।

*श्रीकृष्ण भगवान की सेना के अनुशासन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए*


मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में डीजीपी मकवाणा और अधिकारियों का समूह।

### आपसी समन्वय और पारिवारिक कार्यक्रम के लिए आईपीएस मीट का आयोजन

भारतीय पुलिस सेवा संघ, मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2026 का वार्षिक सम्मेलन 16 एवं 17 जनवरी 2026 को भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय इस आयोजन में प्रदेश भर के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी तथा उनके परिजन सहभागिता करेंगे। सर्विस मीट का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय को सुदृढ़ करना, व्यावसायिक विचार-विमर्श को प्रोत्साहित करना तथा सांस्कृतिक और पारिवारिक सहभागिता के माध्यम से सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करना है।


कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

### मनोविज्ञान पर स्पीकर ने दिया प्रजेंटेशन

उपरांत स्पीकर राजेश पंडित ने इन साइड द माइंडस आई पर सारगर्भित व्याख्यान दिया गया। राजेश पंडित एक प्रतिष्ठित प्रबंधन सलाहकार, शिक्षाविद और स्टार्टअप सलाहकार हैं। उन्होंने मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है तथा प्रतिष्ठित संगठनों में नेतृत्व पदों पर रहते हुए वैश्विक और भारतीय दोनों ग्राहकों का प्रबंधन किया है। एक व्यावहारिक शिक्षाविद के रूप में, वे आईआईएम अहमदाबाद और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस हैदराबाद में पढ़ाते हैं। उनका जीवन का ध्येय भारतीय युवाओं की सफलता में योगदान देना है।

### 19 से 29 जनवरी तक चलेगी बैठकें

# बजट पेश करने की विभागों की तैयारियां लगभग पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मध्य प्रदेश में सरकार फरवरी में बजट पेश करने जा रही है। इस बजट को पूरा करने के लिए मुख्य सचिव अनुराग जैन और अतिरिक्त मुख्य सचिव फाइनेंस के साथ सभी विभागों की बैठक आखिरी दौर की होगी। उसके बाद एक चर्चा बैठक उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा करेंगे। सभी विभागों को बैठक में शामिल होने के लिए निर्देश दे दिए हैं। 19 जनवरी से लेकर 29 जनवरी तक वित्त विभाग सभी विभागों की मैराथन बैठक करेगा कि विभाग को कितना बजट आवंटित किया जाएगा। साथ ही सरकार के काम और जनता के बीच योजनाओं की डिलीवरी पर भी बातचीत होगी।

इन बैठकों को लेकर वित्त विभाग ने आदेश जारी कर विभागों के प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारियों को बैठक में मौजूद रहने के लिए कहा गया है। सबसे पहले पशुपालन विभाग की बैठक 19 जनवरी को है। इसके साथ चार और विभाग भी शामिल किए गए हैं। बजट तैयारी की समीक्षा को जल्द समय पूरा करने के लिए एक दिन में तीन से चार विभागों की बैठक होगी। बैठकों में करीब 31 विभाग शामिल होंगे। साथ ही आगामी दिनों में वित्त मंत्री के सुझाव को भी शामिल किया जाएगा। वित्त मंत्री इन दिनों बजट को लेकर कई एक्सपर्ट से बातचीत कर रहे हैं।

**कृषि, किसान और खेती पर रहेगी सरकार का फोकस**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यह कह चुके हैं कि मध्य प्रदेश में इस साल किसान आधारित कार्यक्रम और योजनाएं सरकार चलाएगी। इससे अनुमान है कि मध्य प्रदेश की सरकार की प्राथमिकता में किसान होने वाले हैं। किसानों के लिए सरकार इस बजट में कुछ नए प्रावधान कर सकती है। साथ ही खेती को लाभ का धंधा बनाने के साथ-साथ किसानों की आय को बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा।

**10 दिन में पूरी होगी वित्त विभाग की समीक्षा**

31 विभागों की समीक्षा के लिए 10 दिन का समय तय किया गया है। इस दौरान अधिकारियों को समन्वय बनाने निर्देश दिए हैं। साथ ही पिछले बजट में कितना विभागों ने पैसा खर्च किया है। कौन-कौन सी योजनाओं में कितना फंड बकाया है। इसकी जानकारी दी जाए, क्योंकि बजट पेश करने के बाद कैग को भी रिपोर्ट देनी है। इसलिए सभी विभागों के लेखा-जोखा संबंधी विषयों को भी बैठक के दौरान चर्चा में लेकर आया जाएगा।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और जनजातीय कार्य विभाग की बैठक

# पेसा के सफल क्रियान्वयन और उपलब्धियों का हो व्यापक जनजागरणः राज्यपाल पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जनजातीय सशक्तिकरण की दिशा में पेसा, अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल ने जनजातीय समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन को विकास के नए आयाम दिए हैं।

जनजातीय समुदाय और ग्राम सभाओं में पेसा नियम की जन जागरूकता आवश्यक है। संबंधित विभाग पेसा नियम के सफल क्रियान्वयन और उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। ग्राम सभा और समितियों की विशेष सफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने नवाचार करें। राज्यपाल पटेल ने यह बात पंचायत एवं ग्रामीण विकास और जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा बैठक में कहीं। उन्होंने पेसा ग्राम सभाओं और पेसा समितियों द्वारा किए गए विशेष कार्यों की जानकारी ली और सराहना की। लोक भवन में शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल भी मौजूद रहे। पटेल ने कहा कि पेसा नियमों के तहत गठित शांति एवं विवाद निवारण समितियों की ओर से स्थानीय स्तर पर विवाद निवारण की सफलता अत्यंत उत्साहवर्धक है। बैठक में पेसा ग्राम सभाओं के वित्तीय पक्ष, वन ग्रामों को राजस्व में परिवर्तन, ग्राम सभाओं के नजरी नक्शा, लंबित प्रस्ताव, पट्टों की स्थिति, तेंदुपत्ता संग्रहण भुगतान आदि की विस्तार से समीक्षा की गई।


बैठक में राज्यपाल मंगूभाई पटेल मंत्री प्रह्लाद पटेल से चर्चा करते हुए।

### विद्यार्थी के साथ मारपीट के किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगाः सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, शहडोल में असम के विद्यार्थी के साथ हुई मारपीट पर संज्ञान लेते हुए कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय में असम के विद्यार्थी के साथ छात्रावास में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस की ओर से वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी जिम्मेदारी लेते हुए आरोपी छात्रों के विरूद्ध अपने स्तर पर आवश्यक एक्शन लिया है।

- शहडोल की यूनिवर्सिटी में असम के विद्यार्थी की पिटाई हुई थी

### भाजपा जिलाध्यक्ष यति ने किया पथ विक्रेता ऑनलाइन एप का शुभारंभ

# पथ विक्रेता एप से जोड़े जाएंगे मध्य प्रदेश के 27 लाख पथ विक्रेताः उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

पथ विक्रेता एकता संघ द्वारा शुक्रवार को मानस भवन में प्रदेश स्तरीय शक्ति संचय अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभियान में जुड़ने के लिए बड़ी संख्या में प्रदेश भर के पथ विक्रेता शामिल हुए। अभियान के शुभारंभ अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यति ने पथ विक्रेता ऑनलाइन एप का शुभारंभ किया। पथ विक्रेता एकता संघ के अध्यक्ष रत्नेश उपाध्याय ने बताया कि शक्ति संचय अभियान में 27 लाख पथ विक्रेताओं को जोड़ा जाएगा।

अभियान में संघ के पदाधिकारियों ने पथ विक्रेताओं के हितों की रक्षा और उनके विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया। उपाध्याय ने शासन की योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, पूर्व पार्षद अमित शुक्ला, गायत्री प्रसाद शर्मा, पथ विक्रेता एकता संघ के महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष रागिनी सौंधिया, संघ के वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार उपाध्याय ने सम्मान किया।


भाजपा जिलाध्यक्ष यति का सम्मान करते पदाधिकारी।

**केंद्र और राज्य योजनाओं का दिलाएंगे लाभ**

*संघ के प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश उपाध्याय ने बताया कि संघ से वर्तमान में साढ़े तीन लाख फुटकर व्यापारी जुड़े हुए हैं। संघ अब पथ विक्रेता एप के माध्यम से ऑनलाइन प्रदेश भर के करीब 27 लाख पथ विक्रेताओं जोड़ेगा। पथ विक्रेता एप का शुभारंभ हो चुका है, जिसमें प्रदेश के किसी भी कोने से पथ विक्रेता आसानी से जुड़ सकेगा। संघ से जुड़ने के बाद उसे केंद्र और राज्य की सभी सुविधाएं को लाभ दिलाया जाएगा।*

### योजना में 3 किलोवॉट के सौर संयंत्र लगाने पर 78 हजार की मिलेगी सब्सिडी

# पीएम सूर्य घर योजनाः 29 हजार 174 उपभोक्ताओं के खातों में पहुंची 227 करोड़ से अधिक की सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने क्षेत्रान्तर्गत 16 जिलों में पीएम सूर्य घर योजना में अब तक कुल 29 हजार 174 उपभोक्ता पंजीकृत हुए हैं। इनके खातों में 227 करोड़ 39 लाख रुपए से अधिक की राशि सब्सिडी के रूप में जमा कराई जा चुकी है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद विद्युत वितरण कंपनी में रजिस्टर्ड अधिकृत वेंडर से ही सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाएं।

देश के करोड़ों घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना में एक किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 30 हजार रूपये, 2 किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा 3 किलोवॉट या उससे अधिक के सोलर संयन्त्र स्थापना पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र सरकार की ओर से दी जा रही है। योजना में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा, जिसके लिए पीएम सूर्य घर योजना की वेबसाइट https://www.pmsuryaghar.gov.in पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट www.portal.mpcz.in अथवा उपाय ऐप, वॉट्सऐप चेटबॉट व टोल फ्री नं 1912 पर भी संपर्क किया जा सकता है। कंपनी ने कहा कि उपभोक्ताओं को समय पर सब्सिडी मिले इसके लिए वेंडर और उपभोक्ता दोनों को ध्यान रखना होगा कि उनके बैंक खाते में नाम, आधार कार्ड में नाम तथा बिजली बिल में नाम एक समान होना चाहिए। गौरतलब है कि 1 दिसंबर 2024 से स्थापित होने वाले प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत सौर संयंत्रों में केवल स्मार्ट मीटर ही लगाए जा रहे हैं, जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा एसओआर रेट पर उपभोक्ताओं को प्रदान किए जा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं की ओर से सोलर वेंडर को किए जाने वाले भुगतान में लगभग 6 से 8 हजार रुपए तक की कमी परिलक्षित हो रही है।

### भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को दी बधाई

# महाराष्ट्र जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में बांटी मिठाई, की आतिशबाजी



महाराष्ट्र में निकाय चुनाव में जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आतिशबाजी हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

महाराष्ट्र में संपन्न हुए निकाय चुनावों में महायुति की प्रचंड जीत पर शुक्रवार को राजधानी स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आतिशबाजी की गई। इस दौरान मिठाई बांटकर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी सहित जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महाराष्ट्र की जनता ने नकारात्मक, और परिवारवादी राजनीति को किया खारिज

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को महाराष्ट्र निकाय चुनावों में भाजपा-महायुति गठबंधन को मिली प्रचंड जीत पर पार्टी



कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रचंड जीत, जनता के अटूट विश्वास पर मुहर है। महाराष्ट्र की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल और डबल इंजन सरकार को ऐतिहासिक जनादेश दिया है। जनता ने नकारात्मक, अवसरवादी और परिवारवादी राजनीति को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन के उम्मीदवारों को विजयी बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित मध्यप्रदेश व चुनाव में जुटे सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।


एक-दूसरे को मिठाई खिलाते शर्मा, सबनानी और यति।


मिठाई खिलाते प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी।

इतवारा रोड स्थित श्री हित राधावल्लभ मंदिर में मनाया ब्याहुला उत्सव

# राधावल्लभ लाल का मनाया ब्याहुला उत्सव, गुप्त भाव में हुई दूधाभाती ठाकुर जी को दूल्हे के स्वरूप में सजाकर, राधा रानी संग रचाया ब्याह


श्री हित राधावल्लभ मंदिर में भगवान की आराधना करते हुए।


भजन कीर्तन करते हुए श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इतवारा रोड स्थित श्री हित राधावल्लभ मंदिर में परंपरागत श्रद्धा एवं उल्लास के साथ शुक्रवार को ब्याहुला उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री राधावल्लभ लाल ने चांदी की चौदंडी में विराजमान होकर ब्याह की लीला रची। मंदिर के मुखिया नीलेश आचार्य ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ धूप आरती से हुआ, जिसके बाद संध्या आरती की गई। संध्या आरती के उपरांत निकुंज लीला की परंपरा के अनुसार ठाकुर जी की गुप्त भाव में पर्दे के भीतर दूधाभाती की गई। इस दौरान मंगल कलश पधराया गया एवं ठाकुर जी को दूल्हे के स्वरूप में सुसज्जित किया गया। श्री राधावल्लभ संप्रदाय के अनुसार ब्याहुला निकुंज की एक विशिष्ट लीला है, जिसमें सखियां मिलकर श्री राधावल्लभ और श्री राधा रानी का ब्याह रचाती हैं। इस दिव्य एवं गोपनीय लीला की मर्यादा बनाए रखने के लिए समस्त विधि-विधान पर्दे के भीतर गुप्त रूप से संपन्न किए जाते हैं।

छोला दशहरा मैदान में कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

## भगवान के नाम का सुमिरन कर मुख से बोलें मीठी वाणी: ओम प्रकाश शास्त्री


कलश यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु।

**भोपाल।** अपने-अपने घरों में परिवार के लोगों को सभी रिश्तेदारों के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए मीठी वाणी बोलना चाहिए। भगवान ने यह मुख मीठी वाणी और भगवान के नाम जप करने के लिए दिया है। इसलिए मुख का पवित्र बनते हुए भगवान नाम का सुमिरन करना चाहिए, इससे परिवार में सुख शांति बनी रहती है। यह प्रवचन शुक्रवार को छोला दशहरा मैदान में शुरू हुई संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए कथावाचक आचार्य पंडित ओम प्रकाश शास्त्री ने कही। श्री विश्व राधा कृष्ण योग प्रचार समिति द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा के शुभारंभ अवसर पर छोला श्रीखेड़ापति हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं में जगह-जगह कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## शुक्र प्रदोष एवं संक्रांति पर तिलेश्वर स्वरूप में सजे बटेश्वर

**भोपाल।** श्रीबड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा शुक्र प्रदोष एवं मकर संक्रांति के अवसर पर बाबा बटेश्वर का सफेद व काले



तिल से मनमोहक श्रृंगार किया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि प्रदोष काल में पिसी तिल एवं गुड़ के पानी से बाबा बटेश्वर का रुद्राभिषेक कर काले एवं सफेद तिल से स्वरूप बनाकर 2 कुंटल फूल एवं रत्नों से श्रृंगार किया गया। इस दौरान बाबा को तिल वा गुड़ से बने व्यंजनों का भोग लगाकर रात 10 बजे महा आरती की गई ।

खबर संक्षेप



### बिना हाथ के दिव्यांगों को लगेंगे इलेक्ट्रॉनिक प्रोस्थेटिक्स हैंड्स

**भोपाल।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 26 और 27 जनवरी को आयोजित विशेष शिविर में निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक प्रोस्थेटिक्स हैंड्स लगवाए जाएंगे। बिना हाथ के जन्मे या दुर्घटना में हाथ का निचला हिस्सा गंवाने वाले लोगों को ये कृत्रिम हाथ लगाए जाएंगे। ये शिविर इनाली फाउंडेशन के सहयोग से लगाया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ये महत्वपूर्ण पहल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत की गई है। इस कृत्रिम हाथ के माध्यम से दैनिक कार्य जैसे वस्तुओं को पकड़ना, खाना, लिखना, डिजाइन जैसे कार्य आसानी से किए जा सकते हैं। ये डिवाइस 15 साल से ऊपर के व्यक्तियों को लगाया जाएगा।

### शैक्षिक ओलम्पियाड स्पर्धा में कक्षा 2 से 8वीं तक के विद्यार्थी हुए शामिल

**भोपाल।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 2 से 8वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही जिला स्तरीय शैक्षिक ओलम्पियाड स्पर्धा में पहले दिन शुक्रवार को लाखों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। दो दिवसीय स्पर्धा का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। शैक्षिक ओलम्पियाड प्रतियोगिता में पहले दिन कक्षा 2 और 3 के विद्यार्थियों ने हिन्दी, अंग्रेजी और गणित विषयों के प्रश्नों के उत्तर ओएमआर शीट पर अंकित किए। दूसरी तरफ कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने पहले दिन हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत विषयों के प्रश्नों को हल किया। उल्लेखनीय है कि, जिला स्तरीय शैक्षिक ओलम्पियाड प्रतियोगिता में सहभागिता कर रहे विद्यार्थी अपने-अपने जन शिक्षा केन्द्र के विजेता बन इस प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं।

### दलित महिला सरपंच से मारपीट, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**भोपाल।** टीकमगढ़ दलित महिला सरपंच के साथ मारपीट के आरोपियों गिरफ्तारी व सुरक्षा की मांग को लेकर बांस शिल्पकार युवा शक्ति संगठन धानुक समाज सीएम डॉ मोहन यादव और डीजीपी को ज्ञापन दिया है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश बंसल ने टीकमगढ़ की ग्राम पंचायत हैदरपुरा (तहसील बड़ागाँव) में दबंगों द्वारा सामंतशाही प्रथा से दबाव बनाकर महिला संरपंच के साथ मारपीट की गई। डर के चलते महिला सरपंच रामकुंवर पति पप्पू बंशकार दबंगों के सामंतवादी दबाव के कारण दिल्ली में मजदूरी करने को विवश हैं। बंसल ने बताया कि दबंगों ने सामंतशाही प्रथा के बल पर सरपंच की आधिकारिक सील और हस्ताक्षरित कागजात अपने कब्जे में ले रखे हैं। शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन निर्वाचित प्रतिनिधि के बजाय अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है। इस मामले को लेकर पहले कलेक्टर टीकमगढ़ को ज्ञापन दिया गया था।

भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्री दौड़-भाग कर कोच में हो रहे सवार, बना रहता है हादसे का डर

# कभी भी बंद हो जाते हैं स्टेशन के डिस्प्ले बोर्ड, यात्रियों को नहीं मिल रही जानकारी

रिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्टेशन पर कभी भी डिस्प्ले बोर्ड बंद हो जाते है, यात्री परेशान हो रहे हैं। भोपाल स्टेशन पर पिछले कुछ दिनों से डिस्प्ले बोर्ड बंद होने को लेकर यात्रियों की शिकायत देखने को मिल रही है। तो वहीं राजधानी के कमलापति स्टेशन पर यात्रियों को अच्छी सुविधा मिल रही है। वहीं दूसरी तरफ भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं।

मुख्य रेलवे स्टेशन पर गाड़ियों की व ट्रेनों केकोच की जानकारी दिखाने के लिए लगाए गए डिस्प्ले बोर्ड में अक्सर खराबी देखने को मिलती है, जिसके चलते यात्रियों को ट्रेन के आने से ठीक पहले तक कोचों की जानकारी नहीं मिल पा रही है। जिससे उनको परेशानी का सामना करना पड़ा। खासतौर पर रात के समय और लगेज व बच्चें के साथ सफर करने वाले यात्रियों को अधिक परेशानी हो रही है। कई बार तो यात्रियों को दौड़-भागकर कोच में सवार होना पड़ा रहा है, जिसकी लगातार शिकायतें की जा रही है। पिछले एक सप्ताह में इस तरह की 7-8 शिकायतें पहुंची है।



प्लेटफार्म पर बंद पड़ा डिस्प्ले बोर्ड।


प्लेटफार्म पर ट्रेन की प्रतीक्षा करते यात्री।

**पूछताछ केंद्रों पर जाना पड़ता है**

दरअसल, इन डिस्प्ले बोर्ड का नियमित मेंटेनेंस नहीं होने से डिस्प्ले बोर्ड कभी भी खराब हो जाते हैं। ऐसे में यात्रियों को कोच संबंधी जानकारी नहीं मिल पाती है। ट्रेन का समय होने के ठीक पहले तक कई बार सूचना नहीं मिलने से परेशान यात्री को पूछताछ काउंटर पर जानकारी लेने जाना पड़ता है, जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। रेल यात्रियों के अनुसार अक्सर ही इस तरह की समस्या आ रही है। आए दिन डिस्प्ले कोच की खराबी होने के बावजूद भी रेलवे प्रबंधन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि मामले को दिखाया जा रहा है। अगर इस तरह की कोई समस्या है। तो उसको ठीक करा ली जाएगी।

रेलवे ने भोपाल से संचालित चार स्पेशल ट्रेनों की समय अवधि चार साल तक के लिए बढ़ाई

### अब यह ट्रेनें 2030 तक दौड़ेगी

**भोपाल।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने पमरे जोन से संचालित होने की वाली कई ट्रेनों की समय अवधि में वृद्धि की है। इसमें जहां भोपाल मंडल से होकर चलने वाली चार जोड़ी विशेष ट्रेनों की संचालन अवधि को चार साल ओर बढ़ाने का फैसला लिया है। पहले इन ट्रेनों का संचालन मार्च 2026 तक प्रस्तावित था, लेकिन अब इन्हें दिसंबर 2030 तक चलाया जाएगा। ये ट्रेनें खासतौर पर होली, गर्मी की छुट्टियों, त्योहारी सीजन, सर्दियों और अन्य भीड़भाड़ वाले समय में यात्रियों को राहत देने के उद्देश्य से संचालित की जाएंगी।

**चार साल के लिए बढ़ीं ये ट्रेनें**

01665 आरकेएमपी-अगरतल्लाः साप्ताहिक (हर गुरुवार), 05 मार्च 2026 से 26 दिसंबर 2030 तक, 01666 अगरतल्ला-आरकेएमपीः साप्ताहिक (हर रविवार), 08 मार्च 2025 से 29 दिसंबर 2030 तक, 02132 जबलपुर-पुणेः साप्ताहिक (हर रविवार), 01 मार्च 2026 से 29 दिसंबर 2030 तक, 02131 पुणे-जबलपुरः साप्ताहिक (हर सोमवार), 02 मार्च 2026 से 30 दिसंबर 2030 तक, 02198 जबलपुर-कोयंबटूरः साप्ताहिक (हर शुक्रवार), 06 मार्च 2026 से 27 दिसंबर 2030 तक, 02197 कोयंबटूर-जबलपुरः साप्ताहिक (हर सोमवार), 09 मार्च 2026 से 30 दिसंबर 2030 तक, 02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनसः साप्ताहिक (हर शुक्रवार), 06 मार्च 2026 से 27 दिसंबर 2030 तक, 02133 बांद्रा टर्मिनस-जबलपुरः साप्ताहिक (हर शनिवार), 07 मार्च 2026 से 28 दिसंबर 2030 तक।

**मंडल की कैशलेस ट्रांजेक्शन की हुई वृद्धि : 2.5 लाख यात्रियों ने अनारक्षित टिकटों के लिए किया डिजिटल भुगतान**

रेल यात्रियों को अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक के माध्यम से कैशलेस ट्रांजेक्शन सुविधा के अधिक से अधिक वृद्धि का यात्री लाभ ले रहे है। इसी के तहत भोपाल मंडल द्वारा भी यात्रियों को सुविधाजनक, सुरक्षित और आधुनिक भुगतान विकल्प उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न डिजिटल माध्यमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। भोपाल में आरक्षण काउंटर्स एवं यूटीएस काउंटर्स कैशलेस भुगतान की सुविधा में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही यात्रियों को यूपीआई,भीम एवं मोबाइल टिकटिंग जैसे डिजिटल माध्यमों से टिकट खरीदने और भुगतान करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। दिसम्बर माह में भोपाल मंडल ने (आरक्षण) पीआरएस के माध्यम से 28,881 एवं (जनरल) यूटीएस के माध्यम से 2.5 लाख यात्रियों से 20.7 करोड़ रुपए का कैशलेस ट्रांजेक्शन के माध्यम से रेलवे राजस्व अर्जित किया है, जिसमें कॉम्प्यूटरीकृत आरक्षण प्रणाली में लगी पीओएस मशीनों से 2,14,905, यूपीआई से 11,52,615 तथा क्यूआर से 1,29,87,735 का राजस्व अर्जित किया है।

## मध्यप्रदेश ने राज्यों की स्टार्ट-अप इको सिस्टम रैंकिंग में लीडर श्रेणी में रखा स्थान बरकरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय समारोह में मप्र को राज्य में सशक्त स्टार्ट-अप इको सिस्टम विकसित करने के लिए लीडर श्रेणी में मान्यता प्रदान की गई। मप्र ने इस प्रतिष्ठित रैंकिंग में अपना लीडर स्थान बरकरार रखते हुए निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राज्यों की स्टार्ट-अप इको सिस्टम रैंकिंग पांचवां संस्करण का शुक्रवार को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के स्टार्ट-अप इको सिस्टम के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मौजूद थे। स्टार्ट-अप इंडिया की पिछले 10 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत आज दुनिया का थर्ड लार्जेस्ट स्टार्ट-अप इको सिस्टम है। दस साल पहले देश में 500 से भी कम स्टार्ट-अप थे, आज यह संख्या बढ़कर 2 लाख से ज्यादा है। वर्ष 2014 में भारत में सिर्फ 4 यूनिकॉर्न से आज भारत में करीब सवा सौ एक्टिव यूनिकॉर्न हैं। उन्होंने इस तथ्य की सराहना की कि भारत के युवाओं का फोकस रियल प्रोब्लम्स' साल्व करने पर है।

### अग्रणी स्टार्ट-अप डेस्टिनेशन के रूप में उभरा

पिछले 10 वर्षों में मप्र एक अग्रणी स्टार्ट-अप डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। वर्ष 2016 में मप्र में डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त मात्र 7 स्टार्ट-अप से बढ़कर वर्तमान में राज्य के सभी जिलों में कुल 6,600 से अधिक स्टार्ट-अप सक्रिय हैं। विशेष रूप से इन स्टार्ट-अप में से 48% में कम-से-कम एक महिला संस्थापक हैं, जो समावेशी और समान उद्यमिता के प्रति राज्य की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह प्रगति सशक्त नीतिगत ढांचे और संस्थागत सहयोग का परिणाम है, जिसका आधार मप्र स्टार्ट-अप नीति एवं क्रियान्वयन योजना 2025 है, जिसे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने लॉन्च किया। यह नीति स्टार्ट-अप के प्रत्येक चरण में समग्र सहयोग प्रदान करती है, जिसमें एंटरप्रेन्योर-इन-रेजिडेंस सहायता, विचार स्तर पर सीड फंडिंग, तथा विकास-चरण के उद्यमों के लिए समर्पित स्टार्ट-अप कैपिटल फंड शामिल है।



अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंत्रालय पर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

मंत्रालय पर कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर दी चेतावनी

## मांगें नहीं मानी तो बजट सत्र में करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चौथा समयमान वेतनमान, पदोन्नित, पुरानी पेंशन लागू करने समेत अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार को मप्र कर्मचारी मंच और मंत्रालय अधिकारी कर्मचारी सेवा संघ के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। मंत्रालय के सामने बड़ी संख्या में एकत्रित हुए कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी कि अगर बजट सत्र के पहले कर्मचारियों की मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो बजट सत्र में विधानसभा का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम प्रमुख सचिव को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए विधानसभा सत्र से पहले निर्णय लेने की मांग की। प्रदर्शन में मप्र कर्मचारी मंच, मंत्रालय अधिकारी कर्मचारी संघ, मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ आदि शामिल थे।

**नहीं मिला चौथा वेतनमान**

चौथा समयमान वेतनमान प्रदेश के अन्य कर्मचारियों को देने वाला मंत्रालय ही आज अपने कर्मचारियों के साथ अन्याय का शिकार है। उन्होंने कहा कि वर्षों से मंत्रालयीन कर्मचारियों को चौथा समयमान वेतनमान नहीं मिला, जिससे भारी असंतोष है।

**सुधीर नायक**, अध्यक्ष, मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ

**हाईकोर्ट का आदेश लागू किया जाए**

कर्मचारियों की सरकार के समक्ष 12 प्रमुख मांगें रखी गई हैं। कर्मचारियों ने 70 से 80 प्रतिशत वेतन देने के आदेश को निरस्त करने संबंधी हाईकोर्ट के फैसले को लागू करने और मंत्रालयीन लिपिकों को तृतीय समयमान में तृतीय पदोन्नति का वेतनमान देने की मांग उठाई है।

**अशोक पांडे**, प्रदेशाध्यक्ष, मप्र कर्मचारी मंच

## सांसद शर्मा ने 40 लाख की लागत से बने सत्संग हाल का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सांसद आलोक शर्मा ने शुक्रवार को उत्तर विधानसभा के वार्ड 13 में संत कंवर राम कॉलोनी में 40 लाख रुपए की लागत से निर्मित सतसंग भवन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर महापौर मालती राय, एमआईसी एवं क्षेत्रीय पार्षद मनोज राठौर, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता, जोन अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव, मंडल अध्यक्ष वरुण गुप्ता, राकेश कुकरेजा, सूरज भदौरिया, मोर्चा जिला अध्यक्ष हरिओम आसेरी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री विभा गरुड़, मंडल महामंत्री सुनील कुरील, समाजसेवी नितेश लाल, अशोक रोरा, मनीष दरियानी सहित क्षेत्रीय रहवासी उपस्थित रहे।

भेल के दशहरा मैदान में चल रही भव्य तैयारी

## ओबीसी-एससी-एसटी का महाआंदोलन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओबीसी-एससी-एसटी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में 18 जनवरी रविवार को गोविंदपुरा भेल दशहरा मैदान में महाआंदोलन और महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें पदोन्नति में आरक्षण, बैकलॉग पदों पर भर्ती, ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण, सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों के क्रियान्वयन को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। महाआंदोलन को भीम आर्मी, जयस सहित अनेक सामाजिक व आदिवासी संगठनों का समर्थन प्राप्त है। शुक्रवार को आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता में अपाक्स के संरक्षक भुवनेश पटेल, तुलसीराम पटेल, एसएल सूर्यवंशी, कमलेंद्र सिंह, सुनील बैरसिया, प्रियंक जाटव और सीएस यादव ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाया।



प्रेस वार्ता में मौजूद प्रतिनिधि।

प्रगतिशील पैनल के बैनर तले 31 लोग बतौर उम्मीदवार चुनावी मैदान में

प्रगतिशील पैनल में प्रवक्ता संदीप गोधा को नियुक्त किया

## भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव में तेजकुलपाल सिंह पाली और गोविंद गोयल में टक्कर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल





राजधानी के करीब 70 से अधिक व्यापारिक संगठनों के व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्ष 2026-29 के चुनाव 1 फरवरी को और मतगणना 2 फरवारी को होंगे।

इसमें पूर्व अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली और कांग्रेस नेता गोविंद गोयल के बीच अध्यक्ष पद के चुनाव पर सीधी टक्कर होना शुक्रवार को नामांकन फार्म वापसी के साथ तय हो गया। तो वहीं पाली ने अपने प्रगतिशील पैनल के सभी उम्मीदवारों की घोषणा करते हुए पैनल का प्रवक्ता संदीप गोधा को नियुक्त किया। प्रगतिशील पैनल के प्रवक्ता गोधा ने बताया कि नामांकन फॉर्म वापसी के बाद अध्यक्ष पद के उम्मीदवार पाली के नेतृत्व में 9 उम्मीदवार विभिन्न पदों के लिए और 21 उम्मीदवार कार्यकारिणी सदस्य सहित कुल 31 उम्मीदवार चुनाव के लिए चुनावी ताल ठोक दी है।

**प्रगतिशील पैनल के उम्मीदवार**

अध्यक्ष पद -तेजकुलपाल सिंह पाली, उपाध्यक्ष-प्रदीप कुमार अग्रवाल (वीनस), कमल पंजवानी, सुनील सिंघई, महामंत्री पद -लालित तांतेड़, मंत्री पद के लिए- अमित कुमार जैन टडैया,मनोज सक्सेना, कोषाध्यक्ष पद-घनश्याम थारानी, सहकोषाध्यक्ष पद -गोपाल सोनी, अतिरिक्त अतिरिक्त कोषाध्यक्ष पद अजय गुप्ता (मुन्ना) उम्मीदवार हैं तो वहीं कार्यकारिणी सदस्य के लिए सुशील वाफना, ईश कुमार डग, आयुष मोदी, मनोज नागरानी, महेंद्र गोधा, अशोक छाबड़िया, मोहनलाल अग्रवाल (ओमटेक्स), राजेंद्र जैन (टीआई), दर्शन गर्ग, नवीन अग्रवाल, सचिन संगतानी, दिलीप खंडेलवाल, दिनेश बत्रा, सुनील पंजाबी, सुधीर माने, रामेश्वर अग्रवाल, विजय वाधवानी, विकास जैन गोधा, अनिल कुमार चुग, देवेंद्र त्रिगुणायक, अनुराग पवैया बतौर उम्मीदवार के रूप में चेंबर के चुनाव में है।

### व्यापारियों ने किया पाली का स्वागत

चेंबर चुनाव के अध्यक्ष पद पर उम्मीदवारी जताने वाले तेजकुलपाल सिंह पाली के चुनाव लड़ने की घोषणा के साथ प्रगतिशील पैनल की घोषणा के पश्चात व्यापारियों ने अध्यक्ष पद के उम्मीदवार पाली का जोरदार स्वागत किया।

औबेदुल्लागंज एवं जनपद क्षेत्र की 90 दुकानों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस में गड़बड़ी

# बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण में अंगूठा लगवाने के बाद भी तीन महीने का नहीं दिया एडवांस राशन, हितग्राही दुकानों के काट रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| औबेदुल्लागंज

नगर में आधार और ई केवाईसी जैसी पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू होने के बावजूद औबेदुल्लागंज एवं जनपद क्षेत्र की 90 दुकानों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस में गड़बड़ी जारी है।

वार्ड 15 में राशन वितरण में बड़ी अनियमितता बरती जा रही है। राशन की दुकान में ताला डला रहता है, जिसके कारण हितग्राही राशन लेने के लिए परेशान होते रहते हैं। औबेदुल्लागंज के वार्ड 15 में हितग्राहियों के राशन वितरण में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि उन्हें 3 महीने का एडवांस राशन अब तक नहीं मिला है, जबकि राशन लेने के लिए उनसे अंगूठा (बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण) पहले ही लगवा लिया गया है। राशन न मिलने से वार्ड 4, 10, 14 और 15 के गरीब परिवार के लोग परेशान हो रहे हैं।

**दुकानों में लगा रहता है ताला, वार्ड 4, 10, 14 और 15 के हितग्राही परेशान**


राशन दुकानों पर लगे ताला।

**शिकायत पर राशन की पर्ची रद्द करने की मिल रही धमकी**

स्थानीय रहवासियों नें बताया कि जब वे डीलर से शिकायत करते हैं, तो उन्हें राशन की पर्ची रद्द करने और भविष्य में राशन बंद करने की धमकी दी जाती है। हितग्राहियों ने बताया कि आज 16 तारीख होने के बावजूद भी राशन की दुकान अभी तक नहीं खुली है, जिससे उनको राशन नहीं मिल पाया है।

## कम मात्रा में देते हैं गेहूं-चावल, नमक-शक्कर तो देते ही नहीं

*उपभोक्ताओं ने बताया कि पीडीएस की दुकानों पर बड़ी गड़बड़ी हो रही है। स्टॉक होने के बावजूद राशन नहीं दिया जा रहा है। दुकानदार हितग्राहियों के राशन में बड़ी हेरा फेरी कर रहे हैं। राशन देते भी हैं तो गेहूं, चावल कम मात्रा में देता है। नमक और शक्कर तो देते ही नहीं। उपभोक्ताओं ने बताया कि शिकायत करने जाओ तो अधिकारी कार्यालय में नहीं मिल रहे हैं।*

### क्या कहता है नियम?

सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस के नियमों के अनुसार, हितग्राही को अंगूठा लगाने के तुरंत बाद निर्धारित मात्रा में राशन मिलना अनिवार्य है। किसी भी डीलर द्वारा राशन न देना या धमकी देना एक गंभीर अपराध है। यह मामला स्पष्ट रूप से दिखाता है कि गरीबों के हक के राशन में गड़बड़ी की जा रही है और डीलर द्वारा अपनी मनमानी चलाई जा रही है।

***गौहरगंज के उपभोक्ता भंडार को 12 दुकानें***

गौहरगंज के उपभोक्ता भंडार को 12 दुकानें आवंटित है, जिसमें एक दुकान औबेदुल्लागंज में भी है। बाकी दुकान पंचायतों में है। यह उपभोक्ता भंडार कई सालों से 12 दुकान चला रहे हैं और बड़ी गड़बड़ी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कंट्रोल का राशन गेहूं-चावल हितग्राहियों को नहीं देते और उसी राशन की कालाबाजारी करते हैं।

### हितग्राहियों की आ रहीं शिकायतें

पीडीएस की दुकानों पर राशन नहीं मिलने के संबंध में उपभोक्ता हमसे शिकायत करने आते हैं और उपभोक्ता कहते हैं कि हम फूड ऑफिसर के कार्यालय में गए थे, वहां पर फूड अधिकारी नहीं मिले। लोगों का कहना है कि हमें तो शक्कर मिलती नहीं है, गेहूं-चावल भी कम मिलते हैं।

**निलेश सरवटे**, तहसीलदार

---

**खबर संक्षेप**



### खेड़ापति प्रांगण में पंच कुंडीय यज्ञ का भूमिपूजन

**औबेदुल्लागंज।** नगर के सबसे प्राचीन हिरानिया का खेड़ापति माता मंदिर मे नौ देवियों एवं भगवान भोलेनाथ शिव जी का एवं भगवान गणपति जी की प्राण प्रतिष्ठा के लिए खेड़ापति प्रांगण में पंच कुंडी यज्ञ के लिए शुक्रवार को पंडित आशीष व्यास द्वारा भूमिपूजन किया गया। मूर्तियों की स्थापना के लिए विशाल बेदीका निर्माण कराया जा रहा है। खेड़ापति माता मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ. माखन सिंह नागर, उपाध्यक्ष रामेश्वर नागर, सचिव जेपी मिश्रा ने बताया कि मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 22 से 28 फरवरी तक कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है।

### हर्षोल्लास से मनाया देवेंद्र सिंह का जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** नगर के ढाबा संघ अध्यक्ष और उद्योगपति, व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू जन्मदिन शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पचौरी, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, पंकज कोठारी, सचिव प्रदीप अरोरा, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, कैलाश डब्बू नागर, आशीष दीक्षित, बल्लू अरोरा, सरदार मंजीत सिंह आदि ने जन्मदिन की बधाई दी।

### कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक महासचिव बने पंकज

**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस सेवा दल की बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष मनोज खटीक की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष मेघराज चौहान ने पंकज शर्मा को ब्लॉक महासचिव नियुक्त किया है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरवार, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सूरजमल गौर, परेश नागर, राजू मेहरा, हिंदू सब समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, बसंत साहू, उत्तम यादव, पंकज नागरानी, मौनी नागर, संतोष सेन आदि ने प्रशंसा व्यक्त की।



### मशिमं ने जारी किए प्रवेश पत्र

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई.) परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गये हैं। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |

---

लोडेड ट्रक का पिछला पहिया युवक के कमर के ऊपर से गुजरा, मौत

# फंदा टोल पर ड्यूटी को लेकर विवाद, झूमाझटकी में डिवाइडर पर गिरे कर्मचारी को ट्रक ने कुचला

**टोल की एंबुलेंस** से ले जाया गया अस्पताल, डॉक्टर ने चेक करने पर मृत घोषित किया

**पुलिस ने** कर्मचारी पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित फंदा टोल पर गुरुवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे दो टोलकर्मी में विवाद हो गया। विवाद ड्यूटी पर ब्रेक लेने की बात को लेकर हुआ था। दोनों कर्मचारी टोल के स्टापर के पास डिवाइडर पर खड़े होकर विवाद करने लगे और झूमाझटकी की नौबत का गई और धक्का लगने से कर्मचारी डिवाइडर से सड़क पर गिर गया।

सड़क पर गिरते ही ट्रक पास हुआ और पिछले टायर में कर्मचारी दब गया। किसी तरह उसे टायर से बाहर निकालकर टोल प्लाजा की एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने उक्त मामले में धक्का मारने वाले कर्मचारी पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।


घटना के बाद उमड़ी भीड़।

पुलिस के अनुसार राकेश पुरोहित मूलतः बदनावर जिला धार के रहने वाले हैं और फंदा टोल प्लाजा पर मैनेजर हैं। टोल पर गांव खामलिया, थाना कोतवाली सीहोर निवासी विजय मेवाड़ा (48) टोल टैक्स वसूलने का काम करता था।

वह करीब 10 साल से काम कर रहा था। इसी टोल पर बिहार निवासी रमन कुमार भी काम करता है। रमन कुमार बैरागढ़ में रहता है। राकेश ने बताया कि गुरुवार रात विजय मेवाड़ा और रमन कुमार की ड्यूटी थी। ड्यूटी में चाय कॉफी के ब्रेक को लेकर विजय और रमन के बीच कहासुनी होने लगी। दोनों टोल के डिवाइडर पर खड़े होकर विवाद कर रहे थे। विवाद बढ़ता देख अन्य कर्मचारी भी पहुंच गए। उन्हें समझाइश देने का प्रयास किया गया, लेकिन वह नहीं माने। इसी बीच गुस्से में रमन कुमार ने विजय मेवाड़ा की कॉलर पकड़ने का प्रयास किया और उसे धक्का लग गया। धक्का लगने से बैलेंस बिगड़ा और विजय सड़क पर गिर गया। दुर्भाग्यवश इसी दौरान टोल टैक्स जमा करने के बाद ट्रक चालक ने अपना ट्रक आगे बढ़ा दिया। ट्रक आगे बढ़ते ही विजय ट्रक के दोनों पहिये के बीच आ गए थे। उसकी कमर के ऊपर से लोडेड ट्रक का पिछला पहिया चढ़ गया।

**रिसर्व कर बाहर निकाला**

*सबकुछ इतने जल्दी हुआ कि किसी ने सूझबूझ नहीं दिखाई और ट्रक को रिवर्स कर विजय को नीचे से निकला। इस घटना में उसका काफी खून बह गया था। टोल की एंबुलेंस से कर्मचारी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर विजय को मृत घोषित कर दिया।*

### शराब के लिए अड़ीबाजी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार


अनिल साहू


अरुण भरदेले

अयोध्या नगर पुलिस ने शराब के लिए बीस हजार रुपए की अड़ीबाजी करते हुए मारपीट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ऑटो चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक से बीस हजार रुपए की अड़ीबाजी की थी। रुपए नहीं देने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी थी। पुलिस के अनुसार 13 जनवरी की रात करीब साढ़े आठ बजे गेट नंबर दो पर अरूण भरदेले ने शराब पीने के लिए अपने अन्य दोस्तों के साथ मिलकर आशीष उर्फ अक्की शर्मा के साथ बीस हजार रुपए की अड़ीबाजी की थी। अक्की शर्मा ने रुपए नहीं होने की बात कही तो आरोपी भड़क गए और उससे मारपीट कर दी। पुलिस ने अक्की शर्मा की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ अड़ीबाजी और मारपीट का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश की। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी अरुण भरदेले और अनिल साहू को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अरुण भरदेले (25) ईडब्ल्यूएस, एच सेक्टर, अयोध्यानगर में रहता है और ऑटो चलाता है।

---

साइबर जालसाजों ने वाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा

# महिला रेलकर्मी से शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 36 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

साइबर जालसाज आमजन को ठगने नए नए तरीके इजात कर रहे हैं। बागसेवनिया के साकेत नगर में रहने वाली 36 साल की महिला रेलकर्मी के साथ साइबर जालसाजों ने 36 लाख रुपए की ठगी कर दी। जालसाजों ने उन्हें वाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा और शेयर मार्केट में निवेश करने के नाम पर झांसा दिया। ग्रुप पर मार्केट में शेयर के उतार-चढ़ाव और निवेश की ट्रेनिंग दी।

- ट्रेनिंग कराई और आईपीओ में पैसा लगाने के नाम पर तीन ट्रांजेक्शन में लिए रुपए

बाद में आईपीओ में निवेश के नाम पर 36 लाख रुपए अकाउंट में जमा करा लिए। 36 लाख रुपए जमा करने के बाद भी जालसाजों की डिमांड बढ़ने लगी तो रेलकर्मी को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने स्टेट साइबर में शिकायत की थी। वहां से केस डायरी बागसेवनिया पुलिस थाने भेजी गई। बागसेवनिया पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कहा-दो आईपीओ हो गए अलॉट

14 लाख रुपए निवेश करने के बाद जालसाज ने उन्हें कहा कि गलती से आपको दो आईपीओ अलॉट हो गए है। अलॉट हुए दूसरे आईपीओ में भी निवेश करना पड़ेगा, नहीं तो पुराना पैसा डूब जाएगा। पैसा न डूबे इसलिए उन्होंने 12 लाख रुपए और निवेश कर दिए। जालसाजों ने आईपीओ में निवेश के नाम पर उनसे कुल 36 लाख रुपए का निवेश करा लिया। बावजूद इसके जालसाजों ने और रुपए की मांग की थी। रुपए की लगातार मांग होने से रेलकर्मी को लगा कि उनके साथ ठगी हुई है। उन्होंने तत्काल स्टेट साइबर की हेल्प लाइन पर शिकायत कर दी। स्टेट साइबर से आई केस डायरी के बाद घटनास्थल साकेत नगर होने के कारण बागसेवनिया पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### ग्रुप पर शेयर मार्केट की जानकारी भेजी

महिला को शेयर मार्केट का अनुभव था और निवेश करती थी। करीब डेढ़ महीने पहले उन्हें एक वाट्स ग्रुप पर अंजान व्यक्ति ने जोड़ लिया। ग्रुप पर काफी सारे लोग जुड़े थे। ग्रुप पर शेयर मार्केट से जुड़ी जानकारी भेजी जाती थी। इसके साथ ही ट्रेनिंग का भी आयोजन किया जाता था। रेलकर्मी को लगा कि शेयर मार्केट से जुड़ा ग्रुप है, इसमें निवेश किया जा सकता है। उन्हें बताया कि एक आईपीओ आने वाला है। आईपीओ में निवेश और सब्सक्राइब करने पर अच्छा फायदा होगा। जालसाज की बातों में आकर आईपीओ में चौदह लाख निवेश कर दिए।

---

अनुभूति कार्यक्रम में 65 विद्यार्थियों ने लिया भाग

## विद्यार्थियों को वन्य प्राणियों एवं वन औषधि के बारे में दी जानकारी


अनुभूति कार्यक्रम शामिल हुए स्कूली बच्चे और वन विभाग के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| औबेदुल्लागंज

वन मंडल औबेदुल्लागंज के रातापानी टाइगर रिजर्व के रेंज बरखेड़ा में अनुभूति कार्यक्रम डीएफओ हेमंत रैकवार एवं रातापानी अधीक्षक मयंक राज के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने वन्य प्राणियों एवं वन औषधि के बारे में जानकारी ली। वन्य प्राणियों की सुरक्षा, वनों की सुरक्षा एवं वन है तो जल है के बारे में जाना। इस कार्यक्रम में 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया। रेंजर मयंक पांडे ने बताया कि विद्यार्थियों को वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण वन प्रबंधन, जैव विविधता, पक्षियों की पहचान, वन औषधि की उपयोगिता के बारे में बताया गया।


बच्चों को पुरस्कृत करते अधिकारी।

## विद्यार्थियों को दिया यातायात नियमों का प्रशिक्षण

**मंडीदीप।** नगर के शासकीय स्कूल में मंडीदीप थाना पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को यातायात के नियमों को पालन करने के लिए प्रशिक्षित किया। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग आवश्य करें। वहीं यातायात नियमों के पालन को लेकर विद्यार्थियों को समझाइस दी गई। इस मौके पर मंडीदीप पुलिस थाना प्रभारी रंजीत सराठे समेत यातायात पुलिस का स्टाफ मौजूद रहा।



सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान में शामिल हुए विद्यार्थी।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. नागर ने की पटवा से भेंट

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने विधायक सुरेंद्र पटवा से सौजन्य भेंट की। इस दौरान संगठन और नागर के विकास पर चर्चा की। डॉ. नागर ने विधायक सुरेंद्र पटवा को सिंचाई विभाग परियोजना को लाने के लिए बधाई दी।


विधायक पटवा से चर्चा करते डॉ. नागर।

## शोध प्रविधि विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी आयोजित

### संगोष्ठी में कुल 100 से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| औबेदुल्लागंज

नगर के वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय में शोध प्रविधि विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन कला संकाय द्वारा किया गया। राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का शुभारंग सुबह 11:30 बजे शोधार्थियों एवं अतिथियों के पंजीयन के साथ प्रारंभ हुआ। संगोष्ठी में कुल 100 से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए।

संगोष्ठी का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमएल गढ़वाल के मार्गदर्शन में हुआ। संगोष्ठी की समन्वयक डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, सह समन्वयक डॉ. प्रियंका मेहरा एवं मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. भूपेंद्र नागर, अध्यक्ष डॉ. सुनीता गुप्ता, मुख्य वक्ता डॉ. दीप्ति माहेश्वरी, पीएम ऊषा प्रभारी डॉ. आरती बोरासी एवं क्रिस्प से आए हुए अविनाश जैन एवं अनय चौबे उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत गीत, सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। अतिथियों के परिचय के बाद स्वागत भाषण प्राचार्य डॉ. एमएल गढ़वाल द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि डॉ. भूपेंद्र नागर द्वारा अनुसंधान के महत्व के बारे में बताया गया। मुख्य अतिथि के उद्बोधन के पश्चात मुख्य वक्ता डॉ. दीप्ति माहेश्वरी द्वारा शोध के विभिन्न आयाम को सरलता पूर्वक समझाया। प्राध्यापक डॉ. सुनीता गुप्ता ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। प्रथम तकनीकी सत्र का प्रारंभ विशिष्ट वक्ता डॉ. दिनेश नागर के उद्बोधन से प्रारंभ हुआ, जिन्होंने शोध प्रविधि के विविध आयामों को विस्तार पूर्वक समझाया। भोजन के बाद द्वितीय सत्र में डॉ. सुनीता गुप्ता प्राध्यापक महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय भोपाल द्वारा शोध प्रविधि के नैतिक मूल्यों के बारे में बताया गया।

---

सात सालों में नगर पालिका ने सिर्फ तीन फर्जी बिल्डरों पर दर्ज करवाई एफआईआर

# नगर पालिका मंडीदीप क्षेत्र के अंतर्गत 23 फर्जी बिल्डर आज भी बेखौफ बेच रहे खेतों में प्लॉट, नपा अधिकारी अनजान, जनता को न प्लॉट मिला न पैसा

नितेश पटेल ▶▶| मंडीदीप

मंडीदीप नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत फर्जी प्लॉटिंग का काम करने वाले बिल्डर पर अब तक राजस्व विभाग के आला अधिकारी और नगरीय विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी द्वारा सात सालों में सिर्फ 3 बिल्डरों पर ही एफआईआर दर्ज करवा पाए हैं, जिसमें अभी तक एक भी बिल्डर की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

मंडीदीप के गज्जू पिपलिया, सतलापुर, समेत आस-पास के दाहोद रोड, हमीरी रोड में फर्जी बिल्डर द्वारा प्लॉट बेचने का कारोबार जमकर किया जा रहा है, जिसमें अभी तक किसी भी प्रकार की विकाश कार्य की अनुमति शासन द्वारा नहीं ली गई। अवैध बिल्डर के फल फूल रहे अवैध कारोबार में सबसे पहले तो नपा मंडीदीप के जिम्मेदार अधिकारी मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। जिनकी वजह से नगर के भोली भाली जनता अपने मेहनत के लाखों रुपए ऐसे लोगों के हाथ सौंप रही है, जो इस काले कारोबार में सम्मिलित है।

### एक दर्जन से अधिक बिल्डर फरार

*नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत सात साल से अधिक काम करने वाले फर्जी बिल्डर लोगों के खून पसीने के कमाई के करोड़ों रुपए लेकर फरार हो गए हैं। आज तक ग्राहक या तो तहसील के चक्कर काट रहे हैं या तो नपा कार्यालय के। इसमें लगभग 400 से अधिक ग्राहकों के करीब 3 करोड़ से अधिक का पैसा फंसा हुआ है।*

### लोगों को लाखों का लगाया चूना

*नगर पालिका मंडीदीप क्षेत्र के अंतर्गत कई बिल्डरों ने लोगों को लाखों का चुना लगाकर फरार हो गए हैं, जिसमें मुख्य रूप से अनिल गोलाइट, देवेंद्र गोलाइट (अर्क सिटी), दुर्गेश शर्मा (अवनी साईं होम्स), गणेश यादव, ज्योति सिंह (हेमा बिहार, रेखा बिहार) समेत कई फर्जी बिल्डर फरार हैं। उसी क्रम में फर्जी बिल्डर, रामवदन वर्मा (नित्यानंद इंक्लेव पोलाह और समरधा), आमिर खान, राजेश गुप्ता भी अब भागने की तैयारी में हैं।*

### इन पर हुई एफआईआर

नगर पालिका सीएमओ के अनुसार मंडीदीप के तीन फर्जी बिल्डरों पर नकेल कसते हुए शाहरुख खान, आमिर खान और राजेश गुप्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए मंडीदीप थाना प्रभारी को दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं, जिन पर मामला दर्ज किया जा चुका।

### 23 बिल्डरों पर कब होगी कार्रवाई

*नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आज भी फर्जी बिल्डरों का बोलबाला है, जिसमें नपा क्षेत्र में काम कर रहे 23 बिल्डर आज भी बेखौफ लोगों को चुना लगाने का काम कर रहे हैं।*

### बिल्डरों से मांगे हैं दस्तावेज

मेरे द्वारा फर्जी बिल्डर पर नकेल कसने का काम किया गया है। कई बिल्डरों से दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं होने पर इन पर भी एफआईआर दर्ज की जाएगी।

**प्रशांत जैन,** सीएमओ नपा मंडीदीप।

### तीन फर्जी बिल्डर पर एफआईआर दर्ज

नपा के द्वारा प्राप्त कागजों को साक्ष्य मान कर तीन फर्जी बिल्डर, जिसमें शाहरुख खान, आमिर खान, राजेश गुप्ता पर एफआईआर दर्ज की गई है। दस्तावेजों की जांच की जा रही है, जिसके आधार पर धाराओं का उल्लेख किया जाएगा।

**रंजीत सराठे**
थाना प्रभारी, मंडीदीप।



# संस्कृति और सुरों की जुगलबंदी से सजा स्टोरी टेलिंग फेस्टिवल का पहला दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल की एक निजी यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को भोपाल इंटरनेशनल स्टोरी टेलिंग फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में देशभर की कहानियों, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का प्रभावशाली संगम देखने को मिला, जिसने श्रोताओं को भावनात्मक और बौद्धिक रूप से जोड़ने का कार्य किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच संचालक द्वारा किया गया, जिन्होंने श्रोताओं से संवाद स्थापित कर आयोजन को रोचक बनाया। कुछ दर्शकों को मंच पर आमंत्रित कर उनसे कहानियां साझा करवाई गईं, जिससे आरंभ से ही सभागार में उत्साहपूर्ण वातावरण बन गया। इसके पश्चात अव्रिल ने मंच से आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्रायोजकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में यह फेस्टिवल सीमित स्तर पर आयोजित होता था, किंतु इस वर्ष इसे और अधिक भव्य रूप प्रदान किया गया है, जो इसकी निरंतर प्रगति और लोकप्रियता को दर्शाता है।

**भरतनाट्यम नृत्य संग बांसुरी वादन की प्रस्तुति रही खास**

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरूआत प्रसिद्ध बांसुरी वादक सप्तऋषि द्वारा की गई। उनकी मधुर और हृदयस्पर्शी बांसुरी धुनों ने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। इसके बाद डॉ. आरुषि महेश्वरी ने भरतनाट्यम नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय नृत्य में आधुनिक और पश्चिमी संगीत के भावों का सुंदर समावेश कर दर्शकों का मन जीत लिया।

*भोपाल इंटरनेशनल स्टोरी टेलिंग फेस्टिवल का आगाज*






*देशभर की कहानियों, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का दिखा प्रभावशाली संगम*

## ‘वी गाट द होल हेंड इन अवर हेंड’ गीत गाकर की शुरुआत



कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध कथावाचक एवं कुटुम्ब फाउंडेशन से जुड़े कपिल पांडेय रहे। उन्होंने दर्शकों की सहभागिता के साथ ‘वी गाट द होल हेंड इन अवर हेंड’ गीत गाकर सत्र की शुरूआत की। इसके पश्चात उन्होंने राग यमन, मां गंगा पर आधारित कथा तथा ऋग्वेद के नासदीय सूक्त के माध्यम से भारतीय संस्कृति और गंगा-जमुनी तहजीब के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

## महात्मा हंसराज राष्ट्रीय सम्मान-2026 से सम्मानित हुए संतोष



**भोपाल।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली के मुख्य सभागार में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में वरिष्ठ कवि–कथाकार, विश्व रंग के निदेशक एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे को महात्मा हंसराज राष्ट्रीय सम्मान–2026 से सम्मानित किया गया। संतोष चौबे को वैश्विक स्तर पर शिक्षा, उद्यमिता, नवाचार, हिंदी भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं कला के उन्नयन में रचनात्मक और सृजनातक कार्यों के लिए यह सम्मान भारत के पूर्व शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल ‘निशंक’ द्वारा प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि कवि–कथाकार, उपन्यासकार, वरिष्ठ पत्रकार और अनुवादक संतोष चौबे अपने अभिनव रचनात्मक प्रकल्पों और नवाचारों के लिए वैश्विक स्तर पर एक विशिष्ट पहचान रखते हैं। उन्होंने हिन्दी भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रसार के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय ‘विश्वरंग’ महोत्सव की वर्ष 2019 में भोपाल से शुरुआत की जिसके आज 65 से अधिक सदस्य देश हैं। विश्व रंग ‘मॉरीशस’ के बाद हाल ही में उन्होंने श्रीलंका, मुंबई और भोपाल में विश्व रंग का सातवाँ भव्य आयोजन कर हिंदी के वैश्विक विस्तार की जमीन तैयार की है।

## प्रदेश में पहली बार डोम थिएटर में प्रदर्शित हुई नारायण सर्वम् फिल्म



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत भवन में शुक्रवार की शाम वीर भारत न्यास के कार्यक्रम महाभारत समागम का शुभारंभ घंटा बजाकर किया।



भारत भवन में आयोजित ‘महाभारत समागम’ में विभिन्न मंचों पर कलाकारों ने ऐसी प्रस्तुति दी कि दर्शक भाव–विभोर हो गए।

# सात मंच, 150 कलाकार, सम्पूर्ण रंगभूमि में बदला भारत भवन प्रांगण

## भारत भवन में ‘महाभारत समागम’ का शुभारंभ, महाभारत की पृष्ठभूमि दर्शाती 15 मिनट की नृत्य नाटिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वैश्विक सभ्यताओं के संघर्ष और औदार्य की महागाथा महाभारत पर केंद्र देश का पहला और अब तक का सबसे बड़ा सांस्कृतिक आयोजन ‘महाभारत समागम’ का शुभारंभ शुक्रवार शाम भारत भवन परिसर में हुआ। जहां सात मंचों पर करीब 150 कलाकारों ने महाभारत की पृष्ठभूमि दर्शाती नृत्य नाटिका का मनभावन प्रदर्शन किया। 15 मिनट की इस प्रस्तुति में इंडोनेशिया, श्रीलंका, मणिपुर सहित अलग अलग प्रदेशों के कलाकारों ने महाभारत का आधार प्रस्तुत करती नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया।

‘महाभारत समागम’ का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। वहीं अगली कड़ी में इंडोनेशिया के प्रतिष्ठित नाट्य समूह द्वारा भीष्म नाट्य प्रस्तुति किया तथा इसमें प्रदर्शित कर्मचक्र की गाथा ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। समागम में सबसे आकर्षण का केंद्र पौराणिक डोम थिएटर रहा, डोम थिएटर एक ऐसी इमर्सिव तकनीक है, जहां स्क्रीन केवल सामने ही नहीं होती, बल्कि आपके चारों ओर यहां तक कि फर्श पर भी स्क्रीन होती है।



### शांति का मार्ग दिखाने वाला महाकाव्य है ‘महाभारत’

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महाभारत केवल युद्ध का आख्यान नहीं, बल्कि मानवता को विवेक, संवाद और शांति का मार्ग दिखाने वाला महाकाव्य है। आज जब विश्व युद्ध, हिंसा और असहिष्णुता से जूझ रहा है, तब महाभारत का संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है।

### इंडोनेशिया के समूह ने प्रस्तुत किया भीष्म का पतन



इस अवसर पर इंडोनेशिया के समूह द्वारा भीष्म का पतन नृत्य नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया। महाभारत के महान युद्ध, कुरुक्षेत्र, के प्रथम दिवस की यह कथा कर्तव्य, त्याग और नियति के टकराव को मंच पर सजीव करती है। पांडवों की ओर से अर्जुन और उनके सारथी श्रीकृष्ण युद्धभूमि में प्रवेश करते हैं। चारों ओर अपने ही कुल, गुरुजनों और प्रियजनों को बड़ा देखकर अर्जुन का हृदय विचलित हो उठता है। वे अपने शस्त्र त्याग कर श्रीकृष्ण से युद्ध से पीछे हटने की अनुमति मांगते हैं। अर्जुन का अंतर्द्वंद्व धर्म और करुणा के बीच फंसा हुआ है। इस क्षण श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार रूप में अपने विराट स्वरूप का आभास कराते हैं और अर्जुन को कर्तव्यपथ पर लौटने की प्रेरणा देते हैं। अंततः अर्जुन अपने शस्त्र उठाकर युद्ध के लिए तैयार होते हैं। ऋषि भीष्म का शरीर तीरों से आच्छादित होकर भूमि पर गिर पड़ता है। युद्धविराम के समय, कौरव और पांडव दोनों सेनाएं सम्मानपूर्वक उनके शरीर को एक सुरक्षित स्थान पर ले जाती हैं। इस प्रकार यह कथा धर्म, प्रतिज्ञा और त्याग के सर्वोच्च आदर्श को दर्शाते हुए समाप्त होती है।



**ये हुए सम्मानित**

वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार रायसेन की दीक्षा सिंह एवं भोपाल की हिमांशी मिश्रा (रुपए राशि एक लाख का पुरस्कार) के साथ ही ग्वालियर की मान्या भटनागर, छिंदवाड़ा के गोविंद सिंह को नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**इन पुस्तकों का हुआ लोकार्पण**



समागम में प्रदर्शिनियां नेपथ्य, अस्त्र-शस्त्र, चक्रव्यूह एवं पताकाएं, भारतीय कठपुतली, श्रीकृष्ण पाथेय न्यास की पत्रिका एवं वेबसाइट तथा वीर भारत न्यास के प्रकाशन- सभ्यताओं की सॉंस (वैश्विक कविताओं का संकलन), भूली बिसरी सभ्यताएं पुस्तकों का लोकार्पण भी किया।

## आनंद विहार कॉलेज में निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित



अंतरमहाविद्यालयीन वाद विवाद एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में वक्तव्य देते प्रतियोगी छात्र।

**भोपाल।** आनंद विहार कॉलेज फॉर वूमेन में शुक्रवार को तरुण भादुड़ी स्मृति अंतरमहाविद्यालयीन निबंध लेखन का आयोजन हुआ। एवं माधुरी अग्रवाल स्मृति अंतरमहाविद्यालयीन वाद विवाद एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं । निबंध प्रतियोगिता का विषय:देश में बढ़ता भ्रष्टाचार : जिम्मेदार कौन? था तो वहीं वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय :वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सोशल मीडिया ही युवाओं में नैतिक मूल्यों के ह्रास के लिए उत्तरदायी है। पर विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में 12 महाविद्यालयों के लगभग 70 से 80 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

### दिल्ली में पुस्तक ‘ सच कड़वा होता है ‘ का लोकार्पण

## रघु ठाकुर की पुस्तकें उनकी सम्यक दृष्टि का परिचायक: रामबहादुर राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रसिद्ध सोशलिस्ट नायक रघु ठाकुर की पुस्तक ‘ सच कड़वा होता है ‘ का लोकार्पण शुक्रवार को दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे पुस्तक मेले में हुआ। प्रसिद्ध पत्रकार एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष रामबहादुर राय ने पुस्तक को लेकर कहा कि रघुजी की सम्यक दृष्टि का पता इससे चलता है कि जब आपातकाल में संविधान में जोड़े गए ‘धर्मनिरपेक्षता ‘ शब्द को हटाने की बात आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले बीते जून में आपातकाल के



50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कर रहे थे तब रघुजी साहस के साथ यह लिख रहे थे कि धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद संविधान की आत्मा है वह शब्दों के रूप में कब लिखा गया यह महत्वपूर्ण नहीं है।

## यह पुस्तक जीवन अनुभव और प्रेरक संदेश का है संकलन

### लेखक एवं चिंतक सतीश शर्मा की पुस्तक ‘दिल की बात’ का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीवन क्या है और उसका वास्तविक उद्देश्य क्या होना चाहिए यह प्रश्न जितना दार्शनिक है, उतना ही आज के समय में चुनौतीपूर्ण भी। आधुनिक समाज, विशेषकर युवा पीढ़ी, वर्चुअल वर्ल्ड के प्रभाव में तेजी से बदल रही है। इसी संदर्भ में ग्वालियर के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मनोज शर्मा ने कहा कि जीवन का मकसद हमें बाहर से नहीं, बल्कि हमारे अपने अनुभवों, परिवेश और आसपास घटित होने वाली घटनाओं से ही मिलता है। वे शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित पुस्तक दिल की बात के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे।




ड्रीम्स बुक्स पब्लिकेशन, दिल्ली द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक व्यक्तित्व निर्माण, आत्मविकास और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के विचारों पर आधारित है।

**इनकी रही उपस्थिति**

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर के आचार्य छविराम शास्त्री, मुन्नीदेवी शर्मा (पूर्व अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक, गुना), महेंद्र कुमार शर्मा सहित भोपाल के अनेक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**पुस्तकें पुल का कार्य करती हैं**

मनोज शर्मा ने कहा कि जेन-जी जन्म से ही डिजिटल और वर्चुअल दुनिया में रह रही है, जो एक ओर सुविधाजनक है, तो दूसरी ओर मानवीय संवेदनाओं और आत्मचिंतन के लिए बड़ी चुनौती भी है। पुस्तकें हमारे जीवन में पुल का कार्य करती हैं वे हमें स्वयं से, समाज से और जीवन के मूल्यों से जोड़ती हैं।

### आईपीएस मीट में सजी सांस्कृतिक संध्या, कला और सौहार्द का अनूठा संगम

# शास्त्रीय-लोकनृत्य, समूह गायन और एकल प्रस्तुतियों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस मुख्यालय में आयोजित वी-आईपीएस मीट के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने पूरे आयोजन को विशेष बना दिया। इस अवसर पर आईपीएस अधिकारियों, उनके परिजनों एवं आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति में कला, संस्कृति और आपसी सौहार्द का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद रंगारंग प्रस्तुतियों की श्रृंखला शुरू हुई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य, समूह गायन और एकल संगीत प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। मध्यप्रदेश की लोकसंस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों को विशेष सराहना मिली। कई आईपीएस



आईपीएस सर्विस मीट में समुद्र मंथन का मंचन करते अधिकारी और उनके परिजन।

अधिकारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने भी मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर यह संदेश दिया कि पुलिस सेवा के साथ-साथ कला के प्रति लगाव भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान तनावमुक्त वातावरण और आत्मीयता साफ दिखाई दी।



भोपाल सीपी हरिनारायण चारी मिश्रा और आई जी चंद्रशेखर सोलंकी अपने अंदाज में

**ऐसे आयोजन संवाद का माध्यम**

वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन पुलिस अधिकारियों के बीच पारस्परिक संवाद, मानसिक संतुलन और पारिवारिक जुड़ाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने युवा अधिकारियों को कार्य के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और सामूहिक भोज का आयोजन हुआ।

### आईपीएस सर्विस मीट की कल्चरल विजेता बनी वेस्ट जोन (उज्जैन) की टीम, ईस्ट जोन द्वितीय

मीट के अंतर्गत आज पहले दिन पुलिस ऑफिसर्स मेस में संस्कृत प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसके अंतर्गत वेस्ट जोन (उज्जैन) की टीम को प्रथम पुरस्कार दिया गया। जिसका नेतृत्व एडीजी उज्जैन उमेश जोगा कर रहे थे। उनके साथ समन्वयक आई.जी चंद्रशेखर सोलंकी और अनुराग शामिल रहे। वेस्ट जोन टीम उज्जैन को प्रथम पुरस्कार उसकी सांस्कृतिक प्रस्तुति मालवा हेरिटेज और महाकाल स्तुति के लिए प्रदान किया गया। जबकि नॉर्थ जोन की टीम चौथी, मध्य जोन की टीम तीसरे और ईस्ट जोन की टीम दूसरे पायदान पर रही। विजेता टीमों को डीजीपी कैलाश मकवाना और आईपीएस एसो. अध्यक्ष चंचल शेखर ने पुरस्कृत किया।





# बॉर्डर 2 का ट्रेलर देख खड़े हुए रोंगटे, सनी के कायल हो गए फैंस

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर फैंस के बीच रिलीज से पहले ही क्रेज देखा जा रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आए तो फैंस काफी खुश हुए। बॉर्डर 2 के ट्रेलर में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स ऑफिसर के रूप में नजर आए। सभी की एक्टिंग की झलक ट्रेलर में देखने को मिली। लेकिन, फैंस को सबसे ज्यादा सनी देओल ही भाए। एक यूजर्स ने लिखा, 'सनी देओल स्क्रीन पर ईमानदारी से अभिनय करते हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सनी देओल की स्क्रीन प्रेजेंस सॉलिड है।' इसी तरह के कमेंट्स कई फैंस ने सनी देओल को लेकर किए। खास ट्रेलर में सनी देओल के कहे गए डायलॉग सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आए हैं। वहीं, कुछ लोगों को दिलजीत दोसांझ भी एयरफोर्स ऑफिसर के रोल में खूब जंचे। फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और अहान शेट्टी का अभिनय भी दर्शकों को पसंद आया। कुल मिलाकर सभी एक्टर्स, अपने-अपने किरदारों में खूब जमे हैं। फिर 'बॉर्डर' के फैंस रहे लोग, 'बॉर्डर 2' को लेकर एक्साइटेड हैं।

लाइफ Style



# भूमि वेब सीरीज में दिखेगा बेखौफ अंदाज

**मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर 'दलदल' सीरीज का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। इस क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में भूमि पेडनेकर का दमदार लुक देखकर फैंस सरप्राइज हो गए हैं।**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'दलदल' के फर्स्ट लुक पोस्टर के बाद शुक्रवार को निर्माताओं ने इसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया है। इसके टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। वेब सीरीज 'दलदल' के टीजर में भूमि पेडनेकर डीसीपी रीता फरेरा के रूप में एक क्रूर हत्यारे का पीछा करते हुए एक जोखिम भरे खेल में नजर आती हैं। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज मुंबई क्राइम ब्रांच की नवनियुक्त डीसीपी रीता फरेरा की कहानी बताती है, जिनका किरदार भूमि सतीश पेडनेकर ने निभाया है।

रीता फरेरा को एक बेरहम हत्यारे से लड़ते हुए अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। 'दलदल' सीरीज में भूमि पेडनेकर के अलावा समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'दलदल' का प्रीमियर 30 जनवरी को भारत में और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों में प्राइम वीडियो पर होगा। बेस्टसेलर किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित 'दलदल' को सुरेश त्रिवेनी ने लिखा है और विक्रम मल्होत्रा और त्रिवेनी ने प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला




# जोई सल्डाना ने तोड़ा स्कारलेट जोहानसन का रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** 'अवतार' की नेत्री और एमसीयू की गमोरा ने नया इतिहास रचा है। जी हां, इन दोनों किरदारों को निभाने वाली जोई सल्डाना अब हॉलीवुड की सबसे अधिक कमाई करने वाली एक्टर बन गई हैं। उन्होंने स्कारलेट जोहानसन को पछाड़कर यह मुकाम पाया है। 47 साल की जोई को यह उपलब्धि उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर 'अवतार: फायर एंड ऐश' के कारण मिली है। जेम्स कैमरून की इस फिल्म ने एक्ट्रेस के पूरे कॅरियर के ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कमाई को $16.8 बिलियन यानी 151530 करोड़ रुपए के पार पहुंचा दिया है। साल 1999 में 'लॉ एंड ऑर्डर' टीवी सीरज से एक्टिंग कॅरियर शुरू करने वाली जोई को अब तक 1 ऑस्कर अवॉर्ड, एक बाफ्टा अवॉर्ड, एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड, एक सीएजी अवॉर्ड और एक कान फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड मिल चुके हैं। वह 'टाइम' मैगजीन की 2023 की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में जगह बना चुकी हैं।




# 'एवेंजर्स: डूम्सडे' के लिए लाइव काउंटडाउन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** यदि आप मार्वल स्टूडियो और सुपरहीरोज के फैन हैं, तो आपको भी यूट्यूब पर स्क्रॉल करते हुए अचानक एक सरप्राइज मिला होगा! मार्वल स्टूडियो ने अपनी अगली रिलीज 'एवेंजर्स: डूम्सडे' के लिए एक लाइव काउंटडाउन शुरू किया है। अभी इस फिल्म की रिलीज में पूरे 11 महीने की दूरी है। ऐसे में मन में सवाल उठता है कि फिर इतना लंबा काउंटडाउन क्यों? यकीनन, यह एक्साइटमेंट बढ़ाने वाला है, खासकर तब जब हजारो फैंस हर दिन कुछ ना कुछ देर तक इस काउंटडाउन पर घड़ी की 'टिक-टिक' की रहस्य जगाती आवाज सुन रहे हैं। अब फैंस की थ्योरी ये है कि फिल्म का टाइटल, डूम्सडे, सिर्फ डॉक्टर डूम के बारे में नहीं है। यह मार्वल यूनिवर्स के अंत का काउंटडाउन है। असल दुनिया में, 'डूम्सडे क्लॉक' जलवायु परिवर्तन, परमाणु युद्ध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कारकों से प्रभावित होती है। इसी तरह 'एवेंजर्स: डूम्सडे' का काउंटडाउन, एमसीयू और इसके मल्टीवर्स के अंत का सूचक हो सकता है। हमने 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में इनकर्शन के बारे में सुना है।



# वीर से ब्रेकअप की खबरों के बीच पहली बार नजर आई तारा

**मुंबई।** तारा सुतारिया इन दिनों अपने ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की खबरों के बीच अब पहली बार तारा सुतारिया नजर आईं। वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक बार फिर चर्चाओं में हैं। अक्सर अपने रोमांटिक पल और अफेयर को लेकर चर्चाओं में रहने वाला ये कपल, इस बार अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चाओं में हैं। पिछले लगभग एक हफ्ते से तारा और वीर के ब्रेकअप की खबरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। इस बीच वीर अकेले नजर भी आए और उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट भी साझा की। अब ब्रेकअप की रूमर्स के बीच पहली बार तारा सुतारिया पैप्स के कैमरे में कैद हुई हैं। अपनी फर्स्ट पब्लिक अपीयरेंस में तारा अकेली ही नजर आईं, उनके साथ वीर पहाड़िया इस बार नहीं दिखे। जिसके बाद दोनों के ब्रेकअप की खबरों को और भी बल मिलता है।



# दृश्यम 3 की शूटिंग शुरू इशिता ने शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई।** अजय देवगन की ऑनस्क्रीन बेटी इशिता दत्ता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'दृश्यम 3' के बारे में जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। शुक्रवार से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इशिता दत्ता ने इंस्टाग्राम पर 'दृश्यम 3' के सेट से दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर 'दृश्यम 3' के क्लैपबोर्ड की है और दूसरी तस्वीर में इशिता अपनी वैनिटी वैन के सामने खड़ी नजर आ रही है। इन तस्वीरों के साथ इशिता ने कैप्शन में लिखा, 'क्या मुझे और कुछ कहने की जरूरत है। फिल्म 'दृश्यम 3' में पहले फिल्म के स्टार्स नजर आएंगे, जिनमें अजय देवगन, इशिता, तब्बू और श्रिया सरन मुख्य भूमिका में दिखेंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर सीरीज का तीसरा और आखिरी हिस्सा होगा, जिसके लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## राजधानी की खबरें

# 26 साल के मनचले घर में घुसकर 12 की बच्ची से की छेड़छाड़, डर के कारण मासूम ने पीया जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे में बारह साल की किशोरी से 26 साल के युवक द्वारा छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बदमाश ने तीन महीने पहले उसके घर में घुसकर उससे छेड़छाड़ की थी। दस दिन पूर्व आरोपी फिर उसके घर घुस गया और अश्लील हरकत की। पीड़िता ने की मां की नजर पड़ी तो आरोपी मौके से भाग निकला। आरोपी की हरकत से डरकर बच्ची ने अगले ही दिन सुबह घर में रखा कीटनाशक पी लिया। गनीमत रही सही समय पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे और एक सप्ताह चले इलाज के बाद उसके स्वास्थ्य में सुधार हो गया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची की काउंसलिंग कराने के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़, पाक्सो एक्ट सहित आरोपी की मदद करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### इलाज के बाद बच्ची के स्वास्थ्य में सुधार

परिजन ने बच्ची से कहा कि अभी सो जाओ सुबह देखते हैं। सुबह डर के कारण बच्ची ने जहर खा लिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां करीब एक सप्ताह चले इलाज के बाद बच्ची के स्वास्थ्य में सुधार हो गया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची की काउंसलिंग करने के बाद आरोपी आमिर खान और उसके रिश्तेदार मुन्ना बाई सहित आशा बी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी आमिर खान को गिरफ्तार कर लिया है।

### मां की नजर पड़ने पर बच्ची को छोड़ भागा आरोपी

पुलिस के अनुसार 12 साल की बच्ची बैरसिया तहसील के एक कस्बे में रहती हैं। वह महज पांचवीं कक्षा तक पढ़ी है। उसके परिवार में माता पिता और तीन भाई है। सभी मजदूरी करते हैं और थोड़ी बहुत खेती होने के कारण खेती किसानी भी करते हैं। बच्ची के घर के पास आशा बी नामक महिला रहती है। उसके घर रिश्तेदार आमिर खान का आना जाना है। आशा बी के घर आने जाने के कारण उसकी नजर बच्ची पर पड़ गई। करीब तीन महीने पहले आरोपी बच्ची के घर में घुस गया और अश्लील हरकत की। डर के कारण बच्ची ने परिजन को नहीं बताया। इससे आरोपी का मनोबल बढ़ गया और दस दिन पूर्व आरोपी रात में बच्ची के घर घुस गया। इस दौरान बच्ची की मां ने आरोपी को देखकर शोर मचाया तो आरोपी भाग निकला।

### ड्राइवर ने चलते आटो में युवती से की छेड़छाड़

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित हमीदिया से लालघाटी रोड पर आटो के ड्राइवर ने चलते आटो में युवती से छेड़छाड़ कर दी। युवती ने शोर मचाया तो आरोपी ने लोटस शोरूम के सामने आटो रोक दिया। इसके बाद युवती आटो से उतर गई। युवती के उतरने के बाद आरोपी आटो चालक तेजी से आटो लेकर फरार हो गया। युवती ने घटना की शिकायत तत्काल थाने पहुंचकर की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बीस साल की युवती सिटी मार्केट में कपड़े की दुकान पर काम करती है। गुरुवार रात वह दुकान से छूटी और हमीदिया रोड पर पहुंची। घर जाने के लिए उसने आटो किराए पर लिया। आटो ड्राइवर उसे हमीदिया से लालघाटी ले जा रहा था। इसी बीच रास्ते में उसने युवती से छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती ने शोर मचाया तो आरोपी ने लोटस शोरूम के सामने उसे आटो से उतार दिया और आटो लेकर फरार हो गया। युवती का कहना है कि वह आटो का नंबर नहीं देख सकी।

# रेत के अवैध कारोबार पर बैंकों में जमा 1.34 करोड़ किए फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवैध रेत खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में 16 ठिकानों पर छापेमारी की है। इस मामले में नागपुर और भंडारा जिलों के अलावा मध्यप्रदेश के बैतूल के दो युवकों के ठिकानों पर कार्रवाई की है और 38.43 लाख रुपए नकद जब्त किए गए हैं। इसके अलावा 1.34 करोड़ रुपए की बैंक जमा राशि फ्रीज की गई। 8 वाहन जब्त किए गए। जिनमें 1 ईओडब्ल्यू, 2 फॉर्च्यूनर, 1 थार, 2 जेसीबी और 2 पोकलेंड मशीनें शामिल हैं।

ईडी के अनुसार इस फजीवाड़े से 30 करोड़ रुपए से अधिक की आमदनी आरोपियों को हुई है। जिसकी जांच कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की नागपुर सब-जोनल इकाई की यह कार्यवाही महाराष्ट्र के नागपुर और भंडारा जिले के आस-पास स्थित रेत घाटों से अवैध रेत खनन से जुड़ी है। ईडी ने इस मामले की जांच नागपुर शहर के सदर और अंबाझरी थानों में दर्ज विभिन्न आपराधिक मामलों के आधार पर शुरू की है। इसके आरोपियों में नरेंद्र पिंपले, अमोल उर्फ गुड्डू खोरगड़े सहित अन्य शामिल हैं। जांच में सामने आया कि संगठित रेत माफिया गिरोह फर्जी और कूट रचित इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजिट परमिट के जरिए अवैध रूप से रेत की खुदाई, परिवहन और बिक्री कर रहा था, जबकि नागपुर के आसपास के रेत घाट बंद थे। इसके लिए माफिया मध्य प्रदेश के वैध रेत घाटों के नाम पर फर्जी कागजात बनाकर नागपुर में अवैध रेत की सप्लाई कर रहा था। ईडी ने खुलासा किया कि राहुल खन्ना और बाबू अग्रवाल के नेतृत्व वाला सिंडिकेट मध्य प्रदेश के वैध रेत घाटों के नाम पर फर्जी कागजात तैयार करता था जिन्हें नागपुर के रेत माफिया को 6,000 से 10,000 रुपए प्रति बेचा जाता था। ईडी के मुताबिक इस तरह से आरोपियों ने सरकार को रॉयल्टी व टैक्स में भारी नुकसान पहुंचाया।

# पति घूमने नहीं ले गया तो गर्भवती ने लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित दुलीचंद छोला रोड पर दो महीने की गर्भवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि नव विवाहिता ने मकर संक्रांति पर पति से बाहर घूमने जाने के लिए कहा था। पति ने कहा कि समय मिलने पर लेकर चलूंगा। अनुमान है कि इसी बात से दुखी होकर उसने फांसी लगाई है।

इधर, बेटी की आत्महत्या के बाद ग्वालियर से आए परिजन ने पति और ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी को सौंपी गई है।

पुलिस के अनुसार पूजा कैथोरिया (25) मूलतः ग्वालियर की रहने वाली थी। दिसंबर 2023 में उसकी शादी सौरभ कैथोरिया से हुई थी। सौरभ जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित वाइन शॉप पर काम करता है। दोनों की दूसरी शादी है। दरअसल, सौरभ की पत्नी का कोरोना कॉल में निधन हो गया था, जबकि पूजा का पति शराबी था और उसे छोड़कर चला गया। दोनों परिवार की रजामंदी से शादी हुई थी। पूजा और सौरभ की चौदह महीने की बेटी है, जबकि पूजा गर्भवती थी और उसे दो महीने का गर्भ था।

### महिला ने कमरे में खुद को कर रखा था बंद

पूजा ने पति से बाहर घूमने का कहा था, लेकिन समय नहीं होने के कारण सौरभ ने कहा था कि बाद में समय निकालकर चलेंगे। इससे नाराज पूजा बेटी के साथ कमरे में चली गई। बुधवार शाम उसने खाना भी नहीं खाया। गुरुवार दोपहर तक वह कमरे से बाहर नहीं आई। किसी तरह कमरा खोलकर परिजन अंदर पहुंचे तो पूजा फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई।

# आठ वर्षों बाद एमसीयू में पीएचडी में प्रवेश शुरू, आदेश हुआ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) द्वारा लगभग आठ वर्षों के लंबे अंतराल के बाद शोध उपाधि (पीएचडी) में प्रवेश के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। यह विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शोध के लिए इच्छुक युवाओं का इंतजार अब खत्म हो रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी विज्ञापन के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पीएचडी में प्रवेश के लिए जनसंचार, नवीन मीडिया प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग, मीडिया प्रबंधन एवं पुस्तकालय विज्ञान में प्रवेश आमंत्रित है। इन विषयों पर 80 से ज्यादा सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नवीनतम नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

# पचमढ़ी में कार्यक्रम में बदसलूकी करने पर पंचायत सचिव सस्पेंड

**भोपाल।** जिला पंचायत की ग्राम पंचायत चंदूखेड़ी के सचिव ओमप्रकाश शर्मा के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसके संबंध में शुक्रवार को सीईओ इला तिवारी ने निलंबन आदेश जारी किए हैं। जिसमें बताया गया है कि पचमढ़ी स्थित संजय गांधी युवा नेतृत्व एवं प्रशिक्षण केंद्र में तीन दिवसीय 15 से 17 जनवरी तक सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक के लिए अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत फंदा की ग्राम पंचायत चंदूखेड़ी के सचिव ओमप्रकाश शर्मा शामिल हुए थे। जिन्होंने संस्थान के कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और परिसर में अशांति का माहौल उत्पन्न किया है। उनका यह कृत्य घोर अनुशानहीनता व अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही है। इससे उन्हें निलंबित किया जाता है। सीईओ ने ग्राम पंचायत ईंटखेड़ी के सचिव तिलक सिंह को भी निलंबित किया है। सीईओ द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि सचिव द्वारा कचरा कलेक्शन का कार्य नहीं किया जा रहा है। कारण बताओ नोटिस का जवाब भी नहीं दिया। ऐसे में सचिव को निलंबित किया जाता है।

**ड्रग तस्करी के आरोप में सेंट माइकल स्कूल के संचालक की गिरफ्तारी के बाद मामला फिर सुर्खियों में आया**

# सेंट माइकल स्कूल में बच्चे से मारपीट के मामले में शुरू हो सकती है जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में ड्रग तस्करी के आरोप में गिरफ्तार सेंट माइकल स्कूल के संचालक अबान शकील द्वारा उसके ही स्कूल के एक छात्र को बेरहमी से पीटने का मामला एक फिर खुल सकता है। यह घटना करीब एक साल पुरानी बताई जा रही है।

विभागीय सूत्रों के अनुसार, मामले में छात्र के परिजन ने जिला शिक्षा अधिकारी को इसकी शिकायत की थी। साथ ही छात्र को आई चोट का वीडियो भी जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपे गए थे। जिसके बाद जांच समिति बनाई गई थी, लेकिन यह पूरी जांच को ठंडे बस्ते में डाल दी गई थी। वहीं सूत्रों की माने तो बाद में अबान और शिकायतकर्ता छात्र के परिजनों के बीच राजीनामा हो गया था। इसके पहले आरोप लगाए गए थे कि जनवरी महीने में उसने अपने स्कूल में पढ़ने वाले 11वीं के छात्र को इतना पीटा कि उसके दोनों पैरों की चमड़ी निकल गई थी। छात्र का कहना है कि टीचर ने उसके पैरों पर फुटबॉल के शूट की तरह मारा। लगातार लात मारी। घटना 9 जनवरी 2025 की सुबह 8:30 बजे की थी।

### शिकायत आई है तो जांच कराई जाएंगी

इस प्रकार की कोई शिकायत आई थी, यह अभी तत्काल ध्यान में नहीं है। मैं अभी बाहर से आया हूं। हम मामले को दिखवाते है। ऐसी कोई शिकायत है तो उसकी जांच कराएंगे और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**एनके अहिरवार, डीईओ, भोपाल**

# चैक बाउंस मामले के आरोपी बिल्डर को एक वर्ष का कारावास

**भोपाल।** कृष्णा बिल्डर्स एंड डेवलपर्स भोपाल के प्रोपराईटर सुनील टिबड़ेवाल आयु- 57 वर्ष निवासी कोलार रोड भोपाल को 1,50,000 रुपए के चेक बाउंस के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गुंजन शर्मा ने ठहराते हुए एक वर्ष के कारावास और 2,64000 रूपए की प्रतिकर राशि की सजा सुनाई है। परिवादी बलराम सिंह निवासी नेहरू ने डुप्लेक्स खरीदने के लिए आरोपी को 1,50,000/- रूपए एडवांस में दिए थे। लेकिन आरोपी ने डुप्लेक्स नहीं दिया।

# अंडर-19 वर्ल्ड कप: मजबूत शुरुआत के बाद आज बांग्लादेश के खिलाफ भारत दिखाएगा दम

एजेंसी ▶▶| बुलावायो

पहले मैच में आत्मविश्वास से भरी जीत हासिल करने के बाद भारतीय टीम शनिवार 17 जनवरी को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश की कड़ी चुनौती के बावजूद जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी।

पांच बार की चैंपियन भारत ने बारिश से प्रभावित मैच में अमेरिका को केवल 107 रन पर आउट करके छह विकेट से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कई स्टार खिलाड़ी शामिल हैं। उसके बल्लेबाज बांग्लादेश के खिलाफ क्रीज पर लंबा समय बिताने की उम्मीद करेंगे क्योंकि अमेरिका के खिलाफ उन्हें खेलने का पर्याप्त मौका नहीं मिला।

### भारत के पास तेज गेंदबाजी के अच्छे विकल्प

बांग्लादेश को कमजोर नहीं आंका जा सकता है और उसकी टीम आयुष म्हात्रे के नेतृत्व वाली टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकती है। म्हात्रे और 14 वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी एक बार फिर उप कप्तान विहान मल्होत्रा, ऑलराउंडर आरोन जॉर्ज और वेदांत त्रिवेदी और विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू के साथ मिलकर बल्लेबाजी विभाग का जिम्मा संभालेंगे। दीपेश, आरएस अंबरीश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह और उद्धव मोहन के रूप में टीम के पास तेज गेंदबाजी के अच्छे विकल्प हैं, जबकि कनिष्क चौहान, खिलन पटेल और मोहम्मद एनान जैसे खिलाड़ी स्पिन विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह टूर्नामेंट 1988 में शुरू हुआ था और भारतीय टीम ने इसमें अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

**भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कई स्टार खिलाड़ी, दोपहर 1 बजे से मुकाबला**



### अजीजुल हकीम के नेतृत्व क्षमता की परीक्षा

जहां तक बांग्लादेश की बात है तो उसके पास कप्तान अजीजुल हकीम के रूप में अनुभवी खिलाड़ी हैं। जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में उनके नेतृत्व क्षमता की भी परीक्षा होगी। हकीम उप कप्तान ज़ावद अबरार के साथ बांग्लादेश की बल्लेबाजी की अगुवाई करेंगे। अंडर-19 स्तर पर दोनों बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 2024 में खेले गए पिछले टूर्नामेंट के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। बांग्लादेश के पास एक अन्य बल्लेबाज कलाम सिद्दीकी भी है, जिन्होंने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है।

### बांग्लादेश की गेंदबाजी मजबूत

बांग्लादेश के पास मजबूत गेंदबाजी आक्रमण भी है। उसके तेज गेंदबाज इकबाल हुसैन और अल फहद को जिम्बाब्वे की तेज गेंदबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में भरपूर सहयोग मिलने की उम्मीद है। इन दोनों गेंदबाज ने पिछले अंडर-19 विश्व कप के बाद से क्रमशः 45 और 43 विकेट लिए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर समीउन बसीर भी उनसे कुछ ही पीछे हैं। उन्होंने इस अवधि में 29 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनमी रेट चार से कम है।

### टीमें इस प्रकार

**भारत**: आयुष म्हात्रे (कप्तान), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, डी दीपेश, मोहम्मद एनान, एरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, किशन कुमार सिंह, विहान मल्होत्रा, उधव मोहन, हेनिल पटेल, खिलन ए पटेल, हरवंश सिंह, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी।

**बांग्लादेश** : अजीजुल हकीम तमीम (कप्तान), जवाद अबरार, समिउन बसीर रतुल, शेख परवेज जिबोन, रिज़ान होसन, शहरिया अल अमीन, शादीन इस्लाम, मोहम्मद अब्दुल्ला, फरीद हसन फैसल, कलाम सिद्दीकी अलीन, रिफत बेग, साद इस्लाम रजिन, अल फहद, शहरयार अहमद, इकबाल हुसैन।

## खबर संक्षेप



### सोनी ओपन में येल्लामाराजू और राय का अच्छा प्रदर्शन

**होनोलूलू।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर सहित थीगला ने 2026 के पीजीए टूर में अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की और वह सोनी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 73 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 104वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के कनाडाई खिलाड़ी सुदर्शन येल्लामाराजू ने हालांकि अपने राउंड की शुरुआत डबल बोगी से करने के बावजूद तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया। उन्होंने पांच बर्डी लगाईं, एक डबल बोगी और दो बोगी की तथा नौवें होल पर ईगल के साथ अपना खेल समाप्त किया। वह संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के ब्रिटिश खिलाड़ी आरोन राय भी संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। उन्होंने भी तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया। मौजूदा चैंपियन निक टेलर ने आठ अंडर 62 का स्कोर बनाकर केविन रॉय के साथ शुरुआती बढ़त साझा की है।

### बांग्लादेशी खिलाड़ियों का बहिष्कार खत्म

**ढाका।** बांग्लादेश के नाराज क्रिकेटरों ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों के कल्याण संघ के बीच सहमति बनने के बाद खेल के व्यापक हित




को ध्यान में रखते हुए बहिष्कार खत्म कर दिया, जिससे शुक्रवार से बीपीएल टी20 के मैच फिर से शुरु हो गए। सीनियर खिलाड़ियों ने बीसीबी निदेशक नजमुल इस्लाम की उनके खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में बगावत कर दी थी, जिससे बोर्ड की शीर्ष टी20 लीग के ठप होने का खतरा पैदा हो गया था। बीसीबी ने स्थिति संभालने के लिए नजमुल को अपनी वित्त समिति के प्रमुख पद से हटा दिया, जिससे हालात कुछ हद तक नियंत्रण में आए। 'क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश' (सीडब्ल्यूएबी) के अध्यक्ष मोहम्मद मिथुन ने कहा कि खिलाड़ियों के हित के लिए उन्हें कुछ बातों पर समझौता करना पड़ा।

### चेन्नई सिंघम्स की लगातार दूसरी जीत, राइजर्स को हराया



**सूरत।** चेन्नई सिंघम्स ने फाल्कन राइजर्स हैदराबाद को 38 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की, जिससे उसकी टीम इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। चेन्नई सिंघम्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में दो विकेट पर 118 रन बनाए, जो वर्तमान सत्र में किसी टीम का सर्वाधिक स्कोर है। उसकी तरफ से उप कप्तान केतन म्हात्रे ने 54 और जगन्नाथ सरकार ने 37 रन बनाए। इसके जवाब में फाल्कन राइजर्स हैदराबाद की टीम सात विकेट पर 80 रन ही बना पाई।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा और अंतिम वनडे कल दोपहर 12.30 बजे से**

# निर्णायक मुकाबले में कुलदीप की फिरकी पर टिकी भारत की उम्मीदें

एजेंसी ▶▶| इंदौर

भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले तीसरे और निर्णायक एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए अपने गेंदबाजी संयोजन पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है, क्योंकि पहले दो मैचों में उसके स्पिन गेंदबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए जबकि उसके बल्लेबाजों को कीवी टीम के धीमी गति के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए देखा गया। राजकोट में खेले गए दूसरे वनडे मैच में न्यूजीलैंड ने आसानी से जीत हासिल कर श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली, जिसमें भारत की बीच के ओवरों की कमजोरियां उजागर हो गईं।

### न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर नियंत्रण नहीं बना सके कुलदीप

इनमें सबसे अधिक संघर्ष कुलदीप यादव को करना पड़ा, जो न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के सामने ना तो नियंत्रण बना सके और ना ही विकेट लेने का खतरा पैदा कर सके। इस मैच में शतक लगाने वाले डैरिल मिचेल ने उनकी गेंदों पर आसानी से रन बटोरे। कुलदीप की 'लेंथ और लाइन' दोनों पर हमला किया गया, जिसमें विशेष रूप से मिचेल ने अपने पैरों का अच्छा इस्तेमाल करते हुए गेंद के टर्न को बेअसर किया और बीच के ओवरों में भारतीय रणनीति को नाकाम कर दिया। कीवी बल्लेबाजों ने उनकी गेंदों को बहुत प्रभावी ढंग से स्वीप किया। यह रणनीति उनके लिए टेस्ट मैचों में भी कारगर साबित हुई थी। भारत के स्पिनर बल्लेबाजों पर लगातार दबाव नहीं बना पाए।



### कुलदीप को रखना होगा गेंद को सपाट

इसके विपरीत न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। इंदौर का मैदान अपनी छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजी के अनुकूल पिचों के लिए जाना जाता है। इसलिए यहां विविधता के बजाय अनुशासित गेंदबाजी करना अधिक महत्व रखता है। भारत के गेंदबाजों विशेषकर कुलदीप को गेंद को अधिक सपाट रखना होगा, स्टंप्स पर आक्रमण करना होगा और मैदान के बड़े हिस्सों का पूरी चतुराई के साथ इस्तेमाल करना होगा। ऐसी पिच पर जहां गलत शॉट भी अक्सर छक्के में तब्दील हो जाते हैं, वहां लेंथ को नियंत्रित करना और चौके लगाने के विकल्पों को कम करना महतहोगा।

### भारत को करना होगा तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत

टीम प्रबंधन स्पिन गेंदबाजी से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने पर भी विचार कर सकता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मौका दिया जाता है या नहीं। अगर अर्शदीप सिंह को टीम में दिया जाता है तो प्रसिद्ध कृष्णा को बाहर होना पड़ेगा लेकिन पिछले दो मैच में उनका प्रदर्शन खराब नहीं रहा है। प्रसिद्ध की गेंदबाजी की लेंथ उनके खिलाफ जा सकती है। उनकी स्वाभाविक लेंथ बैक ऑफ द लेंथ है, जिसका फायदा छोटे मैदानों पर उठाया जा सकता है, जबकि अर्शदीप अपनी फुल लेंथ गेंदबाजी से होलकर स्टेडियम में अधिक कारगर साबित हो सकते हैं।

### सिराज करेंगे गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई

मोहम्मद सिराज निश्चित रूप से गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जबकि अंतिम संयोजन इस पर निर्भर कर सकता है कि क्या भारत एकमात्र स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा मौजूदगी में एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज का विकल्प चुनता है या नहीं। जहां तक बल्लेबाजी का सवाल है तो भारत के मुख्य बल्लेबाजों में किसी तरह के बदलाव की संभावना नहीं है। कप्तान शुभमन गिल, रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर भारतीय टीम की रणनीति के केंद्र में बने हुए हैं। भारत को अगर श्रृंखला अपने नाम करनी है तो उसे तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### होलकर स्टेडियम में भारत का रिकॉर्ड अच्छा

होलकर स्टेडियम में हालांकि भारत का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। होलकर स्टेडियम में उसने अपने पिछले सभी पांच मैच जीते हैं। भारत ने यहां इंग्लैंड (2006, 2008), वेस्टइंडीज (2011), दक्षिण अफ्रीका (2015) और ऑस्ट्रेलिया (2017) को हराया है। भारतीय टीम ने शुक्रवार को अभ्यास नहीं किया, जबकि न्यूजीलैंड की टीम ने वैकल्पिक सत्र होने के बावजूद जमकर पसीना बहाया।

**न्यूजीलैंड में चुनौती**

# दिव्यांग तैराक सत्येंद्र लोहिया ने दिल्ली में की मुख्यमंत्री से भेंट



**टीम को सीएम डॉ. यादव ने दीं शुभकामनाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पद्मश्री से सम्मानित, विक्रम अवॉर्डी एवं अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग तैराक सत्येंद्र सिंह लोहिया एवं उनकी टीम को दिल्ली स्थित आवास पर आगामी अंतरराष्ट्रीय समुद्री तैराकी चुनौती के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस बार भी टीम एक नया कीर्तिमान स्थापित कर मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाएगी। सीएम से इस मुलाकात के बाद तैराक लोहिया अपनी टीम के साथ नई दिल्ली से न्यूज़ीलैंड के लिए प्रस्थान कर चुके हैं, जहां वे 26 जनवरी को आयोजित होने वाली विश्वस्तरीय 36 किलोमीटर लंबी कुक स्ट्रेट समुद्री तैराकी चुनौती में भाग लेंगे। टीम में मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के एक अन्य दिव्यांग खिलाड़ी भी शामिल हैं। साथ ही सद्दाम खान भी इस अंतरराष्ट्रीय समुद्री तैराकी अभियान का हिस्सा हैं। टीम के कोच मुजीब द्वारा न्यूज़ीलैंड में प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।


### लोहिया जैसे खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगे के साथ पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सत्येंद्र सिंह लोहिया ने इससे पूर्व इंग्लिश चैनल जैसी अत्यंत कठिन अंतरराष्ट्रीय समुद्री तैराकी चुनौतियों को सफलतापूर्वक पार कर प्रदेश और देश का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोहिया जैसे खिलाड़ी दिव्यांगजनों की असीम क्षमता, साहस और आत्मबल के प्रतीक हैं तथा युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

**ऑकलैंड ओपन**

# बाएज और मेनसिक में खिताबी मुकाबला, शेल्टन हुए बाहर





एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर के खिलाड़ी और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट ऑकलैंड ओपन के दो दिन तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा।

शेल्टन अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज से 7-5, 6-3 से हार गए, जो गैरवरीयता प्राप्त हैं और विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर हैं। बाएज ने शुक्रवार को बाद में हुए सेमीफाइनल में अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी मार्कोस गिरोन को 6-1, 6-4 से हराया। बारिश के कारण खेल बाधित होने की वजह से तीन क्वार्टरफाइनल और दोनों सेमीफाइनल एक ही दिन खेले गए।

फाइनल में बाएज का मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त याकूब मेनसिक से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में फैबियन मारोज़सन को 7-6 (9), 4-6, 6-1 से हराया। मारोज़सन ने पहले दौर में मौजूदा चैंपियन गेल मोनफिल्स और दूसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को हराया था।

### आरएनटीयू की बैडमिंटन पुरुष टीम केएल यूनिवर्सिटी विजयवाड़ा पहुंची

*भोपाल। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन (पुरुष वर्ग) टूर्नामेंट में भाग लेने रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) की बैडमिंटन टीम के एल*



*यूनिवर्सिटी विजयवाड़ा पहुंच गई है। टीम में बतौर कोच आशीष अर्गल और मैनेजर सुमित कुमार सिंह की अगुवाई में टीम खिताबी मुकाबले में दावेदारी पेश करेगी। यह टूर्नामेंट 17 से 21 जनवरी तक आयोजित होगा। ज्ञात हो कि हाल ही में आरएनटीयू की बैडमिंटन टीम ने वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट में सेकेंड रनर-अप का स्थान प्राप्त किया था। इस शानदार प्रदर्शन के साथ ही आरएनटीयू की टीम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई किया था। पुरुष टीम में मृदुल भिरयानी बीबीए द्वितीय वर्ष, अगद बवेजा बीबीए द्वितीय वर्ष, अस्मित श्रीवास्तव बीबीए द्वितीय वर्ष, आशय कर्दे बीए तृतीय वर्ष, विनय शर्मा बीकॉम तृतीय वर्ष, यशपाल यादव बीपीईएस तृतीय वर्ष, उज्जवल गोयल बीपीईएस प्रथम वर्ष मजबूत दावेदारी पेश करेंगे।*

# 5वीं राष्ट्रीय गोलबॉल चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश महिला टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

पटना के पाटलिपुत्र स्थित इंडोर स्टेडियम में 11 से 13 जनवरी तक आयोजित 5वीं राष्ट्रीय गोलबॉल चैंपियनशिप में मप्र की महिला एवं पुरुष समेत देशभर से कुल 11 टीमों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में मप्र टीम ने ग्रुप 'बी' से राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। ग्रुप बी में मध्य प्रदेश का मुकाबला हरियाणा और पश्चिम बंगाल से हुआ, जिसमें टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए। पश्चिम बंगाल को 13–2 से पराजित किया, वहीं हरियाणा को 8-2 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में 13-4 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। फाइनल में टीम ने



महाराष्ट्र को 12–3 से हराकर राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया। कप्तानी दीपिका पटेल ने की। टीम में ज्योति रघुवंशी, खुशी प्रजापति, सलोनी प्रजापति, चायना जाटव और मेघा कुशवाहा शामिल रहीं। टीम के कोच संदीप मंडल एवं मैनेजर शिवानी साहू रहीं। मप्र ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसो अध्यक्ष संदीप देशमुख, महासचिव मोहम्मद शाहिद, कपिल यादव, संदीप जैन, मंजूर बेग, अनुभूति संस्था की सेक्रेट्री चंचल सालरिया ने टीम को बधाई दी।

**आज पहले मैच में सिंदारोव से भिड़ेंगे गुकेश**

# टाटा स्टील मास्टर्स : भारतीय खिलाड़ियों की कड़ी परीक्षा

एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी

विश्व चैंपियन गुकेश 2025 की अपनी असफलताओं को पीछे छोड़कर शनिवार 17 जनवरी से शुरू होने वाले टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में नई शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे, जहां पहले दौर में उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव से होगा।

टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज प्रतिष्ठित टूर्नामेंट विश्व के सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक है। इसकी शुरुआत 1938 से हुई थी और 2011 से इसका आयोजन टाटा स्टील के बैनर तले किया जा रहा है। भारतीय खिलाड़ियों को इस बार टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती



का सामना करना पड़ेगा। गुकेश ने 2024 में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। वह टाटा स्टील टूर्नामेंट में पिछली बार हमवतन आर प्रज्ञानानंदा से टाइब्रेक में हार कर दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार वह खिताब जीतने के लिए किसी भी तरह से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे।

### प्रज्ञाननंदा का प्रदर्शन अपेक्षित नहीं

मौजूदा चैंपियन प्रज्ञाननंदा एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने मार्च-अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर ली है। लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अपेक्षित नहीं रहा है। इस प्रतियोगिता के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी हैं, जो कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे, लेकिन 2025 के आखिर तक वह भारतीय खिलाड़ियों में रैंकिंग में शीर्ष पर बने रहे। अर्जुन का लक्ष्य यहां अच्छा प्रदर्शन करके रैंकिंग में अपनी स्थिति को और मजबूत करना होगा।

### चिदंबरम का सामना ब्लूबाउम से

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम हैं, जो अपने करियर के सबसे मुश्किल टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। प्रज्ञाननंदा पहले मैच में अर्जुन से भिड़ेंगे जबकि चिदंबरम का सामना जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम से होगा। भारतीय खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट में नीदरलैंड के अनीश गिरी, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और जर्मनी के विन्सेंट कीमर जैसे खिलाड़ियों से कड़ी चुनौती मिलेगी। इस बार टूर्नामेंट में नई समय नियंत्रण प्रणाली लागू की गई है, जिसके तहत खिलाड़ियों को 40 चालें चलने तक कोई अतिरिक्त समय नहीं मिलेगा।

# शिशिर द्विवेदी भोपाल लाल परेड ओपन बैडमिंटन के चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिशिर द्विवेदी ने शिवांश गुर्जर को पराजित कर भोपाल लाल परेड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट जीत लिया। वहीं संदीप नियोगी ने दोहरी सफलता अर्जित की। प्रतियोगिता बीडीबीए के तत्वावधान में लाल परेड ग्राउंड स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित की गई। पुलिस जिम्नेज़यिम हॉल, जहांगीराबाद में गुरुवार देर रात खेले गए पुरुष एकल के ख़िताबी मुकाबले में शिशिर ने पहला गेम 21-15 से जीता। दूसरा गेम शिवांश ने 21-16 से अपने पक्ष में कर स्कोर 1-1 कर दिया। निर्णायक गेम में शिशिर ने आक्रमक खेल खेलकर 21-13 से गेम व ख़िताब जीत लिया। 72 वर्षीय गुरुबख्श सिंह जुनेजा ने 70 वर्षीय साथी एमके डे के साथ मिलकर अनिल शर्मा-एनपी जायसवाल की जोड़ी को हराकर 65 वर्ष युगल में खिताबी जीत दर्ज की।



पदकों के साथ विजेता।

## मेरी भी खेलों में असीम दिलचस्पी: डीजीपी मकवाणा

मप्र के डीजीपी कैलाश मकवाणा के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार वितरण हुआ। मकवाना ने कहा कि उन्हें भी खेलों में असीम दिलचस्पी है, वे भी कई खेलों में हिस्सा लेते रहे हैं। समारोह में सेनि एडीजी विपिन माहेश्वरी, डीजी (रेल) रवि गुप्ता, शैलेन्द्र चौहान, चंचल शेखर, राकेश गुप्ता, हितेश चौधरी विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित थे।

## सभी फाइनल के रहे ये परिणाम

- पुरुष युगल-ऋषिक वर्मा-राहुल चौहान विवि चिराग खान-करण यादव
- पुरुष एकल 35- संदीप नियोगी विवि हेमंत गीते 21-14, 21-12
- पुरुष युगल 35- संदीप नियोगी-विजेंद्र सिंह विवि अंकित-हेमंत गीते 18-21, 21-21-13, 21-12
- पुरुष एकल 40- प्रवीण बराठे विवि शिवराज ठाकुर 21-17, 20-22, 21-19
- पुरुष युगल 40- मनीष नहारे-रविन्द्र चावला विवि रोहित सोनी-विजेंद्र सिंह 23-21, 21-13
- पुरुष एकल 50- सुधीर खरे विवि दिनेश नागिया 9-21, 21-17, 21-1
- पुरुष युगल 55- राजेश गुप्ता-राजीव सक्सेना विवि परेश अग्रवाल-चंद्रशेखर अग्रवाल 21-13, 21-14
- पुरुष एकल 60- राजीव शुक्ला विवि लक्ष्मी नारायण नंदीराजू 21-18, 21-17
- पुरुष युगल 60- डॉ शैलेन्द्र बागरे-विवेक तत्ववादी विवि राकेश जोशी-शैलेन्द्र सिन्हा 15-21, 21-17, 21-15

# पत्रिका ने जागरण को, डीजीपी-11 ने स्पार्टन को हराया

**भोपाल।** पत्रिका ने 31वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में दैनिक जागरण को 46 रन से शिकस्त देकर तीन मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। वहीं अन्य मैच में डीजीपी-11 ने स्पार्टन को 76 रन से करारी शिकस्त दी। डीजीपी-11 की यह लगातार तीसरी जीत है। ओल्ड कैंपियन मैदान पर शुक्रवार को पत्रिका ने 20 ओवर के खेल में आठ विकेट गंवाकर 153 रन बनाए। जवाब में दैनिक जागरण की टीम 107 रन पर सिमट गई। इधर, बाबेअली मैदान पर डीजीपी-11 ने 7 विकेट पर 172 रन का बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में स्पार्टन-11 सिर्फ 96 रन पर सिमट गई और यह मुकाबला 76 रन से हार गई।




एलएनसीटी एआईयू वेस्ट जोन हॉकी प्रतियोगिता

# बीयू, एनएनआईपीई, आरएनटीयू और एसपीयू अंतिम चार में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेजर ध्यानचंद मैदान पर खेली जा रही वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हाकी प्रतियोगिता में शुक्रवार को बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी भोपाल, एनएनआइपीई ग्वालियर, आरएनटीयू भोपाल और एसपीयू पुणे की टीमों ने अंतिम चार में अपना सुनिश्चित कर लिया है।

प्रतियोगिताा के पांचवें दिन प्री-क्वार्टर फाइनल के मुकाबले खेले गए। पूल ए में बीयू ने यूनिवर्सिटी आफ कोटा को 5–2 से पराजित कर अंतिम चार में स्थान पक्का किया। पूल बी में एलएनआईपीई ने यूनिवर्सिटी आफ मुंबई पर 2-0 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पूल सी में आरएनटीयू ने डीएवीवी इंदौर को 5–1 से, पूल डी में सुरेश ज्ञान विहार विवि, राजस्थान की टीम अनुपस्थित रहने के कारण सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय ने अपने पूल में शीर्ष स्थान प्राप्त कर अंतिम चार में प्रवेश किया।


शॉट लगाते खिलाड़ी।




## कुश्ती के लिए आज सिलेक्शन ट्रायल

**भोपाल।** खेलो एमपी यूथ गेम्स में कुश्ती खिलाड़ियों के लिए बालक फ्री-स्टाइल एवं ग्रीको रोमन, बालिका फ्री-स्टाइल के 10-10 वज़न वर्ग समेत 30 वज़न वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। संघ के शाकिर नूर ने बताया कि भोपाल रायसेन विदिशा के ब्लॉक स्तरीय चयनित कुश्ती खिलाड़ी अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल भोपाल में 17 जनवरी शनिवार को प्रातः 9 बजे उपस्थित हों। पहलवानों के वज़न प्रातः 10बजे से एवं कुश्ती 12 से शुरू की जाएगी।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930